सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:20

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 26.1 अधि |
| धर्मशाला | 19.9 न्यू | 29.6 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80519.34 |
| निफ्टी | 24502.15 |
| सोना | 72,030 |
| चांदी | 99,990 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



मुख्यमंत्री सुक्खू ने बिलासपुर की जनता को दी करोड़ों की सौगात

पृष्ठ 2 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 15 जुलाई, 2024 | 32 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 208, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- रोहड़ू से मेरा पारिवारिक रिश्ता : विक्रमादित्य सिंह -पेज 3
- भविष्य में भी उठाता रहूंगा पौंग बांध विस्थापितों के मुद्दे : संजय -पेज 4
- छात्रों के साथ शिक्षक भी नजदीकी स्कूलों में हो शिफ्ट -पेज 9
- जिला कुल्लू की अवनीजा वत्स ने जीता कांस्य पदक -पेज 13
- 15 दिन में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन -पेज 14


# पुरी में 46 साल बाद खुला भगवान जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

**एजेंसी, पुरी**

**ओडिशा** के पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को 46 साल बाद रविवार को खोला गया, ताकि आभूषणों और अन्य मूल्यवान सामानों की लिस्ट बनाई जा सके। रत्न भंडार आखिरी बार 1978 में खोला गया था।

**आखिरी बार 1978 में खोला था रत्न भंडार**

पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा कि हमने श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम के अनुसार, सरकार के जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन किया। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि, एएसआई के अधिकारी, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि और 4 सेवादारों समेत 11 लोग मौजूद रहे।

ओडिशा हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता वाली विशेष समिति के सदस्य सौमेंद्र मुदुली ने कहा था कि राज्य सरकार की गठित 16 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने 14 जुलाई को रत्न भंडार को फिर से खोलने की सिफारिश की है। पारंपरिक पोशाक के साथ हम सबसे पहले मंदिर के अंदर भगवान लोकनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे। रत्न भंडार के अंदर एक संरक्षक सांप होने की अफवाहों पर दास महापात्र ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई अड़चन नहीं है। वहीं, जगन्नाथ मंदिर के बाहर आरएएफ कर्मी तैनात किए गए हैं।



पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा का कहना है कि सब कुछ मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार किया गया। ओडिशा सरकार ने शनिवार को रत्न भंडार को खोलने की मंजूरी दे दी थी, ताकि वहां संग्रहित आभूषणों सहित कीमती वस्तुओं की सूची बनाई जा सके।

### स्नेक हेल्पलाइन व मेडिकल टीम रही मौजूद

**यहां** सांपों की मौजूदगी की आशंका को लेकर स्नेक हेल्पलाइन के साथ ही मेडिकल टीम भी मौजूद रही। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि दुनियाभर में रह रहे भगवान जगन्नाथ के भक्तों को काफी समय से इस पल का इंतजार था। आभूषणों की क्वालिटी की जांच होगी और कीमती सामानों का वजन किया जाएगा।

### दो भागों में बंटा है रत्न भंडार

1. भीतरी भंडार ● 2. बाहरी भंडार

**बाहरी** भंडार में भगवान को पहनाए जाने वाले जेवरात रखे जाते हैं। वहीं, जो जेवरात उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, उन्हें भीतरी भंडार में रखा जाता है। रत्न भंडार का बाहरी हिस्सा अभी भी खुला है, लेकिन भीतरी भंडार की चाबी पिछले छह साल से गायब है।

### कब-कब खुल चुका है

**मंदिर** प्रबंधन समिति के प्रमुख अरविंद पाढी ने बताया कि इससे पहले रत्न भंडार 1905, 1926 और 1978 में खोला गया था। इसके बाद रत्न भंडार कभी नहीं खुला और उसकी चाबी भी गायब है।

- ताला खोलने से पहले हुई वीडियो रिकॉर्डिंग
- आरबीआई अधिकारी रहे मौजूद

### तीन देवताओं के रखे हैं बेशकीमती गहने

**चार** धामों में से एक जगन्नाथ मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में हुआ था। इस मंदिर में एक रत्न भंडार है। कहा जाता है कि इसी रत्न भंडार में तीनों देवताओं जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के गहने रखे गए हैं। कई राजाओं और भक्तों ने भगवान को जेवरात चढ़ाए थे। उन सभी को रत्न भंडार में रखा जाता है। इस रत्न भंडार में मौजूद जेवरात की कीमत बेशकीमती बताई जाती है। आज तक इसका मूल्यांकन नहीं किया गया है। यह ऐतिहासिक भंडार जगन्नाथ मंदिर के जगमोहन के उत्तरी किनारे पर है। बता दें, पुरी श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1952 के तहत तैयार किए गए अधिकारों के रिकॉर्ड में भगवान जगन्नाथ के आभूषणों की एक सूची शामिल है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### भाजपा दिसंबर तक करेगी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** भाजपा इस साल दिसंबर तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी। इस पद के लिए चुनाव प्रक्रिया पहली अगस्त से शुरू होगी। पहली नवंबर से 15 नवंबर तक मंडल (लोकल यूनिट) के अध्यक्षों के लिए चुनाव होगा। इसके बाद 16 नवंबर से 30 नवंबर तक जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया था। लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है, इसलिए भाजपा अब नए अध्यक्ष की तलाश में है।

### आर्मस्ट्रांग हत्याकांड का 1 आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रदेशाध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या का मुख्य आरोपी रविवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। 30 साल का आरोपी तिरुवेंगदम आर्मस्ट्रांग मर्डर केस में गिरफ्तार 11 संदिग्धों में शामिल था। तिरुवेंगदम ने सुबह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की। इस दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई।

### हथियारों के साथ आतंकी लांडा के 5 गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** जालंधर पुलिस ने कनाडा में छिपे आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के 5 और गुर्गों को हथियारों सहित काबू किया है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक इस गिरोह के 13 लोग काबू किए जा चुके हैं। आरोपी कई जिलों में हत्या, जबरन वसूली और कई जघन्य अपराधों में शामिल हैं।

### नीट परीक्षा मामले ट्रांसफर करने को याचिकाएं दायर

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष नीट-यूजी पेपर लीक से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए नई याचिकाएं दायर की हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी वाद सूची के अनुसार, इस मामले पर 15 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सुनवाई करेगी, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

### बर्मिंघम में गोलीबारी सात लोगों की मौत

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम में दो जगह हुई गोलीबारी में तीन महिलाओं, एक बच्चे सहित 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में बर्मिंघम के नाइट क्लब में शनिवार देर रात गोलीबारी हुई, जिसमें चार लोगों की मौत, जबकि 9 लोग जख्मी हुए हैं। वहीं, शहर के एक घर के बाहर हुई गोलीबारी में छोटे बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हुई है।

# कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी किए ढेर

## सेना के जवानों ने रोकने पर हुई गोलीबारी, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** में आतंकी अपने नापाक मंसूबों को कायम करने की फिराक में हैं। इसके मद्देनजर रविवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश की गई। सुरक्षबलों ने इस कोशिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकियों को मार गिराया। इनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, घुसपैठियों के एक समूह को सेना के जवानों ने रोकने की कोशिश की, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। वहीं, देर शाम तक ऑपरेशन जारी रहा। इससे पहले वीरवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सेना ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। संदिग्ध आतंकवादियों का एक समूह रात के वक्त भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था, लेकिन नाकाम होने के बाद उल्टे पांव भागना पड़ा। कठुआ में गत सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं और लोगों से अपने इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों की कोई भी जानकारी साझा करने को कहा है। (अनंत ज्ञान)



### मणिपुर में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला, सीआरपीएफ जवान शहीद

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग में सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने रविवार को हमला कर दिया। इस हमले में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया।

पुलिस का एक अधिकारी भी घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि मोंगबुंग में कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाके से गोलीबारी की। गोली सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा के सिर पर लगी। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है।

# अमेरिका में ट्रंप पर जानलेवा हमला, कान में लगी गोली, फायरिंग करने वाला ढेर

## पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली के दौरान की गई फायरिंग

**एजेंसी, शिकागो**

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली के दौरान फायरिंग की गई। ट्रंप के दाएं कान पर गोली लगी है। ट्रंप सुरक्षित हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वहीं, अमेरिका की 'सीक्रेट सर्विस' के एक कर्मी ने हमलावर को मार गिराया है।

गोलीबारी में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हुई है। दो गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे की है। जब ट्रंप मंच पर आए और बोलना शुरू किया तो फायरिंग शुरू कर दी। ट्रंप दाएं हाथ कान पर रखते हैं और झुक जाते हैं। इस बीच सुरक्षागार्ड घेरा बना लेते हैं। ट्रंप खड़े होते हैं। कान और खून से सने चेहरे के साथ दाईं मुट्ठी भींचते हुए कुछ कहने की कोशिश करते हैं। फिर गार्ड उन्हें घेरे में लेते हुए कार में लेकर निकल जाते हैं।

पेनसिल्वेनिया पुलिस ने बताया कि ट्रंप पर करीब 400 फीट दूर मौजूद इमारत की छत से फायरिंग की गई। एआर-15 राइफल से 8 राउंड गोलियां चलाई गईं। पहले राउंड में 3 और दूसरे राउंड में 5 गोलियां चलीं। पुलिस ने कहा कि शूटर थॉमस क्रूक्स मारा गया है। उसकी उम्र 20 साल थी।

**गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, दो गंभीर रूप से घायल**



ट्रंप को गोली लगने के बाद सुरक्षा घेरे में लेते सीक्रेट सर्विस के जवान।

### अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं : बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन ने पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की निंदा की है। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

### दोस्त पर हमले से चिंतित हूं : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान हुए हमले पर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह अपने 'दोस्त' डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर काफी चिंतित हैं। मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

# हिमाचल में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**प्रदेशभर** में 16 और 17 जुलाई को भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 19 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

**प्रदेशभर में अभी भी 8 सड़कें बंद**



वहीं, बारिश के चलते अभी को भी 8 सड़कें बंद रहीं। वहीं, मौसम विभाग ने प्रदेश में तेज हवाओं और बारिश के कारण बागानों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान और निचले इलाकों में जलभराव को लेकर चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग शिमला के अनुसार 24 घंटे में बैजनाथ में 32 मिमी बारिश हुई है, जबकि धर्मशाला में 22.6 मिमी, जुब्बड़हट्टी में 21.5 मिमी, मनाली में 20 मिमी, कांगड़ा में 19.2 मिमी, जोगिंद्रनगर में 19 मिमी, सलौनी में 18.3 मिमी, पंडोह में 15.5 मिमी, पालमपुर में 14.4 मिमी, पच्छाद में 12 मिमी, सुजानपुर में 11.5 मिमी और घमटूर में 10.4 मिमी बारिश हुई है। वहीं, केलांग में न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

# गौरव गोगोई लोकसभा में होंगे कांग्रेस के उपनेता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। इस संबंध में कांग्रेस ने अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भेजा है।



**मुख्य सचेतक और दो सचेतक भी किए नियुक्त**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर बताया कि कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर उन्हें संसद के निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सचेतक नियुक्त किए जाने के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे, जबकि केरल से आठ बार के सांसद के. सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। विरुधुनगर के सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। इससे पहले पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस और विपक्षी के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाएंगे।




**आस्था** डीसी तोरुल एस रवीश ने किया 70 श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को रवाना, दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील

# श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा का आगाज

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

**उत्तर** भारत की कठिनतम व रोमांचक धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा रविवार को आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई। डीसी कुल्लू एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष तोरुल एस रवीश ने सिंहगाड़ कैंप से 70 श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

14 से 27 जुलाई तक चलने वाली श्रीखंड यात्रा के पहले दिन कुल 1900 श्रद्धालु यात्रा के लिए रवाना हुए। डीसी ने अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन कर यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दें। (अनंत ज्ञान)



श्रीखंड महादेव यात्रा का आगाज करते डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।




### प्रशासन ने यात्रा के लिए किए पुख्ता इंतजाम

**डीसी** ने कहा कि श्रीखंड यात्रा के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। यात्रा से पूर्व श्रीखंड के रास्ते बनाकर तैयार किए हैं और रास्ते में पानी की व्यवस्था की है। यात्रा में पुलिस, रेस्क्यू टीम, एसडीआरएफ, मेडिकल, रेवन्यू की टीमें हर बेस कैंप पर तैनात की हैं। उन्होंने शिव भक्तों से यात्रा में मादक पदार्थों का सेवन न करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

### बिना पंजीकरण और मेडिकल चेकअप के न जाएं यात्रा पर

**डीसी** ने कहा कि कोई भी यात्री बिना पंजीकरण और मेडिकल चेकअप के यात्रा पर न जाए। इससे यात्रा में जान का जोखिम हो सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि यात्रा के दौरान ट्रस्ट की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं से कूड़ा-कचरा विशेषकर प्लास्टिक का कचरा जंगल में न फेंकने का आग्रह किया और सभी यात्रियों से सहयोग की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### योगेश बने नगर अध्यक्ष, दिविज नगर मंत्री



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला महानगर के विभिन्न नगर इकाइयों के गठन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी के निमित आजाद नगर ( शोघी) की नगर कार्यकरिणी का गठन किया गया। नगर कार्यकरिणी में अध्यक्ष की जिम्मेदारी योगेश व मंत्री की जिम्मेदारी दिविज को सौंपी गई है। सह मंत्री की जिम्मेदारी वैशाली, कपिल, करण, आयुष, तुषार को सौंपी गई है। स्टूडेंट फॉर सेवा की जिम्मेदारी संदीप, स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट की जिम्मेदारी वर्षा को सौंपी गई है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने 15 नेताओं का भविष्य किया चौपट : किमटा

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** प्रदेश कांग्रेस सगंठन महामंत्री रजनीश किमटा ने कहा है कि प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने 15 नेताओं का जिसमें भाजपा के 9, कांग्रेस के 4 व 2 निर्दलीय थे, का राजनीतिक भविष्य पूरी तरह चौपट कर दिया है। भाजपा ने कांग्रेस से गए छह व तीनों निर्दलीयों को पार्टी टिकट देकर अपने नेताओं का तिरस्कार किया है। प्रदेश में समय से पूर्व 9 विधानसभा उपचुनाव थोपने के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल व पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को अपने इस कृत्य के लिए इन नेताओं से माफी मांगनी चाहिए। किमटा ने रविवार को मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट कर उन्हें विधानसभा उपचुनावों में जीत की बधाई देते हुए कहा कि उपचुनावों में कांग्रेस की शानदार जीत ने प्रदेश के लोगों ने उनके मजबूत नेतृत्व को अपनी मुहर लगा दी है। (अनंत ज्ञान)



### डीसी-एसपी ने सेब नियंत्रण कक्ष फागु का किया निरीक्षण

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने आज से शुरू हो रहे सेब सीजन को लेकर फागु सेब नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और मौजूद स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सोमवार से सेब सीजन शुरू हो रहा है जिसको लेकर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण और बेहतर होनी अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि सेब नियंत्रण कक्ष फागु और बलग में स्थापित किए गए हैं जहां पर सेब सीजन के दौरान बागवानी, राजस्व और पुलिस विभागों के कर्मचारी 24 घंटे तैनात रहेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियंत्रण कक्ष में सेवारत कर्मचारियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी कर्मचारी को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। अनुपम कश्यप ने बताया कि सेब नियंत्रण कक्ष में मंडियों तक सेब ले जा रहे जीपीएस लगे वाहनों का पंजीकरण होगा और वाहन का पूरा विवरण हिमसेब एप्प पर डाला जाएगा, जिसके बाद वाहन अपने गंत्वय स्थल की ओर निकलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मिड-डे मील वर्कर्स ने मांगा बकाया वेतन

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन रोहड़ू ब्लॉक की बैठक 13 जुलाई को रोहड़ू में हुई। बैठक में सीटू जिला महासचिव अजय दुलटा, जिला उपाध्यक्ष सुनिल मेहता, मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन जिला की सचिव सुलक्षणा ठाकुर सहित लगभग 70 से ज्यादा वर्कर्स मौजूद रहीं। बैठक को सीटू जिला महासचिव अजय दुलटा उपाध्यक्ष सुनील मेहता, राजमिला, ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मिड-डे मील वर्करों को पिछले दो महीने से सिर्फ 3500 रुपए ही वेतन दिया गया है। अभी तक किसी भी वर्कर को 4500 रुपए वेतन नहीं दिया गया है। यूनियन मांग करती है कि तुरन्त बकाया वेतन का भुगतान किया जाए और जुलाई के वेतन को पूरा वेतन सभी वर्करों को दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

### देहरा की जीत पर बिलासपुर में कांग्रेस ने बांटी मिठाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में हुए उप चुनाव में मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर की अभूतपूर्व जीत की खुशी में मेन मार्केट में मिठाई बांटी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप, बीडीटीएस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंदुराम, पूर्व चीफ पार्लियामेंट किशोरी लाल टाडू के पौत्र जितेंद्र टाडू, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष राज वर्मा, प्रदेश माईनोरिटी के संयोजक हबीब खान, प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के कन्वेनर रमेश कौंडल, सतीश, प्रदीप, राकेश, राजेश, सतीश सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे। इन नेताओं ने देहरा की जनता का आभार व्यक्त किया कि उन्होनें देहरा में 25 वर्षो बाद कांग्रेस को जीत दिलाई, जो उनका निर्णय उस क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की ओर कदम बढ़ाना। इस जीत से प्रदेश के ईमानदार व मेहनती मुख्यमंत्री की जनता के प्रति कर्तव्य परायणता व निष्काम सेवा भावना के उनके प्रयासों पर भी मोहर लगाई है। जिससे ये सरकार और ज्यादा मजबूती के साथ कार्य करने के लिए जनादेश मिला है। इस जनादेश से संगठन के आम कार्यकर्ता का मनोबल ऊंचा हुआ है।

### यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले आर्यन को किया सम्मानित



**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा-2023 में 352वां रैंक हासिल करने वाले आर्यन शर्मा को भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल ने उनके घर पर जाकर सम्मानित किया। आर्यन शर्मा को भाजपा किसान मोर्चा मंडल घुमारवीं के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने शॉल, टोपी व पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आर्यन शर्मा पुत्र अश्विनी शर्मा पलासला, कपाहड़ा तहसील घुमारवीं का निवासी हैं। यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा-2023 का रिजल्ट अप्रैल 2024 को आया था, जिसमें उन्होंने 352 वां रैंक हासिल किया था। आर्यन शर्मा ने अपनी 12वीं की पढ़ाई मिनर्वा स्कूल घुमारवीं से पास की थी। उन्होंने एनआईटी से बीटैक की है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। देशराज शर्मा ने बताया कि आर्यन शर्मा ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर जिला व पलासला का नाम रोशन किया है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से उनसे प्रेरणा लेने की अपील की है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के महामंत्री नीरज जसवाल, एसटी मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष प्रताप राव, बरठीं पंचायत के पूर्व प्रधान राम प्रकाश शर्मा, कोटलू पंचायत के प्रधान विवेक व रिखी राम शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### देवली का नाबालिग युवक लापता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर थाना के तहत देवली का एक नाबालिग युवक लापता हो गया। युवक के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट सदर थाना में दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका बेटा घर से सामान लेकर भी गया है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायत में हेत राम निवासी गांव देवली बिलासपुर ने बताया है कि उसका 17 वर्षीय बेटा रिश्तेदार के पास शीशे का काम सीखने गया था। कुछ दिन पहले वह बीमार हो गया और घर पर ही रहा था। थोड़ा ठीक होने पर 9 जुलाई को फिर से दुकान पर चला गया। दुकान से वह अपने रिश्तेदार घर पर ही रहता था। वीरवार को जब बेटे के कमरे में चाय लेकर गए तो वह वहां नहीं था। बेटा अपना बैग और कपड़े ले गया है। एएसपी शिव चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बाईं बाजू में दर्द, सर्वाइकल और कंधे में दर्द हार्ट अटैक के लक्षण

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

गलत खानपान युवाओं में हार्ट अटैक का बड़ा कारण है। विशेषज्ञों की मानें तो दिन-प्रतिदिन हृदय रोगियों की संख्या बढ़ी है। युवाओं में भी हार्ट अटैक की प्रतिशता बढ़ती जा रही है। हार्ट अटैक होने से पहले के लक्षण- अगर आपके सीने में असहज दबाव, दर्द, सुन्नता, निचोड़न, परिपूर्णता या दर्द जैसा महसूस हो रहा है।

सर्वाइकल पेन, कंधे में दर्द और बाईं बाजू में दर्द हो तो इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए। अगर यह बेचैनी आपकी बाहों, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल रही है तो आप सचेत हो जाएं और जितनी जल्दी हो सके अस्पताल पहुंचें। आईजीएमसी कार्डियोलॉजी के डॉक्टर पीसी नेगी ने कहा कि बगैर किसी मेहनत या काम के अगर थकान हो रही है। यह हार्ट अटैक का अलार्म हो सकता है। अगर आपको दिन में कई बार चक्कर आ रहा है, उल्टी जैसा महसूस हो रहा है और आप असहज महसूस कर रहे हैं तो यह भी हार्ट अटैक का लक्षण हो सकता है। अगर आपको सांस लेने में किसी प्रकार का अंतर लग रहा है या सांस फूल रही है तो यह भी दिल के दौरे का लक्षण हो सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले चार पांच सालों से जिनकी उम्र 40 के करीब है ऐसे युवा आठ फीसदी हमारे पास इलाज करवाने आ रहे हैं। पहले यह बीमारी 60 से 70 वर्ष की उम्र के लोगों की होती थी, लेकिन अब युवाओं में यह बीमारी बढ़ती जा रही है। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं है। जब आपकी उम्र 40 के पास हो जाए तो आप अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। (अनंत ज्ञान)



डॉ. पीसी नेगी (एचओडी, आईजीएमसी कार्डियोलॉजी)

### लोगों को अपने शरीर की करवानी चाहिए जांच



डॉ. नेगी ने बताया कि जिनका पारिवारिक इतिहास रहा है, उन्हें 25 साल की उम्र में और अन्य लोगों को 30 साल की उम्र तक अपने पूरे शरीर की जांच करानी चाहिए। आधुनिक टेक्नालॉजी और विज्ञान से आज के समय में मनुष्य की हेल्थ जन्मपत्री निकाल सकते हैं। इससे यह राहत होगी कि अगर कोई बड़ी बीमारी होगी तो इसका समय पर उपचार किया जा सकता है।

### गतिहीन जीवनशैली भी मुख्य कारण

डॉ. नेगी ने बताया कि गतिहीन जीवनशैली और गलत खानपान भी हृदय रोग के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। दफ्तरों के काम को लेकर हद से अधिक स्ट्रेस, अपने डेली रूटीन का ख्याल न रखना, बहुत कम सोना और जरूरत से ज्यादा शराब और सिगरेट पीने जैसी आदतें आपके दिल को बीमार बनाती जा रही हैं। पहले लोग फील्ड में बहुत काम किया करते थे, लेकिन अब लोग न तो काम करते हैं और न ही व्यायाम, जिससे हमारी जीवन शैली काफी प्रभावित हो रही है। युवाओं में नशे की लत भी एक सडन हार्ट अटैक का मुख्य कारण माना जा रहा है।

### हमें हर रोज आधा घंटा करना चाहिए व्यायाम

डॉ. नेगी ने कहा कि 20 साल के यूथ को भी हार्ट अटैक आ रहे हैं। तंबाकू का सेवन हार्ट अटैक का प्रमुख कारण है, इसके अलावा बदला हुआ लाइफ स्टाइल भी इसके लिए जिम्मेदार है। ऐसे में लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है। एक्सरसाइज करने के अलावा लगातार डॉक्टरों की निगरानी में अपना इलाज करवाना चाहिए। इसके अलावा ऐसी चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए जिसके लिए डॉक्टर ने मना किया है। हार्ट अटैक आने पर जल्द से जल्द नजदीक के अस्पताल पहुंचना जरूरी है ताकि मरीज का इलाज समय पर शुरू हो सके।

# शिक्षा मंत्री रोहित ने झड़ग-नकराड़ी स्कूल के भवन का किया लोकार्पण

## कहा, विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश में अभूतपूर्व विकास करवा रही सरकार

**दशमी रावत, जुब्बल**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान झड़ग, ठाना, मांदल और झगटान के दौरे पर रहे। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम पंचायत झड़ग-नकराड़ी में 1 करोड़ 55 लाख की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झड़ग-नकराड़ी के भवन का लोकार्पण किया। विद्यालय प्रांगण में हुए एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने उपस्थित लोगों से संबोधित करते हुए बताया कि विपरीत वित्तीय परिस्थितियों और राजनीतिक संकट के बावजूद प्रदेश सरकार प्रदेश में अभूतपूर्व और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है, फिर चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या बागवानी का या फिर पूरे प्रदेश में बनायीं जा रही सड़के अथवा भवन निर्माण की बात हो। जुब्बल नावर कोटखाई में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय में इस विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य प्रगति पर है जिस कड़ी में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झड़ग-नकराड़ी के भवन का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में इसी प्रकार विभिन्न जगहों पर स्कूलों के भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में विश्व स्तरीय शिक्षा देने की दिशा में प्रयत्न किए जा रहे है जिसके चलते इसी सप्ताह से टीजीटी बैच वाइज अध्यापकों की नियुक्ति शुरू कर दी जाएगी और उन्होंने बताया कि झड़ग-नकराड़ी पंचायत में शीघ्र ही बिजली की समस्या को दूर किया जाएगा। स्थानीय स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम पर शिक्षा मंत्री ने छात्राओं को 15000 रुपए देने की घोषणा भी की।

मंत्री ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, बीडीसी उपाध्यक्ष यशवंत जसटा, बीडीसी सदस्य मनीष शर्मा, ग्राम पंचायत झड़ग के प्रधान अशोक सारटा, नकराड़ी के उप प्रधान मोनू ब्राकटा, प्रधानाचार्य लोकिंदर शर्मा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### 31 करोड़ से पक्की होंगी झगटान क्षेत्र की सड़कें

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिक्षा मंत्री ने जुब्बल के शुराचली क्षेत्र के अंतर्गत झगटान में नवयुवक मंडल झगटान द्वारा आयोजित शान ए नुनाड़ वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की। झगटान पहुंचने पर शिक्षा मंत्री ने सर्वप्रथम स्थानीय देवी-देवताओं के मंदिर में शीश नवाया। तत्पश्चात खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं देने के बाद शिक्षा मंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि क्षेत्र की प्रमुख सड़क सावड़ा-मांदल-झगटान सड़क को 22 करोड़ की लागत से पक्का किया जाएगा, जिसके टेंडर की प्रक्रिया पुरी कर ली गयी है। साथ ही 9 करोड़ की लागत से झगटान से कोठू गारली सड़क को भी पक्का किया जाएगा इसके टेंडर की प्रक्रिया भी पुरी कर ली गयी है। रोहित ने स्थानीय नवयुवक मंडल को 50000 रुपये देने की और स्टेज निर्माण के लिए प्रथम चरण में 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

# तारादेवी मंदिर में पहली बार टौर के पत्तल में परोसा लंगर



**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला स्थित ऐतिहासिक तारादेवी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं को लंगर टौर के पत्तल में परोसा गया। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि अपनी संस्कृति और धरोहर को सहेजने की दिशा में संतुलित पर्यावरण के लिए तारादेवी मंदिर में टौर की पत्तल में लंगर परोसा जा रहा है।

जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के आधीन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सुन्नी खंड में कार्य कर रहे सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन को यह पत्तल बनाने का जिम्मा दिया गया है। उन्हें प्रथम चरण में पांच हजार पत्तल बनाने का ऑर्डर दिया गया था। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में तथा स्वयं सहायता समूहों को रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रयास कर रहा है। उक्त फेडरेशन में 2900 से अधिक महिलाएं पत्तल बनाने का काम करती है, लेकिन पत्तलों की डिमांड कम होने के कारण उत्पादन अधिक नहीं करते थे। अब प्रशासन ने फैसला लिया है कि जिला के सभी मंदिरों में हरी पत्तल में लंगर परोसा जाएगा।

ऐसे में प्रथम चरण में तारादेवी मंदिर से शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि हरी पत्तल पर्यावरण को बचाने के लिए बहुत मददगार साबित होगी। (अनंत ज्ञान)

**शिमला के सभी मंदिरों में हरी पत्तल में लंगर परोसने की है योजना**

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बिलासपुर की जनता को दी करोड़ों की सौगात

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिलासपुर के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने औहर स्थित टूरिस्ट कांप्लेक्स की आधारशिला रखी।

वहीं इस दौरान प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी सहित पूर्व विधायक, कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्होंने जिस टूरिस्ट कांप्लेक्स का शिलान्यास रखा किया है उसके दूसरे फेस में करीबन 100 से 150 करोड़ रुपये के बजट से फोरलेन के एक तरफ जहां कन्वेंशन सेंटर, 40 कमरों का होटल, फूड कोर्ट, हेल्थ रिसॉर्ट्स बनेगा, तो दूसरी तरफ वे साइड एमेनिटीज बनेगा, जिससे करीबन 200 लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बड़े प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी को दो वर्ष का समय दिया गया ताकि तेज गति कार्य पूरा हो सके।



औहर स्थित टूरिस्ट कांप्लेक्स की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री सुक्खू।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए उन्हें सख्त कदम उठाने पड़ रहे हैं, जिसके मद्देनजर फ्री बिजली अनुदान मामले में विधायक, मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, फर्स्ट क्लास व सेकंड क्लास ठेकेदार सहित आयकर देने वाली कर्मचारी व अधिकारियों को बाहर किया गया है, ताकि वह अपना बिजली बिल देने में समर्थ हैं और गरीब तबके के लोगों को ही इस योजना का लाभ मिल सके, आज बिजली बोर्ड कंगाली पर आ पहुंचा है ऐसे में सरकार व आमजन के कर्तव्य है कि जो लोग बिजली का बिल दे सकते हैं वह फ्री सब्सिडी छोड़कर बिल अदा करें।

साथ ही सीएम सुक्खू ने कहा कि जो किसान प्राकृतिक खेती अपनाकर यूरिया का इस्तेमाल न करते हुए गाय व भैंस के गोबर का इस्तेमाल कर खेती करेंगे तो सरकार 40 रुपए किलो कनक व 30 रुपए किलो मक्की खरीदेगी। (अनंत ज्ञान)


## भाजपा के षड्यंत्र को जनता का जवाब

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिलासपुर के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे। सीएम ने 9 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में 6 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ भाजपा ने जो राजनीतिक षड्यंत्र रचा था, जनता ने उसका करारा जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि जनता ने 14 महीने पहले चुने 6 विधायक को घर बिठाकर जनता ने सही समय पर सही निर्णय सुनाया। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश सरकार तेज गति से विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का काम करेगी।

वहीं मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधते हुए डबल इंजन की सरकार के दौरान प्रदेश की संपदा को लुटाने का आरोप लगाते हुए सुन्नी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, लूनी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, धौलासिद्ध हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में हिमाचल नीति के तहत 12 प्रतिशत फ्री बिजली मिलनी थी वह आज तक नहीं मिल पाई जिसे लेकर भाजपा नेताओं से केंद्र सरकार के समक्ष यह मांगे रखने की अपील की है। साथ ही मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि बीते वर्ष प्राकृतिक आपदा के दौरान भी भाजपा नेता केंद्र सरकार से कोई विशेष राहत पैकेज व राष्ट्रीय आपदा घोषित करवा पाने में नाकाम साबित हुए थे, इसलिए इन बड़े प्रोजेक्ट्स के तहत 12 प्रतिशत फ्री बिजली प्रदेश को दिलवा पाने के मुद्दे पर उन्हें भाजपा नेताओं से कुछ खास उम्मीदें नहीं हैं।



साथ ही सीएम ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश 18वें स्थान पर आ पहुंचा है और आज सरकारी स्कूल में पढ़ने वाला पांचवीं कक्षा का छात्र दूसरी क्लास की पुस्तक नहीं पढ़ पा रहा है तो प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा कहां रह गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्रदेश की हालत बदतर है। (अनंत ज्ञान)

# प्रशिक्षण लेकर महिलाएं बन सकती हैं आत्मनिर्भर: तिवारी



उदय तिवारी को सम्मानित करते संस्था के सदस्य।

**शुभम राही, बिलासपुर**

राधे ट्रेनिंग सेंटर का महिलाओं को छोटे-छोटे हुनर सिखाकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास सराहनीय है, क्योंकि मुसीबत की घड़ी में सीखा हुआ काम परिवार का सहारा बन सकता है। यह बात श्रीश्री ट्रस्ट इंडिया के निदेशक उदय तिवारी ने रविवार को बैरी मार्केट स्थित श्री राधे ट्रेनिंग सेंटर संस्था द्वारा खोले गए कार्यालय का शुभारंभ के दौरान कही।

उन्होंन कहा है कि इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा। संस्था की निदेशिका पिंकी शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे मुफ्त सिलाई एवं ब्यूटीशियन, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा पहले से ही एक और ट्रेनिंग सेंटर चलाया रहा है।

प्रशिक्षण केंद्रों में अब तक 1500 से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में इन केंद्रों के माध्यम से आत्मविश्वास पैदा किया जा रहा है, ताकि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें। स्किल इंडिया और कौशल विकास जैसी योजनाओं के तहत महिलाएं उत्सुकता बढ़ रही है। इस अवसर पर बीडीसी चेयरमैन सीता धीमान, बरमाणा पंचायत प्रधान पूजा धीमान, बार्ड सदस्य सुरेंद्र शर्मा, नालग वार्ड सदस्य रतन महाजन आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

**आस्था** | पीर प्यानू अपनी सिद्धियों से लोगों को मुसीबतों से दिलाते थे छुटकारा

# पीर प्यानू दरगाह हिंदुओं के लिए आस्था का मंदिर

**बलवंत कमल, दधोल**

बिलासपुर जिला के हरलोग क्षेत्र में पीर प्यानू दरगाह है जो हिंदुओं की आस्था का मंदिर है। जिला बिलासपुर और मंडी की सीमा पर एक पहाड़ी बना पीर प्यानु का मंदिर हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है।

कहने के लिए तों मंदिर है मगर यहां पीर प्यानु जो कि एक पीर थे की मजार है या दरगाह है लोगों के कथनानुसार पीर प्यानु किसी अरब देश से आए थे और यहां आकर रुके थे। वह अपनी सिद्धियों से लोगों को मुसीबतों से छुटकारा दिलाते थे। जिसके कारण उन को हिंदू समाज मे बहुत मान्यता मिली और उनको लोग लखदाता के नाम से भी संबोधित करते हैं।





लोगों के अनुसार अगर कोई मुसीबत मे हों और उनको याद कर लें तो मुसीबत टल जाती है। लोग मन्नत रखते हैं की अगर उनका काम हों जाए तो वे लखदाता के नाम से कुस्ती का आयोजन करवाएंगे और मान्नत पूरी होने पर लोग कुस्तियों का आयोजन करवाते हैं।

लोगों में इतनी आस्था है की हर फसल का एक हिस्सा इस मंदिर की मजार पर चढ़ाया जाता है और लोग हर 6 महीने मे एक बार यहां आते हैं। स्थानीय इलाकों में जब भी कोई शादी होती है तो शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन परिवार सहित यहां पहुंचते हैं और शादी का सेहरा यहां चढ़ाया जाता है। यहां पर हर वीरवार को मेला लगता है यह एक पीर की मजार होते हुए भी हिंदुओं की आस्था का प्रतीक होना बहुत बड़ी बात है। इस मजार पर आज तक हिंदू ही आते रहे हैं, लेकिन अब कुछ मुश्लिम भी पहुंचने लगे हैं। इस मजार पर भी चादर चढ़ाई जाती है मगर यहां जो चादर चढ़ाई जाती है, उस पर 786 लिखा नहीं होता है। इस जगह पर पहुंचने पर एक अलग-सी शांति का एहसास होता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### संतोषगढ़ में पुलिस ने पकड़ी नशे की खेप



**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** सदर थाना के तहत संतोषगढ़ के मजारा मोड़ के समीप ऊना पुलिस ने एक कैंटर से नशे की खेप बरामद की है। पुलिस ने कैंटर से एक क्विंटल 46 किलो 890 ग्राम चूरा पोस्त बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी चालक की पहचान राहुल शर्मा निवासी बास नंगल, जिला रूपनगर पंजाब के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुजरात से टाहलीवाल के एक उद्योग में जा रहे कैंटर को रविवार सुबह ऊना पुलिस ने शक के आधार पर रोका। तलाशी के दौरान कैंटर से पांच बोरे बरामद हुए, जिसमें चूरा पोस्त रखा हुआ था। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नशे की खेप को बरामद किया है। इस मामले में पूछताछ की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा हार पर ऊना में करेगी मंथन

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल के विधानसभा उपचुनावों में मिली हार पर भाजपा ऊना में मंथन करने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश इकाई की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 व 19 जुलाई 2024 को ऊना में संपन्न होगी। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा के आम चुनावों व नौ विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनावों के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। वहीं केंद्रीय आवास, शहरी विकास व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को आवश्यक टिप्स देंगे। (अनंत ज्ञान)

### जनता ने दिया धनबल को मुंहतोड़ जबाव : कौल सिंह

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में जनबल की जीत हुई है और भाजपा का धनबल औंधे मुंह गिर चुका है। पूर्वमंत्री ठाकुर कौल सिंह ने कहा कि जनता ने धनबल को हराया है और जनबल की जीत के साथ साथ देश की राजनीति को बहुत बड़ा संदेश भी प्रदेश की जनता ने दे डाला है। यह प्रदेश के मतदाताओं के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के लाखों मेहनती कार्यकर्ताओं की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा खरीद-फरोख्त करते रहे और चुनावों को अनेकों बार प्रभावित करते रहे हैं, लेकिन प्रदेश में हुए उपचुनावों प्रदेश की जनता ने भाजपा के धनबल को नकार कर कांग्रेस सरकार की विकासात्मक योजनाओं तथा विकास कार्यों पर अपना मत दे कर देश की राजनीति को बड़ा संदेश दे डाला ताकि राजनीतिक पारदर्शिता बनी रहे। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस ने सरकारी दबाव के साथ लड़ा उपचुनाव : नंदा


**रविंद्र जस्टा, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने सनातन धर्म सभा चुनाव में मतदान करने के बाद कहा की कोई चुनाव छोटा नहीं होता और हर चुनाव में मतदाता को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। जीत-हार तो चुनाव का एक भाग है पर प्रदेश और सभी संस्थानों में सकारात्मक काम होना चाहिए। नंदा ने कहा की हिमाचल में हुए उपचुनाव में भाजपा की विधायक संख्या 28 सीटों पर पहुंच गई है। विपक्ष के रूप में भाजपा प्रदेश में सशक्त ही हुई है और आगामी विधानसभा में सरकार को जन विरोधी नीतियों का खुल का सामना करेगी। पूरे चुनाव में एक चीज तो स्पष्ट्र हो गई है कि वर्तमान सरकार बदला-बदली की सरकार है और उपचुनावों में सरकार ने भाजपा के प्रत्याशियों और समर्थकों को काफी परेशान किया है। चुनाव बीत गया, अब सरकार को जनता, भाजपा के प्रत्याशी और समर्थकों को दिए गए सभी नोटिस वापस ले लेने चाहिए। उन्होंने कहा हिमाचल में विधानसभा की तीन सीटों पर हुए उपचुनाव का नतीजा घोषित हो गया, सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू को उपचुनाव में अपने ही गृह जिला में दूसरी बार हार का मुंह देखना पड़ा है। कांग्रेस ने उपचुनाव में सरकारी दबाव का प्रयोग किया। (अनंत ज्ञान)

# कमजोर लोगों के सहारे जिले में कैसे 'ताकत' बटोरेंगे सुक्खू

## जिन लोगों के सहारे सीएम दम भर रहे थे, इनमें कई पिटे हुए चेहरे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमचाल प्रदेश की राजनीति में ऑपरेशन लोटस की वजह से आए जबरदस्त उफान के बाद सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार फिर से 40 पार हो गई है, लेकिन अहम बात यह है कि अपने गृह हमीरपुर जिला में उसकी पार्टी की 'चूलें' मुकम्मल तौर पर हिल चुकी हैं। सीएम के नारे का यहां आखिर दम क्यों फूला? क्या मुख्यमंत्री और उनके सिपा-सलाहकार इस पर मंथन करने की जहमत उठाएंगे? यही यक्ष प्रश्न कांग्रेस की भितरी सतह पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कारण यह है कि जिन लोगों के सहारे हमीरपुर को मजबूत करने का मुख्यमंत्री दम भर रहे थे। उनकी मौजूदगी में ज्यादा कुछ होने वाला नहीं है क्योंकि इनमें कई तो पिटे हुए चेहरे हैं और जिन पर विश्वास कर भी रहे हैं, उनका जनता के बीच में प्रभाव बेहद कमजोर है।



### जिले में कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा कमजोर

**जिले** की राजनीति में यहां संगठनात्मक ढांचा कांग्रेस का हमेशा ही बेहद कमजोर रहा है। उस पर कभी भी कांग्रेस के नेताओं ने गौर नहीं किया। बदली हुई परिस्थितियों में भी इसे मजबूत करने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। तभी तो उपचुनावों की बेला में अब औंहदे मुंह गिरने पर मजबूर हुए हैं। भाजपा के भितरघात के सहारे कब तक नैया पार होगी। इसका आभास तो सत्ता में बैठे लोगों को हो ही गया होगा। अभी भी यदि यूं ही 'अकड़' में रहेंगे, तो फिर यही समझा जाएगा कि हमीरपुर को कांग्रेस मजबूत करने की दिशा में दिलचस्प ही नहीं है। क्योंकि अपने आप तो कुछ होता नहीं है।

असरदार लोगों के सहारे ही धरातल मजबूत होता है। खास बनता है और इस नींव पर जीत की बुनियाद तैयार होती है। कांग्रेस के नेता यदि इसे समझ लेंगे, तो फिर यहां का मायूस वर्कर शायद अपने चेहरे की झुर्रियों को मिटाने में कुछ कामयाब हो सके। (अनंत ज्ञान)

### बार-बार काठ की हांडी नहीं चढ़ती

**पहले** बडसर उपचुनाव में पार्टी की भितरी व्यवस्था की पोल खुली। अब हमीरपुर में खुल गई है। रही बात सुजानपुर की वहां तो 2017 के विधानसभा चुनावों का करंट काबिज था। उसी के सहारे कांग्रेस की नैया पार हुई, लेकिन बार-बार काठ की हांडी नहीं चढ़ती, इसका भी एहसास करना होगा।

### आशीष शर्मा की जीत कई मायने रखती



**भाजपा** की स्थिति का आंकलन कर लिया जाए, तो उसके दिन भी अलग ढंग से फिरने वाले हैं। क्योंकि आशीष शर्मा की जीत हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई मायने रखती है बेहद युवा इस चेहरे ने विपरीत परिस्थितियों में जो करके दिखाया उससे कांग्रेस के नेताओं को भी सीख लेनी होगी। भाजपा के पुराने दिग्गज तो 'भौचके' जरूर हैं।, लेकिन जीत का असल स्वाद आशीष शर्मा समर्थक खूब 'चख' रहे हैं।

# रोहड़ू से मेरा पारिवारिक रिश्ता : विक्रमादित्य सिंह

### सड़कों के नवीनीकरण के लिए 1.50 करोड़ देने की घोषणा



कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

रोहड़ू के राजकीय महाविद्यालय सीमा के सभागार में संजीवनी सहारा समिति द्वारा 5वां संजीवनी प्रतिभा सम्मान समारोह 'शान ए रोहड़ू' का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।


विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रोहड़ू से मेरा पारिवारिक रिश्ता रहा है। यहां के विकास के लिए स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का योगदान अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने नगर पंचायत चिढ़गांव और नगर पालिका में विकासात्मक कार्यों के लिए दस-दस लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही रोहड़ू क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के नवीनीकरण के लिए 1.50 करोड़ रुपए की राशि मुहैया करवाने की घोषणा की। महाविद्यालय के सभागार में साउंड लाइट सिस्टम के लिए 13 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने संजीवनी सहारा समिति के लिए 51,000 हजार रुपए की घोषणा की। वहीं रोहड़ू क्षेत्र से संबंध रखने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने समिति की स्मारिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत कर रहे मुख्य संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने समिति द्वारा इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करने पर हौसला बढ़ाया।

विक्रमादित्य ने राजकीय महाविद्यालय सीमा के स्टाफ साथ बैठक की। इसमें कॉलेज को विभिन्न मांगों को सुना और तुरंत प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

# लंबित पड़े परीक्षा परिणामों को जल्द जारी करे सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ? सरकार बने डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया, अब तक इस योजना से प्रदेश के कितने युवाओं को इसका लाभ मिला? इस योजना का लाभ कब से प्रदेश के युवाओं को मिलना शुरू होगा। चुनाव के समय कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680



करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड का प्रबंध करेगी, जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाए और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे।

कांग्रेस के नेताओं ने स्टार्टअप के लिए लाभार्थी चुनने के लिए चुनाव से पूर्व ही युवाओं से फॉर्म भी भरवा लिए थे।

चुनाव बीते डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन अभी तक इस योजना के तहत एक भी व्यक्ति को एक पाई नहीं दी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा अब बहुत समय हो गया है, सुक्खू सरकार सालों से लंबित पड़े प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम घोषित करें और उन्हें रोजगार दें। सरकार इस तरह से युवाओं के भविष्य की अनदेखी नहीं कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

# पटवारी व कानूनगो का स्टेट कैडर करने पर महासंघ व सरकार के बीच टकराव की स्थिति

**सन्नी पुरी, गगरेट**

प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग के पटवारियों व कानूनगो का स्टेट कैडर करने से आहत हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ 'करो या मरो' की स्थिति में आ गया है।

जो उग्र तेवर महासंघ द्वारा दिखाए जा रहे हैं उससे महासंघ व प्रदेश सरकार के बीच सीधे टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। महासंघ की कार्यकारिणी ने वर्चुअल मीटिंग कर अगली रणनीति भी तय कर ली है। महासंघ ने सोमवार से प्रदेश में कार्यरत तमाम पटवारियों व कानूनगो से आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप से एग्जिट कर जाने का आह्वान तो किया ही है बल्कि सोमवार से ही इंटरनेट सुविधा न होने के चलते तमाम आनलाइन कार्य न करने का भी ऐलान कर डाला है।

महासंघ ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए गए स्टेट कैडर के विरोध में महासंघ को किसी भी हद तक जाना पड़ेगा तो वह पीछे नहीं हटेगा।

हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगों महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि महासंघ पहले ही प्रदेश सरकार को राजस्व कर्मियों को पेश आ रही परेशानियों से अवगत करवाते हुए इनके निराकरण की मांग कर चुका है। बिना सुविधाओं के राजस्व कर्मी न सिर्फ राजस्व संबंधी कार्यों का निपटान कर रहे हैं बल्कि प्रदेश सरकार के अन्य कार्यों के साथ-साथ डिजास्टर मैनेजमेंट में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### विधायक कमलेश ने बेटियों संग नाग मंदिर में टेका माथा



**सालबिया शर्मा, गरली।** कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर मन्नत पूरी होने पर अपनी दोनों बेटियों को साथ लेकर उपमंडल देहरा के ऐतिहासिक शक्तिपीठ नाग मंदिर करियाड़ा पहुंचीं और वहां माथा टेका। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया, पुजारी हरदीप गुलेरिया, राहुल गुलेरिया तथा मोनू गुलेरिया ने इनसे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई और सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस दौरान कमलेश ठाकुर ने देवी-देवताओं के आगे नतमस्तक होकर कहा कि जो भरोसा देहरा के तमाम मतदाताओं ने उन पर जताया है, उस विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगी तथा उम्मीद से भी ज्यादा इलाके का विकास करवाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस की शानदार जीत पर जयसिंहपुर में बांटे लड्डू



**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** उपचुनाव में देहरा और नालागढ़ सीटें जीतने पर जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस ने शनिवार को जयसिंहपुर में लड्डू बांटकर व पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर दोनों विस में जीत का जश्न मनाया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने कहा कि देहरा में सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर व नालागढ़ से हरदीप बावा की जीत से तय हो गया है कि जनबल की जीत हुई है और धनबल हार गया है। उन्होंने सीएम सुक्खू को बधाई देते हुए कहा कि देहरा व नालागढ़ की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जीता कर यह सिद्ध किया है कि प्रदेश की जनता सरकार के काम से खुश है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों को गीता ज्ञान के साथ योगाभ्यास भी करवाया



**संजीव महाजन, नूरपुर।** बाणगंगा के तट पुराना कांगड़ा अलुनिया बाबा मंदिर में गीता ज्ञान के साथ योग अभ्यास करवाया गया। यह योग शिविर त्रिगर्त दिव्य योग सेवा समिति व फिट एंड फैट युवाओं के ग्रुप पुराना कांगड़ा द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में विश्वकिर्तिमान योगी रणजीत सिंह ने ब्रह्म सता को नमन करते हुए ऊं का जप, योगिग जॉगिंग व्यायाम योगासन कराते हुए कहा कि गीता सत्संग में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं जब निराशा, रोग, अवसाद व दुख जीवन में आते हैं तो उस समय विषाद योग करो यानि कि यह विचार करो कि इस दुख के बाद अच्छा समय भी आने वाला है। इस अवसर त्रिगर्त दिव्य योग सेवा समिति, फिट एंड फैट ग्रुप व स्वर्णिम हिमाचल संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

उपचुनाव में तीन में से दो सीटों पर कांग्रेस की जीत पर इंदौरा के विधायक राजन बोले

# देवभूमि की जनता ने धनबल को नकारा और जनबल को स्वीकारा

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में रविवार को वन विश्राम गृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कांग्रेस द्वारा उपचुनाव में तीन विधानसभा में से दो पर चुनाव जीतने पर लड्डू बांट जश्न मनाया गया, जिसमें जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर इंदौरा के अध्यक्ष देवेंद्र मनकोटिया ने कहा कि हिमाचल के विधानसभा के उपचुनाव में तीन सीट में से 2 सीट पर भारी मतों से जीत दर्ज कराई है अतः इसका श्रेय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जाता है।

वहीं इस मौके पर विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन ने कहा कि बिकाऊ विधायक की जानकारी आम जनता को भी है इसलिए आम जनता ने उन्हें नकारते हुए भाजपा को करारा जवाब दिया है।

जनता ने साफ संदेश दिया कि धनबल नहीं यहां जनबल की सरकार है। आने वाले समय में भी आम जनता इसका जवाब देगी। भाजपा का सरकार को गिराने का षड्यंत्र धरे का धरा रह गया है। पहले भी कांग्रेस की चालीस सीटें थीं अब भी चालीस हैं, किंतु भाजपा ने आम जनता को चुनाव करवा कर करोड़ों रुपए के बोझ तले दबा दिया है। इस मौके पर बैठक में जर्म सिंह प्रताप सिंह, जिला परिषद प्रवीण कुमार मिंदा, कुलदीप शर्मा कीपा सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



वन विश्राम गृह इंदौरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में मौजूद विधायक व अन्य।

### मुख्यमंत्री सुक्खू जल्द आएंगे इंदौरा करोड़ों की देंगे सौगात

**बैठक** में विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इंदौरा आ रहे है व इंदौरा को करोड़ों की सौगात देकर जाएंगे, विधायक राजन ने विभिन्न पंचायतों से आए कार्यकर्ताओं से कहा कि उनके निजी कार्य हो या न हों, किन्तु आम जनता की कोई भी समस्या हो तो उसे तुरंत मुझ तक पहुंचाएं, ताकि उनकी समस्या का तुरंत समाधान करवाया जा सके। विधायक ने कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।

# बेटियां फाउंडेशन ने होनहार बेटियों को किया सम्मानित



**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा नगरोटा बगवां की दो होनहार बेटियों को सम्मानित किया गया। संस्था के स्टेट को-ऑर्डिनेटर (हि. प्र.) पूजन भंडारी ने बताया कि बेटियां फाउंडेशन पूरे हिमाचल प्रदेश व भारत में सराहनीय कार्य कर रही है।

संस्था ने नगरोटा बगवां महाविद्यालय की राधिका धीमान, जिसने बीएससी फाइनल में 6वां स्थान प्राप्त किया और नवेदिता, जिसने एनसीसी में पर्वतारोहण में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया को सम्मानित किया। संस्था की तरफ से पूजन भंडारी, जिला सलाहकार अशोक गौतम, जिला उपप्रधान संजना भंडारी व नगरोटा प्रधान आशा देवी ने दोनों बच्चियों को मेडल, पटका व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि हर काम के लिए, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा ज्योत्सना जैन, एमडी प्रांजल जैन व राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर संदीप चौधरी का सहयोग व आशीर्वाद मिलता रहता है। संस्था समाज में अब तक लगभग 6 हजार कोरोना योद्धाओं व समाजसेवियों को सम्मानित कर चुकी है। वहीं, राधिका की माता दीपा व पिता विनोद धीमान व निवेदिता के माता अनीता व पिता सुशील कुमार ने बेटियां फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे बच्चों को सम्मानित कर संस्था ने पूरे इलाके को सम्मान दिया है। (अनंत ज्ञान)

# भविष्य में भी उठाता रहूंगा पौंग बांध विस्थापितों के मुद्दे : संजय

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

लोकसभा चुनाव में बतौर निर्दलीय ताल ठोकने वाले एडवोकेट संजय शर्मा ने कहा कि उन्होंने पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं को लेकर चुनाव लड़ा था। वह बेशक चुनाव न जीत सके हों, लेकिन वह भविष्य में भी पौंग बांध विस्थापितों के मुद्दे ऐसे ही उठाते रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा उपचुनाव जीतने पर बधाई दी है।



उन्होंने उम्मीद जताई कि कमलेश ठाकुर विधायक पद की शपथ ग्रहण करने के बाद पौंग बांध के विस्थापितों की मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगी और उनकी समस्याओं को समाधान करने की दिशा में कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि पौंग बांध के विस्थापितों के मुद्दे पर पिछले 50 वर्षों से नेताओं ने मौन धारण किया हुआ है। इस कारण पौंग विस्थापितों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। बहुत सारे विस्थापित आज भी खानाबदोशों की तरह जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। संजय शर्मा ने कहा कि देहरा की बेटी होने के नाते कमलेश ठाकुर को क्षेत्र में बेरोजगारी और नशाखोरी को समाप्त करने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे अन्यथा उनमें और पूर्व में चुने गए नेताओं में कोई फर्क नहीं रह जाएगा।

# कबीरपंथी समाज सुधार सभा का चुनाव 19 को

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** लंबागांव कबीरपंथी समाज सुधार सभा जयसिंहपुर इकाई कमेटी के पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो गया है। इसके मद्देनजर कबीरपंथी समाज सुधार सभा कमेटी के पदाधिकारियों ने एक बैठक कर यह निर्णय किया है कि 19 जुलाई को कमेटी ने एक बहुत बड़ी बैठक 10 बजे सद्गुरु कबीर भवन धरोड़ लंबागांव में रखी है। कमेटी के प्रधान ने कहा कि सभी सदस्य इस बैठक में शामिल हों, ताकि कमेटी के नए पदाधिकारी चुने जा सकें। यह जानकारी कमेटी के प्रधान शक्ति चंद ने दी। उन्होंने कहा है कि बैठक में सभी सदस्यों के आने से सभी की सर्वसम्मति से कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कठुआ में शहीद हुए सैनिकों को किया नमन

## पालमपुर में पूर्व सैनिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक शनिवार को लीग कार्यालय भवन में कार्यकारी अध्यक्ष कैप्टन रमेश डढवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों सहित सैनिक परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम जम्मू के कठुआ में बलिदान हुए सैनिकों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इसकी जानकारी देते हुए लीग प्रवक्ता कुलदीप राणा ने बताया कि सीएसडी कैंटीन से मिलने वाले प्रॉफिट में पूर्व सैनिकों का भी अधिकार है। लेकिन कैंटीन प्रशासन ने सैनिक लीग की मिलने वाला लाभ का हिस्सा बंद कर दिया है। लीग कार्यकारिणी ने इसकी बहाली के लिए संबंधित कार्यालय से



पत्राचार करने का निर्णय लिया। इसके साथ सीएसडी कैंटीन में ऑनलाइन पेमेंट की जगह नकद राशि का प्रावधान करने की मांग भी उठी। एटीएम चलाने में असमर्थता के कारण अधिकतर लोगों ने एटीएम या अन्य ऑनलाइन पेमेंट सुविधा नहीं ली है। इसके अभाव में पूर्व सैनिकों को सीएसडी कैंटीन में सामान लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रमेश डढवाल ने लीग कार्यालय भवन की भूमि को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भवन में लीग का 40 वर्ष पुराना कब्जा है, वहीं इसकी मरम्मत व रखरखाव के लिए लाखों रुपए खर्च हुए हैं। लीग के आग्रह पर सेना छावनी होल्टा सहित सांसद और राज्य सरकार ने भी रखरखाव में योगदान दिया है। उन्होंने वर्तमान सरकार और राजस्व विभाग से इस भवन को पूर्व सैनिक लीग के नाम करने की अपील की। इस मौके पर लगभग 60 पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# हेल्थ इज वेल्थ

# बरसात के मौसम में हो सकता है बीमारियों का जोखिम

**चिलचिलाती** गर्मी के बाद बारिश काफी ज्यादा राहत प्रदान करती है, परंतु इस समय के टेंपरेचर और ह्यूमिडिटी में कीटाणु अधिक सक्रिय हो जाते हैं जिससे विभिन्न प्रकार के संक्रमण की संभावना भी बढ़ जाती है। बरसात में आमतौर पर नजर आने वाली बीमारियों में शामिल है स्किन एलर्जी, डेंगू फीवर, मलेरिया और फ्लू इन्फेक्शन। इन समस्याओं से उभरना बहुत कठिन है। ये सभी समस्याएं स्वास्थ्य को लंबे समय तक और गंभीर रूप से प्रभावित कर देती हैं। हालांकि, जरूरी एहतियात बरतकर और हाइजीन रूटीन को फॉलो कर खुद को हेल्दी रखा जा सकता है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. संजीव शर्मा ने इन बीमारियों से निदान पाने के कुछ जरूरी टिप्स दिए...

**मच्छरों से फैलने वाली बीमारी**

मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया मानसून के मौसम में मच्छरों के काटने से फैलने वाली खतरनाक बीमारियां हैं। बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी जमा हो जाता है। इसके साथ ही गंदगी भी बढ़ती है, जिस वजह से मच्छरों की तादाद बढ़ जाती है। ऐसे में यह समस्याएं किसी को भी अपने चपेट में ले सकती हैं।

***मलेरिया :*** यह एनोफिलीज प्रजाति के मच्छरों द्वारा फैलता है। मलेरिया में आमतौर पर बुखार, शरीर में दर्द, ठंड लगना और पसीना आने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यदि आपको भी ऐसे लक्षण का अनुभव हो तो बिना इंतजार किए डॉक्टर से मिलकर जांच करवाएं।

***डेंगू :*** डेंगू एडीज एजिप्ट प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलता है। इसमें बुखार, रैशेज, सिरदर्द और प्लेटलेट काउंट में कमी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। यदि सही मैनेजमेंट के अंतर्गत और समय रहते इसका इलाज न करवाया जाए तो मरीज की जान तक जा सकती है।



डॉ. संजीव शर्मा (इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विशेषज्ञ)

***चिकनगुनिया :*** चिकनगुनिया टाइगर एडीज एल्बोपिक्टस प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलती है। जोड़ों में दर्द, थकान, ठंड लगना और बुखार आना चिकनगुनिया के कुछ आम लक्षण होते हैं।

***कोल्ड एंड फ्लू :*** मानसून के दौरान तापमान में अचानक आए बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी समस्याएं होने की संभावना बनी रहती है।

***टाइफाइड :*** कॉन्टैमिनेटेड फूड्स और वाटर के कारण टाइफाइड फीवर हो सकता है।

***निमोनिया:*** मानसून का मौसम निमोनिया जैसी बीमारी को उत्तेजित करता है। निमोनिया पैदा करने वाले बैक्टीरिया और वायरस हवा में मौजूद होते हैं। यह सांस लेने की प्रतिक्रिया के तहत हमारे शरीर में प्रवेश करके हमे संक्रमित कर देते हैं। इसके कारण लंग्स में हवा भर जाती है और सूजन आ जाती है। यह फ्लुएड जमा होने का कारण बन सकता है। इस वायरस से जान भी जा सकती है। छोटे बच्चे और 65 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के प्रभावित होने की संभावना ज्यादा होती है। बुखार, ठंड लगना, थकान, भूख न लगना, अस्वस्थता, चिपचिपी त्वचा, पसीना, सीने में तेज दर्द, सांस लेने में समस्या होना इसके कुछ आम लक्षण हो सकते हैं।

**मानसून से जुड़ी समस्याओं से निजात पाने के टिप्स**

**बरसात** के मौसम में पोषक तत्वों से युक्त सुपरफूड्स का सेवन करें। यह इम्यूनिटी को बूस्ट रखेगा और होने वाली बीमारियों की संभावना को भी कम कर देगा। पूरे शरीर में कपड़े पहनने की कोशिश करें। यह आपके लिए मच्छरों से बचाव का काम करेगा। आसपास के जगहों पर नियमित रूप से फॉगिंग करें और अपने घर के पास पानी जमा न होने दें।

***हैजा :*** गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट को प्रभावित करता है, जिससे डिहाइड्रेशन और डायरिया होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए मानसून में उबला हुआ और साफ-सुथरा पानी पीने की कोशिश करें। टाइफाइड से दूर रहने के लिए पर्सनल हाइजीन के साथ-साथ आसपास के सैनिटेशन पर भी ध्यान दें। अपने हाथ साफ रखें फ्लू के वायरस आम तौर पर संपर्क के माध्यम से फैलते हैं, इसलिए जब आप उन क्षेत्रों के संपर्क में आते हैं जो कीटाणुओं से भरे हो सकते हैं - जैसे कि बस स्टॉप, सार्वजनिक शौचालय, सार्वजनिक भोजन-अदालत आदि। यदि संभव हो तो किसी भी व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से बचें। अपने हाथों को बार-बार साबुन और गर्म पानी से धोएं।

***खूब पानी पिएं:*** किसी भी मौसम में पर्याप्त पानी नहीं पीना बुरा है-बारिश के मौसम में ऐसा दोगुना होता है, क्योंकि ऐसा तब होता है जब किसी भी गीली सतह (जो लगभग हर सतह पर होती है) पर कीटाणु हावी हो जाते हैं। ये कीटाणु जब हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं तो हानिकारक विषाक्त पदार्थों के निर्माण को उत्तेजित करते हैं, जो पानी स्वाभाविक रूप से आपके शरीर से बाहर निकलने में मदद करता है। आमतौर पर, एक स्वस्थ वयस्क को दिन में 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए।

***स्वस्थ खाने की आदतें बनाए रखें:*** फाइटोकेमिकल्स भोजन में विटामिन प्रदान करते हैं और प्राकृतिक रसायन होते हैं जो पौधों में मौजूद होते हैं - आमतौर पर ताजे फल और सब्जियां जो हरे, लाल या गहरे पीले रंग की होती हैं। आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए फाइटोकेमिकल्स का सेवन आवश्यक है। हालांकि, अपनी सब्जियों को अच्छी तरह से धोना याद रखें, क्योंकि कीटाणु युक्त साग पेट में संक्रमण का कारण बन सकता है। पेट के संक्रमण के लक्षणों में शामिल हैं। पेट में दर्द, दस्त, और मतली, बुखार, ठंड लगना, और दर्द भूख में कमी होने पर ढेर सारा विटामिन सी लें। विटामिन सी आपके शरीर को सर्दी और फ्लू के खिलाफ प्राकृतिक लचीलापन (इम्युनिटी नहीं) देता है, जो बारिश के देवता के दो सबसे उदार उपहार हैं।

***मच्छरों से बचाव:*** बारिश के परिणामस्वरूप पानी स्थिर हो सकता है, जो मच्छरों को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है, इसीलिए मच्छर जनित बीमारियां - जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया- किसी भी अन्य मौसम की तुलना में मानसून में कहीं अधिक प्रचलित हैं। चीजों को बदतर बनाने के लिए मच्छर काफी जल्दी रसायनों के प्रति प्रतिरक्षित हो सकते हैं, इसलिए रिपेलेंट्स लंबी अवधि में एक व्यवहार्य समाधान नहीं हैं। स्थिर पानी को निकालना मच्छरों के खिलाफ आपका सबसे अच्छा उपाय है।

**प्रस्तुति : एमएम डैनियल, चंबा**

# दांतों को बिना छिपाए खुल के मुकुराइए

**दांतों का रंग खराब होना और उन पर दाग लगना आम बात है, जो कई कारणों से हो सकते हैं। इनमें से कई दागों का इलाज और रोकथाम संभव है।**

**दांतों के रंग में परिवर्तन के प्रकार**

**बाह्य :** यह आपके दांतों के संपर्क में आने वाली किसी चीज के कारण होता है। **आंतरिक :** यह आपके दांतों या शरीर के अंदर किसी चीज के कारण होता है। **आयु संबंधी :** जीवन में बाद में घटित होने वाली घटनाएं।

**दांतों के रंग में परिवर्तन के कारण**

1. **खाद्य पदार्थ/पेय :** कॉफी, चाय, कोला, वाइन और कुछ फल और सब्जियां आपके दांतों पर दाग लगा सकती हैं। 2. **तंबाकू का प्रयोग :** धूम्रपान या तंबाकू चबाने से दांतों पर दाग पड़ सकते हैं। 3. **दांतों की खराब स्वच्छता :** दांतों से प्लाक और दाग पैदा करने वाले पदार्थों को हटाने के लिए पर्याप्त मात्रा में ब्रश न करना, फ्लॉस न करना और कुल्ला न करना।
4. **उम्र बढ़ने के साथ-साथ :** आपके दांतों पर इनेमल की बाहरी परत घिसने लगती है, जिससे डेंटिन का प्राकृतिक रंग दिखने लगता है। 5. **आनुवंशिकी :** कुछ लोगों के दांत स्वाभाविक रूप से दूसरों की तुलना में अधिक चमकीले या मोटे होते हैं। 6. **पर्यावरण :** पानी का स्वाभाविक रूप से उच्च फ्लोराइड स्तर या अत्यधिक फ्लोराइड का उपयोग दांतों के रंग को बिगाड़ सकता है। 7. **हादसा :** गिरने, कार दुर्घटना और खेल संबंधित चोटों के कारण होने वाले आघात के परिणामस्वरूप दांतों का रंग खराब हो सकता है।
8. **दंत चिकित्सा :** कुछ दंत सामग्री जैसे धातु की फिलिंग में इस्तमाल किया जाने वाला सिल्वर अमालगम, रूट कैनाल थेरेपी के बाद कुछ मामलों में दांतों का रंग बदल सकता है।
9. **स्वास्थ्य समस्याएं :** कुछ स्वास्थ्य स्थितियां जैसे कि यकृत रोग, कैल्शियम की कमी, खाने संबंधित विकार, चयापचय संबधी रोग इत्यादि।
10. **कुछ दवाएं :** जैसे कि एंटीहिस्टामाइन और रक्तचाप की दवाएं दांतों के रंग को बदल सकती हैं। इसके अलावा जिन वयस्कों ने बचपन में टेट्रासाइक्लिन या डॉक्सीसाइक्लीन ली थी उनके दांत खराब हो सकते हैं। 11. **कैंसर उपचार :** कीमोथेरेपी या सिर और गर्दन की रेडिएशन थैरेपी से दांतों का रंग खराब हो सकता है।



डॉ. समृद्धि रामाणी

**दागों के रंग**

**पीलापन :** उम्र बढ़ने के साथ आपके दांतों की सफेद इनेमल सतह घिस सकती है। आपके दांतों का पीलापन ज्यादा दिखाई देने लगता है।
**भूरा रंग :** तंबाकू, चाय या कॉफी जैसे गहरे रंग के पेय पदार्थ तथा दांतों को ब्रश करने की गलत आदतें दांतों की सड़न का कारण बन सकती हैं।
**सफेद :** जैसे-जैसे युवा दांत विकसित होते हैं, बहुत अधिक फ्लोराइड के संपर्क में आने से सफेद धब्बे पैदा कर सकता है। इसे फ्लोरोसिस कहा जाता है।
**काला :** दांतों की सड़न, सुपारी चबाने से भी दांत काले हो सकते हैं। औद्योगिक सेटिंग में या किसी सप्लीमेंट से आयरन, मैगनीज या सिल्वर जैसे खनिजों के संपर्क में आने से आपके दांतों पर काली रेखा बन सकती है।
**बैंगनी :** रेड वाइन आपके दांतों के इनेमल को आपके पेय पदार्थ के रंग का बना सकती है।

**बचाव और उपचार**

**यदि** *आप कॉफी पीते हैं या धूम्रपान करते हैं, तो इसे कम करने या छोड़ने पर विचार करें।*
**स्ट्रॉ से पियें:** जब आप सोडा, जूस, या आइस्ड कॉफी या चाय पीते हैं तो यह दागों को दूर रखने में मदद कर सकता है। तरल आपके दांतों की सामने की सतह के पास नहीं जाएगा।
- अपने दांतों की स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए रोजाना ब्रश करें, फ्लॉसिंग करें और एंटीबैक्टीरियल माउथवॉश का इस्तेमाल करें। ये तीनों ही प्लाक से लड़ने में आपकी मदद कर सकते हैं।
- हर छह महीने में अपने दांतों को डेंटिस्ट से साफ करवाएं। इससे आपका मुंह स्वस्थ रहेगा और आपकी मुस्कान भी निखरकर सामने आएगी।
- यदि आपके दांतों का रंग बिना किसी स्पष्ट कारण के बदल जाए तथा अन्य लक्षण भी दिखाई दें तो अपने दंत चिकित्सक से मिलें।

# आजकल बाहर का खाना न खाएं

***बरसात के मौसम में बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। रिमझिम बारिश भले ही चिलचिलाती धूप से राहत दिलाती हो, लेकिन यह बदलाव कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बनता है। बारिश में उमस और नमी बढ़ने से खाना जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए बाहर का खाना न खाने की सलाह दी जाती है। साथ ही जगह-जगह पानी का जमाव मच्छरों की संख्या को बढ़ने का मौका देता है। मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियां गंभीर रूप भी ले सकती हैं। मलेरिया के लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, कंपकंपी, जरूरत से ज्यादा पसीना आना और गंभीर एनीमिया जैसे लक्षण शामिल हैं। बीमारी का अगर इलाज समय पर न किया जाए, तो इससे सेरेब्रल मलेरिया हो सकता है, जो एक जानलेवा स्थिति है।***

**बरसात** के मौसम में डेंगू बुखार सबसे आम हो जाता है, जो जंगल में लगी आग की तरह फैलता है। इसके अलावा चिकनगुनिया भी मच्छरों से होने वाली बीमारी है, जो रुके हुए पानी में पनपते हैं। चिकनगुनिया टाइगर एडीज एल्बोपिक्टस मच्छर के कारण फैलता है। इसके लक्षण संक्रमित मच्छर के काटने के 3 से 7 दिनों के बाद नजर आते हैं, जिसमें बुखार, शरीर और जोड़ों में दर्द शामिल है।



डॉ. एसडी भरवाल (एमडी मेडिसिन)

**बरसात** का मौसम दस्त जैसे इन्फेक्शन का कारण भी आसानी से बनता है। इस मौसम में नमी और उमस के कारण खाना आसानी से खराब हो जाता है, जिसकी वजह से किसी का भी पेट खराब हो सकता है। साथ ही इन्फेक्शन्स बढ़ जाने की वजह से भी दस्त का खतरा बढ़ जाता है। बरसात के समय टाइफाइड के मामले भी बढ़ने लगते हैं, जो आमतौर पर दूषित खाने और पानी से होता है। इसके लक्षणों में लगातार तेज बुखार आना, कमजोरी महसूस होना, पेट में दर्द और भूख न लगने के लक्षण परेशान करते हैं, जिससे वजन भी घटने लगता है। साफ पानी और ओआरएस भी ऐसी स्थिति में रामबाण है। शरीर में पानी की कमी न होने दें। ऐसे मौसम में उमस बढ़ने और तापमान में बदलाव आने से इन्फ्लूएंजा के मामले भी बढ़ने लगते हैं। यह संक्रमण तेजी से फैलने वाला होता है, जिसमें बुखार, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश, नाक बंद होना, सूखी और लगातार खांसी होने जैसे लक्षण दिखते हैं। इसकी वजह से निमोनिया, अस्थमा, डायबिटीज और दिल की बीमारी जैसे लक्षण भी दिखते हैं।

***डॉ. एसडी** भरवाल ने बताया कि मानसून और बीमारियों का रिश्ता पुराना है। फिर भी इन बीमारियों की वजह और इलाज के बारे में जानकारी रखना जरूरी है ताकि आप बीमार पड़ने से बच सकें। बरसात में खुद को बीमारियों से बचाने के लिए लोगों को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।* **प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना**

# तनाव एक अनचाहा मेहमान

## खेलकूद-व्यायाम से करें बचाव

**आज** के दौर में भागदौड़ भरी जिंदगी में स्ट्रेस एक आम समस्या बन गई है। तनाव को एक अनचाहा मेहमान कहा जा सकता है, जो कभी भी किसी के घर में भी दस्तक दे सकता है। तनाव किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है, चाहे वह बच्चा हो, युवा हो या बुजुर्ग। इससे बचाव का एक मात्र उपाय खेलकूद और व्यायाम से जुड़ाव है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता का कहना है कि तनाव का असर हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर पड़ता है। यह हमें चिड़चिड़ा, निराशा से भरा हुआ और थका हुआ महसूस कराएगा जिससे नींद की समस्या उत्पन्न होती है। इसके साथ ही, स्ट्रेस के कारण हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी बीमारियां हमें घेर लेती हैं। तनाव या फिर इन स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में आप हमारे स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।



डॉ. एनके गुप्ता हेल्थ एक्सपर्ट

***तनाव के कारण:*** तनाव या स्ट्रेस होना एक सामान्य बात है। यह मानव शरीर को मानसिक और शारीरिक दोनों ही तरीकों से प्रभावित कर सकता है। तनाव होने पर कोर्टिसोल नाम का हार्मोन पूरे शरीर में फैल जाता है। इसके कारण दिल की धड़कन बढ़ जाती है और इसका प्रभाव शरीर और चेतना पर पड़ता है। तनाव, चिंता और उदासी विभिन्न प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा होता है। इस स्थिति के दौरान शरीर बड़ी मात्रा में रासायनिक कोर्टिसोल, एपिनेफ्रीन और नॉरपेनेफ्रिन नामक हार्मोन का निर्माण करता है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत देता है। काम का दबाव, परिवार की समस्याएं, आर्थिक समस्याएं, दुखद अनुभव जैसे किसी प्रियजन की मृत्यु या कोई दुर्घटना यह उदासी और निराशा के मुख्य कारण है, जो कहीं न कहीं एक व्यक्ति के जीवन में तनाव की स्थिति उत्पन्न कर सकती है।

***व्यायाम तनाव से राहत:*** एक्सपर्ट्स का मानना है कि व्यायाम तनाव से राहत दिलाने वाला एक बेहतरीन उपाय हो सकता है जो एंडोर्फिन (मस्तिष्क में अच्छा महसूस कराने वाले रसायन) को रिलीज करता है और आपको तनाव से बाहर निकालने में मदद करता है। विशेष रूप से चलना या दौड़ना लयबद्ध गति प्रदान करता है जो आपको अपना ध्यान फिर से समायोजित करने और तनाव से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। खेल से जुड़ाव भी तनाव से दूर रहने में मदद करता है।

**प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन**

## न्यूज ब्रीफ

### जनकल्याण संस्था ने बेटियों की शादी के लिए दिया सामान



**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** जनकल्याण संस्था तलवाड़ जयसिंहपुर समाज के गरीब कमजोर परिवारों की सहायता के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान दे रही है। संस्था की ओर से रविंद्र भाटिया, शेर सिंह चाडक, सीताराम ठाकुर, करमचंद कश्यप, संस्था के कोषाध्यक्ष त्रिलोक चौधरी, मास्टर किशोरी लाल धीमान, नानक चंद कटोच द्वारा बीना देवी धीमान निवासी मनयाड लंबागांव, मदनलाल धीमान निवासी बालक रूपी और अरुणा कुमारी पत्नी श्रवण कुमार निवासी टिकरी, जयसिंहपुर की बेटियों की शादी पर धाम का सामान भेंट किया। जयसिंहपुर उपमंडल में यह संस्था निर्धन परिवारों का चयन करके उनको हर संभव सहायता करती है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस नेक और पुण्य कार्य के लिए संस्था के सभी समाजसेवक बधाई के पात्र हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्वावलंबन से ही बनेगा विकसित भारत : दीपक



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के दो दिवसीय प्रान्त विचार वर्ग स्थानीय कृषि विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में संम्पन्न हुआ। इस वर्ग में दिल्ली से विशेष रूप से स्वदेशी जागरण मंच के केंद्रीय अधिकारी दीपक शर्मा और पंजाब हिमाचल प्रदेश जम्मू-कश्मीर के संघटक विनय कुमार उपस्थित हुए। समापन सत्र में कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ राजीव भारद्वाज व नीरज ठाकुर भी अतिथि रूप में उपस्थित हुए। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए दीपक ने कहा कि वर्ष 1700 तक भारत जीडीपी के मामले में सबसे अग्रणी पंक्ति में था। इसका मुख्य कारण भारत के नगर गांव स्वावलंबी थे। अगर फिर से हमें भारत को विकसित और समृद्ध बनाना है तो हमें स्वावलंबन के रास्ते पर पग बढ़ाना होगा और नौजवान युवक युवतियों को नए उद्यमों के लिए न केवल प्रेरित करना चाहिए बल्कि सहयोग भी करना चाहिए। इस अवसर सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि वह अपने क्षेत्र में स्टार्टअप कार्य में तेजी लाने के लिए प्रयासरत है।

### बिना शर्त दी जाए अपंग/विशेष योग्यता की पेंशन

**अजय पाल, पंचरुखी।** तहसील कल्याण अधिकारी के माध्यम से लगाई जाने वाली



अपंग/विशेष योग्यता की पेंशन उन लोगों को नहीं लगाई जा रही है, जिनके माता या पिता पेंशन लेते हैं। जिनकी अपंगता 40 प्रतिशत या इससे अधिक है। एक वर्ग ऐसा भी है जो ईपीएफ या सीपीएस की पेंशन लेते हैं और उनकी पेंशन वृद्धा अवस्था में मिलने वाली पेंशन से भी कम मात्र 800 या 1000 रुपए तक होती है। ऐसे लोग अपनी पेंशन बंद करवा कर वृद्धा अवस्था पेंशन लेना चाहते हैं तो उनकी समस्या का भी हल निकाला जाना चाहिए। प्रदेश कोली समाज जिला कांगड़ा के अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कालीदास ने मुख्यमंत्री सुक्खू व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. शांडिल से मांग की है कि माता-पिता या परिवार के अन्य सदस्य की आय की शर्त को हटाकर उन सभी अपंग/विशेष योग्यता वालों को बिना शर्त पेंशन लगाई जानी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### गौतम ललगोत्रा बने फायर ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जिला स्तरीय फायर ब्रिगेड की बैठक रविवार को प्रशामक देश राज की अध्यक्षता में कांगड़ा में हुई। इसमें पुरानी जिला कार्यकारिणी भंग कर सभी ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी का गठन किया। गौतम लालगोत्रा फतेहपुर प्रशामक को अध्यक्ष, रंजीत सिंह शाहपुर प्रशामक को उपाध्यक्ष, दिलबाग सिंह देहरा प्रशामक को मुख्य सलाहकार, रविंद्र कुमार कांगड़ा प्रशामक को जनरल सेक्रेटरी, सुनील कुमार धर्मशाला अग्रसर प्रशामक को कैशियर, संजय कुमार कांगड़ा प्रशामक को प्रेस सचिव व अनुपम कुमार नगरोटा प्रशामक, पवन कुमार जवाली चालक, अशोक कुमार शाहपुर प्रशामक,विनोद कुमार कांगड़ा प्रशामक, रविंद्र कुमार डाडासीबा प्रशामक को सदस्य के रूप में चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष गौतम लालगोत्रा ने उपस्थित सभी फायर ब्रिगेड सदस्यों का जिम्मेदारी देने के लिए आभार व्यक्त किया।

### संजय चौहान ने मौके पर निपटाई जनसमस्याएं

**राकेश डोगरा, डरोह।** रविवार को हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के



चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने थुरल में एक आम जनसभा में जनता की समस्याएं सुनीं। वहां उन्होंने सभा के प्रारंभ में जनता को विशेष समाचार दिया कि उनके निरंतर प्रयास और सुलह को प्रगति राह पर गतिशील करने को मद्देनजर मुख्यमंत्री ने सुलह विधानसभा को दो सिंथेटिक ट्रैक दे दिए हैं। इसकी संबंधित विभाग द्वारा जानकारी जनता को सार्वजनिक कर दी गई है। इस घोषणा से जनता में खुशी की लहर है। संजय चौहान ने इस जनसभा में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जिनमें सड़क की मरम्मत, पेयजल, सिंचाई जल, विद्युत की समस्याएं, सड़क की समस्याएं मुख्यतः थीं। जो भी सम्भव हो पाईं समस्याओं को तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों से निपटा दिया गया और जो काफ़ी देर से लंबित हैं उन्हें तुरंत सुलझाने के निर्देश भी दे दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि चलते बरसात के मौसम में सभी विभागों के कर्मियों से आग्रह है कि सचेत एवं तैयार रहें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। (अनंत ज्ञान)

### समीरपुर, जमानाबाद व खोली में बांटे तिरपाल



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** युवा भाजपा नेता चौधरी राजेश परियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारी बरसात के चलते जिन लोगों के घरों व गोशालाओं को नुकसान हो रहा है, उसके लिए इन लोगों के घरों में जाकर तिरपाल बांटे जा रहे हैं। इस कड़ी में रविवार को समीरपुर चकवान, जमानाबाद व खोली गांव के लोगों में यह तिरपाल बांटे गए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए यह सुविधा जारी रहेगी। इसके लिए उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष मुनीश शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नेक कार्य उनके द्वारा दिए गए सहयोग से ही किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुनीश शर्मा का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

# पूरी तरह से विफल रहा लोटस ऑपरेशन : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री ने मां ज्वालामुखी के जन्मदिवस पर माता रानी के किए दर्शन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**



ज्वालामुखी मंदिर में माथा टेकने पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व बेटी आस्था।

शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में मां ज्वाला का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। रविवार को प्रदेश सरकार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री अपनी बेटी आस्था सहित ज्वालामुखी में दर्शनों को पधारे। पुजारी नितिन शर्मा द्वारा उन्हें विधिवत पूजा-अर्चना करवाई गई और डिप्टी सीएम ने दिव्य ज्योतियों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधानसभा उपचुनाव में हुई जीत पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताया है और दो सीटें देहरा व नालागढ़ बड़े अच्छे मार्जिन से जीते हैं। देहरा से मुख्यमंत्री की पत्नी ने बड़े अंतर से जीती हैं और काफी अरसे के बाद कांग्रेस ने देहरा में अपना अस्तित्व कायम किया है। प्रदेश की जनता ने जो कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताया है वह उसके आभारी हैं और प्रदेश सरकार जनता के साथ किए गए वादे को पूर्ण करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बीजेपी का लोटस ऑपरेशन पूरी तरह से विफल हो गया है। बीजेपी ने राजनीतिक अराजकता फैलाने की कोशिश की।

पिछले चार महीनों से उपचुनावों के चक्कर में कई प्रकार के दुष्परिणाम देखने को मिले पर बीजेपी अपने मनसूबों में कामयाब नही हुई। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश सरकार में पहले भी 40 सीटें कांग्रेस की थी और अब मजबूती से फिर 40 सीटें हो गई हैं। बीजेपी ने जो षड्यंत्र रचा था वह पूरी तरह से असफल हो गया है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। वह प्रदेश को वित्तीय क्षेत्र में उभारने व विकास की दृष्टि से उभारने के लिए मददगार साबित होना चाहिए। जनता ने बीजेपी को पूरी तरह से नकार दिया है और विपक्ष में बिठाया है। (अनंत ज्ञान)

### मंदिर न्यास ने भेंट की माता की चुनरी और सिरोपा

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने मंदिर में मोदी भवन, योगिनी कुंड व शयन भवन में भी दर्शन किए। मंदिर न्यास की तरफ से उन्हें माता की चुनरी व सिरोपा भी भेंट किया गया। उपमुख्यमंत्री थोड़ी देर के लिए मंदिर में रुके और माता ज्वाला का गुणगान किया। उपमुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मां ज्वाला के जन्म दिवस पर वह अपनी बेटी सहित मां ज्वाला के दर्शनों को यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि माता ज्वाला का आशीर्वाद हमेशा ही ऐसे ही सभी पर और प्रदेश की जनता पर बना रहे। यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और आस्था का और विश्वास का सबसे बड़ा प्रतीक है। हिमाचल देवभूमि है और यहाँ देवी देवताओं के वास से अलौकिक पवित्रता है।

## ई-कनेक्टिविटी सुविधा से जोड़े जाएंगे हिमाचल के प्रमुख मंदिर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

राज्य के शक्तिपीठ हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रमुख मंदिरों को ई-कनेक्ट करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है जिससे भक्तों को घर बैठे ही दर्शन की सुविधा सुनिश्चित होगी। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को ज्वालामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत दी। इस दौरान उनकी बेटी डॉ.आस्था अग्निहोत्री भी साथ मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य के मंदिरों, शक्तिपीठों में हवन, भंडारा और जागरण समारोहों के लिए आनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एक पायलट योजना आरंभ की है। इस डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से श्रद्धालु मंदिर के पुजारियों से भी जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों के अनुभवों को और सुखद बनाने के लिए सरकार प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण तथा बुनियादी ढांचे के विकास पर भी कार्य कर रही है। श्रद्धालुओं को मंदिरों में विश्राम के लिए भी बेहतर सुविधाओं पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के तीर्थ स्थान पर्यटन का केंद्र बिंदु है तथा इसी दृष्टि से मंदिरों को विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है ताकि तीर्थाटन के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

उन्होंने कहा कि ज्वालाजी मंदिर हिमाचल का एक प्रमुख शक्तिपीठ है तथा इसे सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आए। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कला तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए भी सरकार कारगर कदम उठा रही है इस बाबत हिमाचल की विभिन्न कलाओं को देश भर में पहचान दिलाने के लिए सार्थक पहल की है। (अनंत ज्ञान)

## श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में लगा मां के भक्तों का तांता



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

रविवार को श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में मां के दर्शनों को सुबह से ही श्रद्धालुओं का लगा तांता। सुबह मंदिर के कपाट खुले ही भरी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शनों को कतारों में खड़े दिखे। सैकड़ों की तादात में श्रद्धालु ढोल-नगाड़े बजाते हुए मंदिर में पहुंचे।

गौरतलब है कि साथ लगते राज्यों में अब छुट्टियां खत्म हो रही हैं, जिससे की लोग अब अपने घरों का रुख कर रहे हैं व जाते जाते मां के चरणों में हजारी लगा रहे हैं। कांगड़ा के व्यापारी भी इस बार काफी खुश देखे जा रहे हैं क्योंकि यहां भरी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से उनके व्यापार में भी अच्छी खासी वृद्धि देखने को मिली वहीं मंदिर प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं को तमाम सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मंदिर ट्रस्ट के नवनियुक्त ट्रस्टी अशोक हिमाचली का कहना है कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई कमी न आए इसके लिए हम लोग दिन-रात कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)

## बार-बार याद दिलाने के बाद भी देरी से मिली पेंशन : फुल्ल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पेंशनर्स सभा के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार फुल्ल ने रविवार को आयोजित सभा की कार्यकारिणी बैठक में बताया कि कृषि विश्वविद्यालय ने पेंशनर्स को किसी भी प्रकार का उनका लाभ देने में हाथ खड़े कर दिए हैं। इस बार तो पेंशन भी 1 जुलाई की बजाय 5 जुलाई को बार-बार याद दिलवाने पर रिलीज की गई । अतः सभा को यह कड़ा निर्णय लेना पड़ रहा है कि अब और प्रतीक्षा किए बिना बाकी के मुद्दों पर भी हाईकोर्ट में अलग-अलग कर याचिकाएं डाल दी जाएगी जिनमें प्रमुख रूप से रिवाइज्ड पीपीओ इशू करवाने के लिए ,संशोधित पेंशन अलाउंस प्राप्त करने के लिए, मेडिकल रीइंबर्समेंट का तुरंत भुगतान करने हेतु तथा संशोधित वेतनमान के अनुसार दूसरी बकाया राशि का भुगतान करवाने हेतु भी याचिका डाली जाएगी। तभी आशा की किरण दिखाई देगी।

## धारकंडी क्षेत्र की सभी पंचायतों को मिलेगी सड़क सुविधा : पठानिया

### उप मुख्य सचेतक ने भलेड़ में पौधा रोपकर शुरू किया पौधरोपण अभियान

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



शाहपुर के धारकंडी क्षेत्र के सभी पंचायतों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि धारकंडी क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके। यह बात उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के भलेड से दुल्ली सड़क भूस्खलन आपदा शमन कार्य के भूमि पूजन करने के उपरांत कही। इसके साथ ही भलेड़ में पौधा रोपकर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ भी किया।

उन्होंने कहा हमारी सरकार प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निरंतर विकासात्मक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा चंगर और पिछड़े क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा भलेड से दुल्ली सड़क आपदा के कारण कई वर्षों से दयनीय स्थिति में थी भूस्खलन आपदा शमन कार्य के होने से यहां के हजारों लोगों को इससे सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा इस कार्य के लिए लगभग 8.40 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं जिसमें से 2.40 करोड़ रुपये का कार्य शुरू हो गया है।उन्होंने कहा इस क्षेत्र में बिजली की समस्या को दुरुस्त करने के लिए नए पावर प्रोजेक्ट और नए ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने सभी से निरंतर पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने जायका के सहयोग से ट्रेनिंग कर चुके रोशनी स्वयं सहायता समूह को 7 सिलाई मशीनें वितरित कीं। इन मशीनों की सहायता से गांव की महिलाओं को आजीविका कमाने में मदद मिलेगी। उन्होंने जायका और फॉरेस्ट विभाग के कार्य की प्रशंसा की जो मिलकर 20 पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों के लिए कार्य कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### खोली में खुला कृषि सेवा सहकारी सभा का कार्यालय

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** विकास खंड कांगड़ा के तहत पड़ती ग्राम पंचायत खोली में कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का कार्यालय खोला गया, जिसका शुभारंभ कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल ने किया। बता दें कि खोली गांव आज दिन तक कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का कार्यालय नहीं था। पंचायत प्रधान केवल चौधरी ने कहा कि इस कार्यालय के खुलने से लोगों को सुविधाओं का लाभ होगा, जैसे की कृषि संबंधी सभी लाभ यहां पर लोगों को मिलेंगे। इसके साथ ही लोगों को ऋण के लिए अब बैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)



### अमीरों को मुफ्त बिजली न देने का फैसला सही

**अजय पाल, पंचरुखी।** हिमाचल सरकार ने कैबिनेट मीटिंग में हिमाचल में टैक्स पेड परिवारों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त न देने के फैसले को लोगों ने मुख्यमंत्री का सराहनीय कदम बताया। लोगों का कहना है कि सरकार को स्वास्थ्य व शिक्षा के अलावा कुछ भी मुफ्त नहीं देना चाहिए, ताकि जो सरकारों पर करोड़ों के कर्ज का बोझ है, उसमें कुछ कमी आए और प्रदेश का विकास हो सके। सभी सरकारें चुनावों के समय बड़े-बड़े वादे कर देते हैं और चुनाव जीत जाने के बाद उन वादों को पूरा करने के लिए कर्ज लेकर सरकार चलानी पड़ती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। लोगों का कहना है कि अगर सरकारें मुफ्त देने के बजाय उनका मूल्य कम करके लोगों को उपलब्ध करवाए तो प्रदेश की आर्थिकी मजबूत होगी। (अनंत ज्ञान)

### जिला स्तरीय सब-जूनियर अंडर-15 एवं अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

## अंडर-15 एकल मुकाबले में सूर्यांश विजेता

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



धर्मशाला इनडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय सब-जूनियर अंडर 15 एवं अंदर 17 बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया गया। प्रतियोगिता का समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक निदेशक डी पोलो होटल धर्मशाला सुचेत सोंधी द्वारा किया गया। वशिष्ठ अतिथि के रूप में जनरल मैनेजर असीम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील मनोचा ने मुख्य अतिथि को समृद्धि चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी पवन चौधरी गौरव चड्ढा, संदीप ढींगरा, अनुभव बालिया, रविंद्र कपूर उपस्थित रहे। अंडर-15 लड़कों के एकल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी के सूर्यांश ने बैजनाथ के अरनव सोनी को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कियों के एकल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी की अवनी ने धर्मशाला की पलक यादव को हराकर खिताब अपने नाम किया।

अंडर-17 लड़कों के एकल मुकाबले में ऋतुल विजेता तथा अंशुमन उप-विजता रहे । अंडर-17 लड़कियों के एकल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी की भारती शर्मा विजेता अमृता उपविजेता हे। अंडर-15 लड़कियों के युगल मुकाबले में धर्मशाला की पलक यादव एवं अनुशी ने कपूर बैडमिंटन अकादमी के आरुषि एवं अवनी को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर 15 लड़कों के युगल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी के अरनव सोनी एवं अटल मेहता की जोड़ी ने नगरोटा बगवां के अस्तित्व एवं रुद्राक्ष को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 लड़कियों के युगल मुकाबले में अमृता एवं भारती शर्मा की जोड़ी ने अवनी एवं दिव्यांशी को हराकर खिताब अपने नाम किया।

बता दें कि धर्मशाला इंदौर स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ था। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी प्रो. विजय शर्मा ने किया। (अनंत ज्ञान)

## अब दो महीने वीरान दिखेगा बीड़ बिलिंग घाटी का नीला आसमान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक खेलों के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़ बिलिंग घाटी अब अगले दो महीनों के लिए वीरान हो जाएगी। बीड़ बिलिंग के नीले आसमान में रंग-बिरंगी तितलियों की तरह मंडराने वाले पैराग्लाइडर नजर नहीं आएंगे। इस घाटी में 15 सितंबर तक बिलिंग से पैराग्लाइडिंग, टेंडम उड़ानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

गौर हो कि बरसात के कारण पर्यटन विभाग द्वारा लंबे समय से बिलिंग में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर रोक लगाई जाती है, जिसका मुख्य कारण है कि भारी बारिश होने के चलते टेक ऑफ साईट बिलिंग ब लैंडिंग साइड क्योर में फिसलन बढ़ जाती है, जिस कारण टेंडम उड़ान के दौरान पर्यटकों की जान को जोखिम में नहीं डाला जा सकता। इसी को लेकर प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा यह प्रतिबंध लगाया जाता है। इसी बीच बिलिंग में अगले दो महीनों तक पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर रोक के चलते बीड बिलिंग घाटी बिलकुल सूनी हो जाती है। पैराग्लाइडिंग से जुड़े टैक्सी चालकों,होटल रेस्टोरेंट कैंपिंग साइट वालों का धंधा दो माह तक चौपट रहता है। उधर, पैराग्लाइडिंग साडा सुपरवाइजर रण विजय का कहना है कि प्रशासन के आदेशों के चलते 15 जुलाई से 15 सितंबर तक पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। (अनंत ज्ञान)

**जनसुनवाई** लोगों की समस्याएं हल करने को रणवीर सिंह निक्का लगा रहे जनता दरबार

## विधायक के पास हर दिन समस्याएं लेकर पहुंच रहे लोग

**संजीव महाजन, नूरपुर**



विधायक रणवीर सिंह निक्का के पास समस्याएं लेकर पहुंचे लोग।

नूरपुर विधायक रणवीर सिंह निक्का के जनता दरबार में नूरपुर विधानसभा के लोग प्रतिदिन अपनी समास्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं विधायक रणवीर सिंह निक्का प्रतिदिन आए लोगों की समास्याओं को सुन रहे हैं और उनका समाधान भी कर रहे हैं और समाधान करवाने की कोशिश करते हैं, ताकि लोगों की कार्य जल्द हो सकें।

विधायक रणवीर सिंह निक्का से मिलने कल्याण सीमित लौहारपुरा के सदस्य पहुंचे। कल्याण सीमित लौहारपुरा का मुख्य उद्देश्य गरीब लोगों की, गरीब बीमार सेवा, गांव के विकास कार्यों में सहयोग करना, बच्चों और युवाओं,समाज को नशे से दूर रखना व समाज में फैल रही कुरीतियों को लेकर जागरूक करना तथा जनकल्याण सेवा करना है। कल्याण सीमित लौहारपुरा प्रधान हरी सिंह ने कहा कि आज हम कल्याण सीमित लौहारपुरा के सभी सदस्य विधायक रणवीर सिंह निक्का से मिलने आए हैं और अपनी कमेटी के बारे में बात की है उन्होंने हमें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है और हमें कहां है कि आप हमें जो भी जनकल्याण सेवा का कार्य बताएंगे हम उसमें सहयोग अवश्य करेंगे हमारी समिति का मुख्य उद्देश्य जनकल्याण कार्यों को करना, नशे की लत जो फैल रही है उसे रोकना तथा जिन गरीब लोगों के अगर कार्य नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें करवाना है।

डन्नी पंचायतवासी प्रीतम ने कहा कि हमारे गांव में बस सुविधा की समास्या है क्योंकि जो भी बस उस तरफ जाती है वह डन्नी से वापस चली जाती है। डन्नी से मलकबाल को दो किलोमीटर एरिया है उसके बीच केवल एक बस जो 12 बजे जाती है उसके बाद कोई बस सर्विस नहीं है हमारे यहां से लोग पैदल चल कर जाते हैं तभी उन्हें बस मिलती है। वह इस समास्या को लेकर विधायक निक्का के पास आया हैं और विधायक रणवीर सिंह निक्का के हमें आश्वस्त किया है कि वह जल्द इस समास्या का समाधान करवाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## सुलह कांग्रेस कमेटी ने दी सीएम को जीत की बधाई



**राकेश डोगरा, डरोह**

हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय चौहान ने सुलह चुनाव क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों तथा कांग्रेसियों सहित देहरा से कांग्रेस विजेता प्रत्याशी कमलेश ठाकुर तथा नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक महिला प्रत्याशी होने तथा राजनीति में पहली बार अपना कदम रखने वाली कमलेश ठाकुर का प्रदर्शन अत्यंत प्रशंसनीय रहा। चौहान ने आगे कहा कि देहरा से संबंध रखने वाली कमलेश ठाकुर को एक प्रगति प्रतीक मानते हुए स्वीकार किया है और स्वभाव से प्रगतिशील कमलेश ठाकुर अवश्य ही जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्ति केंद्र बणी में युवक की संदिग्ध मौत

**एसके ठाकुर बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के धबड़ियाणा पंचायत में नशा मुक्ति केंद्र बणी में एक युवक की मौत का समाचार प्राप्त हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अमित कुमार पुत्र रमेश चंद नशा केंद्र में मृत मिला। बड़सर पुलिस मौके पर पंहुच गई है। मंडी से फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई है। नशा केंद्र हुई मौत के तथ्य को खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार जिस युवक की मौत हुई है उसकी आयु 25 साल है। केंद्र का संचालक व स्टाफ मौके से फरार है, जो युवक केंद्र में रहते थे वह खिड़कियां तोड़ कर बाहर निकले। उसके बाद वह थाने के पास पहुंचे। दिन भर थाना में डेरा लगाए रहे। युवाओं का मेडिकल भी पुलिस ने करवाया है। तीन महीने से सेंटर में रहे युवक ने बताया की कमरों में ताले लगाए थे। कई युवाओं को पुलिस ने उनके परिजनों के हवाले किया है। करीब पांच युवक अभी थाने में अपने परिवार जनों का इंतजार कर रहे हैं। एसपी हमीरपुर में भी मौके वरदात का जायजा लेने के लिए नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। युवक की कैसे मौत हुई पुलिस हर एंगल से तथ्यों की जांच में जुटी है। नशा केंद्र में मृत युवक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल हमीरपुर में करवाया जा रहा है। एसडीपीओ बड़सर सचिन हरिमठ के अनुसार पुलिस ने नशा केंद्र के संचालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समिति ने 11 लोगों को दी सहयोग राशि

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** दरिद्र नारायण कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम कृष्णा नगर में मासिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक उर्मिला पटियाल सेवानिवृत्त उपनिदेशक सामाजिक कल्याण विभाग की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 11 पात्रों लोगों को 11000 रुपए की सहयोग राशि बांटी गई तथा मिष्ठान भी दिए गए। इनमें गुड्डी देवी कंगरी, ममता देवी नडियाना, तनुप्रिया पांडवी, सीमा देवी हमीरपुर, सुनीता देवी अमरोह, शिब्बी देवी डरबैली, अंजना देवी धंगोटा, रीना देवी कंगरी, कश्मीरी देवी हमीरपुर, कमलेश कुमारी झनियारी, विजय कुमार डुग्गा शामिल रहे। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश प्रधान मिलाप सिंह, कोषाध्यक्ष तिलक राज शर्मा, समाजसेवी संजू बाबा जी, डॉ. चमन कांत, अमित ठाकुर एवं रजनीश जम्बाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संस्था से जुड़े सभी सदस्य गण एवं पात्रों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। (अनंत ज्ञान)

### युवक से 2.44 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** नशे को जड़ से समाप्त करने के अभियान के तहत जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर के बाहर गाड़ी में बैठे एक युवक से पुलिस ने 2.44 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने युवक से पूछताछ कि तो उसने पता गांव सनाही तहसील नादौन बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि युवक गाड़ी में जा रहा तो पुलिस ने गाड़ी को रोका और युवक की तलाशी ली तो युवक से 2.44 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### 400 मीटर फ्री स्टाइल में जैस्मिन ने जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** चंडीगढ़ के स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल में आयोजित सीआईएससीई रीजनल स्विमिंग चैंपियनशिप में ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। अंडर-14 श्रेणी में जैस्मिन ने 400 मीटर फ्री स्टाइल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ 200 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी में कांस्य पदक भी जीता। जैस्मिन ने न केवल स्कूल को गौरवान्वित किया, बल्कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य भी अर्जित किया है। प्रगति बिष्ट ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रतिस्पर्धा में रजत पदक और 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता, जबकि मानव प्रकाश गुप्ता ने 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# हमीरपुर में अतिक्रमण पर आज से कसेगा शिकंजा

## दुकान के बाहर और नालियों पर फड़ी लगाकर सामान बेचने का रिवाज होगा खत्म

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर की सड़कों पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण पर आज से गाज गिरनी शुरू हो जाएगी। नगर परिषद में इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को शहर में अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी जाएगी और फिर अगले रोज से उन सभी स्पाट को खाली कर दिया जाएगा, जहां पर अतिक्रमण की वजह से शहर 'बेसुध' हो चुका है।

**नगर परिषद ने की बड़ी होशियारी से अब तैयारी**

काबिले गौर यह है कि पिछले लंबे समय से मुख्य शहर की सड़क तो अतिक्रमण ने इतनी संकरी कर दी है, जिस कारण राहगीरों को दिक्कत हो ही रही है। वाहनों की वजह से भी परेशानी है। जहां-तहां, जैसे चाहें वाहन खड़े हो जाते हैं। गांधी चौक से लेकर मेडिकल कॉलेज चौक तक हालात अब बेहद खराब हो चुके हैं। रेहड़ी-फड़ी वाले भी जहां चाहें वहीं पर कब्जा जमा चुके हैं। शहर के मध्य में तो सब्जी बेचने वालों की ऐसी स्थिति बन चुकी है कि सड़क तक सामान बिछा कर हालात लगातार खराब हो चुके हैं, इसलिए कुछ समय से हमीरपुर में चुनाव प्रचार संहिता के कारण भी इस अतिक्रमण ने पांव पसारे हैं। एक तरफ हमीरपुर शहर को सुंदर बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन रेहड़ी फड़ी वाले अभी इससे बचे हुए थे। लेकिन अब उनकी बारी है। (अनंत ज्ञान)




ऐसा है अतिक्रमण का हाल।

**क्या कहते हैं ईओ अजमेर ठाकुर**

**इधर** ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि सब कुछ ठीक होगा थोड़ी मोहल्लत दे दीजिए। अतिक्रमण नहीं दिखेगा शहर का हर हिस्सा खूबसूरत होगा। थोड़ा वक्त तो लगता ही है। इसलिए इंतजार करो, सब अच्छा होगा।

## कृष्णा हॉस्पिटल के सामने बना फुटपाथ दे रहा हादसों को न्योता

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर बस अड्डा के साथ कृष्णा हॉस्पिटल के सामने वाले फुटपाथ की स्लैब टूटी हुई है, जिसमें ठोकर लगने से बूढ़े बुजुर्ग या महिला को गंभीर चोट आ सकती है। यही नहीं अगर टूटी स्लैब के अंदर किसी बूढ़े व्यक्ति महिला या बच्चे का पैर घुस जाता है तो उसकी पर या टांग की हड्डी भी टूट सकती है।



हमीरपुर बस अड्डा के साथ बने फुटपाथ का चित्र।

एक तरफ स्लैब टूटे होने की वजह से हादसे का खतरा है, तो इस स्लैब से निकले हुए सरिए राहगीरों के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। इस फुटपाथ की स्लैब कई दिनों से टूटी हुई है, लेकिन इसकी कोई सुध नहीं ले रहा। लोगों को इस फुटपाथ पर आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस फुटपाथ पर रोजाना बच्चे बूढ़े हजारों के हिसाब से लोग गुजरते हैं एलआईसी कांप्लेक्स के बाहर से शुरू होने वाले यह फुटपाथ हमीरपुर बस अड्डे तक जाता है। बस अड्डा से कुछ दूरी पर फुटपाथ की स्लैब टूटी हुई है। यहां पर पुराना ही फुटपाथ है, हालांकि अन्य जगहों पर बेहतर फुटपाथ का निर्माण किया गया है। यहां पर अभी भी स्लैब वाला ही फुटपाथ है। राहगीरों संदीप कुमार, रीना देवी, दीपक कुमार, राजकुमार, रमेश कुमार आदि ने संबंधित विभाग से मांग की है कि इस स्लैब को ठीक करवाया जाए ताकि लोग गिरने से बचें। (अनंत ज्ञान)

## आशीष शर्मा के घर पर जश्न जारी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा के विधायक आशीष शर्मा के घर पर बीते रोज से ही जारी जश्न का माहौल रविवार को भी चलता रहा। उनके मुलाना (बोहणी) स्थित घर पर बड़ी तादाद में लोगों के आने का सिलसिला सुबह से ही जारी था। दिनभर महिलाओं की टोलियां आशीष शर्मा जिंदाबाद और उनके समर्थन में पहाड़ी गीत गाते हुए घर पर पहुंच रही हैं।



बधाई देने वालों के साथ आशीष शर्मा।

भाजपा के हमीरपुर जिला और खासकर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले भाजपाई लगता पहुंच रहे हैं। बधाई देने वालों का वहां पर तांता लगा हुआ है घर के भीतर उनके समर्थन में महिलाएं पहाड़ी गीत गा रही हैं। याद रहे उपचुनाव में आशीष 1571 मतों से विजयी रहे थे। आशीष शर्मा दिन भर लोगों से मिलते रहे, जो उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर पर पहुंच रहे थे।

दरअसल में आशीष किया की छोटी नहीं है भले ही उन्हें 1571 मतों से यहां जीत मिली है लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के इस गृह जिले में सरकार की मौजूदगी में आरोपी के भंडार के बीच जीत हासिल करना इतना आसान नहीं था, जबकि भाजपा के भीतर भी भीतरघात का आशीष ने डटकर मुकाबला किया। जिस रणनीति के तहत उन्होंने अपनी टीम और भाजपा के कुनबे के साथ सामजस्य स्थापित करके वोटिंग के दिन तक काम किया, यह जीत उसी वजह से उन्हें हासिल हुई है। (अनंत ज्ञान)

## धारा 118 की मंजूरी लेकर खोले गए होम स्टे हो सकते हैं बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में बाहरी राज्यों के लोगों की ओर से धारा 118 की मंजूरी लेकर खोले गए होम स्टे को सरकार बंद कर सकती है। आने वाले दिनों में सरकार इसको लेकर बड़ा फिसला ले सकती है।

प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के लिए सरकार ने विकल्प के तौर पर स्टे खोलने की योजना शुरू की थी, लेकिन हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर बाहरी राज्यों के बहुत से लोगों ने सरकार से अनुमति लेकर धारा 118 के नियमों दुरुपयोग कर होम स्टे खोल दिए हैं। शिमला में हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम-2024 का प्रस्ताव तैयार करने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें इस तरह कड़े फैसले लिए जाने को लेकर चर्चा की गई। जिस पर अब अगली बैठक में अंतिम निर्णय होना है।

प्रदेश में बिना पंजीकरण चल रहे होम स्टे और बीएंडबी को बंद करने पर भी चर्चा हुई। उप-समिति के सदस्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रस्तावित प्रारूप तैयार करने के लिए भी बहुमूल्य सुझाव दिए। इस दौरान पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग प्रारूप नियमों को संशोधित कर आगामी बैठक में उप-समिति के समक्ष लाया जाएगा।

**क्या है धारा 118?**

**हिमाचल** प्रदेश किरायेदारी और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 के तहत हिमाचल के लोगों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए एक विशेष प्रावधान किया गया है। इस एक्ट में धारा 118 के तहत गैर-कृषकों को जमीन ट्रांसफर करने पर प्रतिबंध होगा, यानी हिमाचल का गैर-कृषक भी यहां पर जमीन नहीं खरीद सकता है। हिमाचल में धारा 118 की जरूरत इसलिए पड़ी कि प्रदेश को साल 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। देश के 18वें राज्य के रूप में हिमाचल अस्तित्व में आया तो एक साल बाद ही भूमि सुधार कानून लागू हो गया। कानून की धारा 118 के तहत कोई भी बाहरी व्यक्ति कृषि की जमीन निजी उपयोग के लिए नहीं खरीद सकता है। फिर लैंड सीलिंग एक्ट में कोई भी व्यक्ति 150 बीघा जमीन से अधिक नहीं रख सकता।

## सर्व समाज कल्याण सभा ने जरूरतमंद लड़कियों को शादी के लिए दी आर्थिक सहायता

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन के कस्बा बड़ा की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा ने क्षेत्र के दो जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए आज आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस दौरान संस्था के प्रधान सुभाष कौडल, महासचिव देवराज गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सुंदर्शन जरियाल, परमजीत सिंह, जगदीश पटियाल, गुरदियाल सिंह, अजीत शर्मा के अतिरिक्त संस्था के ओर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संस्था के महासचिव देवराज गोस्वामी ने बताया की संस्था द्वारा पंचायत बड़ा की निवासी विनोद कुमारी गांव दोबड़ खुर्द एवं महिंद्र सिंह गांव धंगड़ के निवासी को उनकी लड़कियों की शादी के लिए 5100-5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था द्वारा आर्थिक सहायता की इस राशि के चेक संस्था के सदस्य जगदीश पटियाल एवं व्ययोवृद्ध सदस्य गुरदियाल सिंह के द्वारा प्रदान किए गए।



कस्बा बड़ा की विनोद कुमारी एवं महिंद्र सिंह को आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुभाष कौंडल ने विशेष वार्ता के दौरान बताया कि क्षेत्र की गैर-राजनीतिक संस्था सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा अब तक काफी संख्या में जरूरतमंद लोगों कों आर्थिक सहायता कर चुकी हैं। संस्था इसके अतिरिक्त क्षेत्र के समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं, जिनमें से मुख्य शनिदेव मंदिर बड़ा के लिए मुख्य मार्ग से मंदिर तक संपर्क रास्ते का निर्माण करवाना एवं कस्बा बड़ा में नादौन केयर फाउंडेशन एवम प्रेस क्लब नादौन के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर के आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज करवाना मुख्य हैं। प्रधान ने बताया कि वर्तमान समय में इस संस्था में 50 से अधिक सदस्य हैं। सभी सदस्य क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में एवं जरूरत मंद लोगों की सहायता करने में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

## संघ के कार्यों में अड़ंगा डाला तो होगी कार्रवाई: अविनाश

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी ने बताया कि हमारी यूनियन का गठन 18 दिसंबर 2022 को राजस्व अंशकालीन कर्मचारी संघ का गठन किया गया था और जिसका नाम बदलकर राजस्व अंशकालीन कर्मचारी संघ व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी रखा गया। जब यूनियन का गठन हुआ था तो उसमें सर्वसहमति से प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार और उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी व अन्य सदस्य गण चुने गए थे। जब यूनियन का गठन हुआ था, तब यूनियन ने मुख्य शर्त रखी थी कि जब तक राजस्व विभाग में 12 जिलों के अंशकालीन कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी नहीं बन जाते तब तक किसी भी तरह की यूनियन का गठन नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों ने यह निर्णय लिया था कि हम तब तक निरंतर इसी यूनियन के साथ कार्य करते रहेंगे, लेकिन शिमला के किशोर चूनटा और सुरेश पुसेटा यूनियन के कार्यों में अड़ंगा डालने की कोशिश करते हैं। भविष्य में अगर कर्मचारियों के भविष्य के साथ इन व्यक्तियों ने खिलवाड़ करने की कोशिश की तो इन व्यक्तियों के ऊपर उचित से उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी ने कहा कि वे इनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए व अपने कर्मचारियों के हित के लिए सदैव खड़े रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

## भरेड़ी बाजार बने नगर पंचायत




भरेड़ी की मासिक बैठक शिवालिक हाउस में हुई।

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक शिवालिक हाउस में हुई, जिसकी अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. बीआर शर्मा ने की। सर्वप्रथम भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, सबडिवीजन यूनिट भोरंज के आजीवन सदस्य बनने वाले सभी सदस्यों की सभी ने सराहना की तथा इस अच्छे कार्य के लिए हमें प्रोत्साहित करने के लिए भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप का विशेष धन्यवाद किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि भरेड़ी बाजार की घनी आबादी तथा बढ़ते व्यापार को ध्यान में रखते हुए इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए। इस संबंध में कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वरिष्ठ नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही एसडीएम भोरंज से मिलेगा।

सदन ने राजकीय आदर्श प्राथमिक पाठशाला भरेड़ी की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समारोह मनाने पर भी विस्तार से चर्चा की। विद्यासागर शर्मा पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच व वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी के महासचिव ने बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कैप्टन राजिंदर सिंह बीडीसी चेयरमैन, डॉ. बीआर शर्मा, केएस भंडारी सेवानिवृत्त वरिष्ठ जनरल मैनेजर बीएचईएल, बीसी कौशल सेवानिवृत्त मुख्य कोच वॉलीबॉल एनआईएस, चुनी लाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## तिनन वैली ने बढ़ाया स्वच्छता की ओर कदम

**कमलेश वर्मा, केलांग**

तनन वैली होम स्टे एसोसिएशन ने स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाए हैं। एसोसिएशन के सदस्यों ने मिल-जुलकर घाटी में सफाई अभियान चलाया। सभी ने अपने क्षेत्र से 181 बैग कूड़ा-कचरा एकत्रित कर रांगड़ी कूड़ा सयंत्र केंद्र मनाली के लिए भेजा।

पर्यटन से जुड़े कारोबारियों के लिए तिनन वैली होम स्टे एसोसिएशन के सदस्य प्रेरणा स्रोत बने हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ घाटी को साफ-सुथरा रखने की यह पहल सराहनीय है। यह सफाई अभियान खंगसर व गोंदला पंचायत के सभी पर्यटन स्थलों में चलाया गया। अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन ने भी सहयोग दिया।

प्रशासन ने कूड़े के लिए बोरियों व कूड़ा ले जाने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था की। एसोसिएशन के सदस्यों ने साफ-सफाई करने के साथ साथ ग्रामीणों व पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को कूड़े कचरे के दुष्प्रभाव से भी परिचित करवाया और सफाई के प्रति प्रेरित किया। तिनन होम स्टे एसोसिएशन के प्रधान नितिन डोगरा, उपप्रधान राहुल मनेपा, सचिव राहुल कुमार व कोषाध्यक्ष सुशील शाशनी ने बताया कि एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने इस अभियान में अपना सहयोग दिया।




तिनन वैली होम स्टे की ओर से साफ-सफाई करने के बाद एकत्र किया कूड़ा।

उन्होंने बताया कि वे लोग अपने क्षेत्र में गंदगी को पनपने नहीं देंगे और समय समय पर सफाई अभियान को अंजाम देंगे। उन्होंने बोरियां व गाड़ी उपलब्ध करवाने के लिए लाहुल-स्पीति प्रशासन का आभार जताया। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि 181 बोरियां कूड़े-कचरे की जमाकर मनाली सयंत्र केंद्र में भेज दी है। इस सफाई अभियान में राकेश फुगतल, उमेश गोंदला, रमेश दालंग, सूरज प्रधान गोंदला, अजय ठाकुर व सेम शाशनी ने भी सफाई अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**परिचर्चा** — हमीरपुर के बिजली उपभोक्ताओं को सुक्खू सरकार का फ्री बिजली वापस लेना नहीं आया रास

# 300 देना तो दूर, 125 यूनिट से भी मुकरी सरकार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट की मीटिंग में 20 प्रतिशत अमीर और आयकर देने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को दी जाने वाली सब्सिडी पर 125 यूनिट फ्री देने वाली योजना बंद कर दी है। अधिकतर लोगों ने सरकार के इस फैसले की सराहना की, जबकि कई लोगों ने इसे केवल चुनावी मुद्दा ही बताया। लोगों का कहना है कि एक घर में एक मीटर पर ही 125 यूनिट फ्री बिजली दिए जाने की सराहना की है। इस बारे में आम लोगों से राय जानी।

**चिराग** कानूनगो ने बताया कि उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट फ्री बिजली योजना बंद नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जो आयकर देते हैं या अमीर हैं उनकी सुविधा बंद करना तो ठीक है, लेकिन सरकार को यह फ्री वाली योजना शुरू नहीं करनी चाहिए थी।



**प्रदीप** शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि चुनावों के समय 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा सरकार नहीं निभा पाई। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड को घाटा हो रहा है तो प्रदेश सरकार को इस बारे में पहले सोचना चाहिए था।



**रमेश** चंद डोगरा ने बताया कि यह बिलकुल गलत है सभी अमीर डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स देते हैं। इसके अलावा आयकर भी देते हैं। उन्होंने कहा कि 300 यूनिट बिजली फ्री देना तो दूर 125 यूनिट फ्री बिजली दे रहे थे उसे भी बंद कर दिया। चुनावों के समय ऐसे वादे नहीं करने चाहिए जो पूरे न किए जा सकें।



**रमेश** कुमार ने बताया कि सरकार ने कैबिनेट में जो फैसला लिया है वो सही है। उन्होंने कहा कि सरकार चलाने के लिए वित्तीय व्यवस्था करनी होती है यदि सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली देने का निर्णय वापस लिया है तो यह सरकार और जनता की भलाई के लिए है।



**राकेश** डोगरा ने कहा कि यह ठीक है कि विद्युत बोर्ड को घाटा हो रहा है, लेकिन राशन में सब्सिडी, मुफ्त शिक्षा और इलाज दिया जा रहा है उसे ही सही ढंग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी राज्य की धरोहर है उससे होने वाली आय से ही लोगों को सब्सिडी और 125 यूनिट बिजली दे रही है।



**अशोक** ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार का यह फैसला सही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि सभी फ्री बिजली की जगह प्रति यूनिट रेट कम कर दे, लेकिन बिल सभी दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्री सुविधाओं से लोगों को गलत आदतें पड़ रही हैं जिससे लोग काम करना तक छोड़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### भड़ियांकोठी पंचायत में व्यक्ति ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा शहर के साथ लगती भड़ियांकोठी पंचायत में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान अनूप कुमार आयु 39 वर्ष पुत्र वजर सिंह गांव मरड़ा डाकघर भड़ियांकोठी तहसील व जिला चंबा के तौर पर की गई है। मृतक पेशे से कारपेंटर का काम करता था। फिलहाल मृतक के आत्मघाती कदम उठाने के सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार को मेडिकल कॉलेज चंबा में शव का पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार अनूप कुमार रोजाना की तरह खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चला गया। इसके बाद रात को कमरे में पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

### किलाड़-सेचू-चस्क बस सेवा बंद होने से रोष

**अनंत ज्ञान, पांगी।** एक साल से किलाड़-सेचू-चस्क बस सेवा बंद होने से लोगों ने प्रशासन के प्रति खासी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे किलाड़ से चलने वाली बस सेचू वाया चस्क बस रूट पूरा करके शाम 4 किलाड़ पहुंचती थी, जिसे अब एकाएक बंद करने के कारण क्षेत्र की लगभग 700 की आबादी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बस रूट के बंद हो जाने के कारण अगर सुबह की बस किसी कारण छूट जाए तो यहां के लोगों को निजी व टैक्सी गाड़ियों के जरिए अपनी जेब ढीली करके अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचना पड़ता है। वे इस समस्या को लेकर कई बार विभाग व प्रशासन को कई बार अवगत भी करवा चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासी एवं हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की स्टेट को-ऑर्डिनेटर रजनी पठानिया ने कहा है कि वह इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन व विभाग को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या हल नहीं हुई है। उन्होंने परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मांग की है कि इस रूट पर पुनः बस सेवा बहाल की जाए ताकि क्षेत्र की जनता को हो रही दुश्वारियों से छुटकारा मिल जाए।

### नफरत से मुक्ति पाना समय की जरूरत : महात्मा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हरदासपुरा के निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा दीपक अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। महात्मा दीपक ने कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं। जहां वह स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं, वहीं समाज को भी ऐसी प्रेरणा देते हैं ताकि मानव जीवन सार्थक हो सके। संसार में व्याप्त वैर, ईर्ष्या, नफरत के दुष्प्रभावों से मुक्ति पाना समय की जरूरत है। भक्त ही होते हैं, जो संसार को प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, विशालता और शांति व सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। इन्ही दिव्य गुणों को अपना कर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। यह कार्य युगों-युगों से किया जा रहा है ।

### कल लगेगी प्रथम वर्ष के छात्रों की पहली मेरिट सूची

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में 16 जुलाई को प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची लगेगी। दोपहर एक बजे के करीब यह सूची महाविद्यालय के सूचना पट्ट के साथ ऑनलाइन महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। मेरिट सूची जारी होने के बाद 16 से 19 जुलाई तक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी फीस का भुगतान कर सकेंगे। प्रथम वर्ष की दूसरी मेरिट सूची 19 जुलाई को सुबह 11 बजे जारी की जाएगी। दूसरी तरफ द्वितीय और तृतीय वर्ष में विद्यार्थियों का प्रवेश रोल ऑन बेसिस पर होगा। 15 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि रहेगी। शनिवार को कॉलेज खुल गए हैं। जानकारी के अनुसार चंबा कॉलेज में अब तक ऑनलाइन माध्यम से 3100 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। जहां प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अब मेरिट सूची का इंतजार कर रहे हैं। सूची जारी होने के बाद ही सही तस्वीर सामने होगी। मेरिट के आधार पर ही विद्यार्थियों को अपने पसंदीदा विषय पढ़ने को मिलेंगे। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय की ओर से यूजी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 31 जुलाई तक घोषित करने का निर्णय रखा है। द्वितीय और तृतीय वर्ष के परिणाम पहले ही घोषित हो चुके हैं, जबकि अब प्रथम वर्ष के विद्यार्थी परिणाम के इंतजार में हैं। चंबा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा ने बताया कि चंबा कॉलेज में अब तक 3100 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्रवेश लिया है। कॉलेज में 16 जुलाई को पहली और 19 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी।

# शादी के एक दिन बाद ही प्रेमी संग फरार हुई नवविवाहिता

## भरमौर की ग्राम पंचायत सैहली में सामने आया मामला

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर की पंचायत सैहली में शादी के एक दिन बाद ही नवविवाहिता अपने प्रेमी संग फरार हो गई है। लड़की के ससुराल वालों की तरफ से इसको लेकर भरमौर थाने में शिकायत दर्ज भी करवा दी गई है।

जानकारी के अनुसार शादी इसी महीने की 11 जुलाई को हुई थी। 12 जुलाई को बारात लेकर लड़के वाले गांव वापस आए थे और 13 जुलाई को जब दूल्हा और दुल्हन मायके जा रहे थे तो लड़की वहां पर अपने पति को अलग कमरे में सुलाकर रात को अपनी माता के साथ सोने का हवाला देकर अपने प्रेमी संग फरार हो गई।

हालांकि इस दौरान लड़के के साथ उसी के गांव के लोग भी साथ आए थे जो कि यहां की परंपराओं के साथ चलता रहा है, लेकिन जब सुबह देखा तो नवविवाहिता दुल्हन न तो अपनी माता के साथ थी और न ही अपने कमरे में थी।

पूछताछ करने पर पता चला कि साथ लगते गांव के लड़के जिसके साथ वह प्रेम संबंध में थी, रफूचक्कर हो गई है।

उधर, इस मामले को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा चल रही है कि आखिर लड़की ने ऐसा ही करना था तो उसने दूल्हे पक्ष का इतना खर्चा क्यों करवाया। उधर, इस बारे में वर व वधू पक्ष के परिवार जनों की तरफ से भरमौर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। इसकी पुष्टि भरमौर थाना में तैनात मुंशी ने की है। (अनंत ज्ञान)

### एसपीओ ने की अपनी इहलीला समाप्त, मामला दर्ज



**मुकेश कुमार, डलहौजी।** पुलिस थाना खैरी के अंतर्गत एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर की आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते कल रात करीब 9 बजे 45 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र गंधर्व सिंह निवासी गांव कुट्ट डाकघर सुदाली तहसील डलहौजी जिला चंबा के अपने ही घर में पर बोर की बंदूक से अपने आप को गोली मारकर अपनी इहलीला को समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सूचना पर पुलिस दाल खैरी द्वारा मौके पर पहुंचकर जब निरीक्षण किया गया तो ओम प्रकाश के परिवार द्वारा अपने बयान दर्ज करवाए गए, जिसमें उन्होंने बताया कि मृतक ओम प्रकाश द्वारा की गई इस आत्महत्या पर उन्हें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है। पुलिस ने परिवार जनों के लिखित बयानों के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सारे मामले पर डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने बताया गया कि एसपीओ ओम प्रकाश के आत्महत्या के मामले हेतु उन्हें सूचना प्राप्त हुई तो उन्होंने तुरंत मामले की गंभीरता को भांपते हुए मौके पर पहुंचकर मामले की तुरंत छानबीन शुरू की तो पाया कि ओम प्रकाश द्वारा 12 बोर की बंदूक द्वारा अपने आप को ही गोली मारकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। इस बारे में जब उन्होंने परिवार से जानने की कोशिश की तो परिवार वालों ने इस पर किसी प्रकार के कोई भी संदेह को उत्पन्न नहीं किया। किंतु पुलिस थाना खैरी ने इस सारे मामले पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है, तो वहीं शव का पोस्टमार्टम करवा कर आज परिजनों के हवाले कर दिया है, तो वहीं पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है।

# जो स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं, वही समाज को भी देते हैं ऐसी प्रेरणा : महात्मा दीपक



संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

**एम एम डैनियल, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा दीपक जी की अध्यक्षता में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। इस मौके पर दूरदराज के गांवों, कस्बों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला क्षेत्रों से आए संतों-महात्माओं ने सदगुरु सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया। अंत में महात्मा दीपक ने कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं। जहां जो स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं, वहीं समाज को भी ऐसी प्रेरणा देते हैं ताकि मानव जीवन सार्थक हो सके। संसार में व्याप्त वैर, ईर्ष्या, नफरत के दुष्प्रभावों से मुक्ति पाना समय की जरूरत है। भक्त ही होते हैं जो संसार को प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, विशालता और शान्ति व सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। इन्ही दिव्य गुणों को अपना कर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। भक्त संसार और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

इस मौके पर निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा सेवादार विनोद कुमार सहित पंचायत करियां, रजेरा, भडियांकोठी, गागला, वार्ड हरदासपुरा, मुगला, जुलाकड़ी, धड़ोग सहित कई क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल उपचुनाव के बाद और मजबूत हुई है सुख की सरकार : श्याम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

युवा कांग्रेस भरमौर पांगी के अध्यक्ष श्याम ठाकुर ने कहा है हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जो ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, उससे सुक्खू सरकार और मजबूत हुई है। उपचुनाव की जीत पर मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए श्याम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल की जनता ने कांग्रेस को व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अपना भरपूर प्यार दिया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो मंसूबे पाल रखे थे, उस पर अब पानी फिर गया है। यहां पर धन-बल की जगह जन-बल की जीत हुई है। देहरा क्षेत्र जो विकास की दृष्टि से हमेशा अपेक्षित रहा, उस क्षेत्र में अब नवनिर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास की नई इमारत लिखेंगी। कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में प्रचार करने के दौरान हमारे सहयोगी जितेंद्र ठाकुर प्रदेश सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अश्वनी सैनी, राधेश्याम जिला सचिव मंडी, ललित ठाकुर मंडी के साथ देहरा में चुनाव कर रहे थे, तो वहां के लोगों में कमलेश ठाकुर के प्रति जो प्यार और समर्थन देखने को मिल रहा था। इ

इससे यह प्रतीत हो रहा था कि यहां पर विकास का जो सूखा है, देहरा विधानसभा का वह मिटने वाला है और लोगों ने मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर को अपना आशीर्वाद दिया और यह सब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने जो जनकल्याणकारी नीतियां शुरू की हैं, उससे और चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली और इससे कांग्रेस पार्टी का संगठन भी काफी ज्यादा मजबूत हुआ है।उन्होंने मुख्यमंत्री को इस शानदार जीत पर बधाई भी दी। (अनंत ज्ञान)

# शिवम ने चेस प्रतियोगिता का जीता खिताब

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जिला चंबा ओपन सीनियर शतरंज प्रतियोगिता के अंडर 14 आयु वर्ग में शिवम ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल कर चेस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय चंबा परिसर में चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर व ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्साहित होकर भाग लिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैयर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा साथ ही जनसाली वार्ड की पार्षद सीमा कश्यप व जिला कृषि अधिकारी यशपाल शर्मा भी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। अध्यक्ष आरके नाथ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सक्षम सहगल ने द्वितीय व ज्योतिमय शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यालय में धड़ल्ले से चल रहे अवैध बार

## पुलिस की सख्ती से कुछ दिन माहौल शांत रहने के बाद बन जाती वही स्थिति

**एमएम डैनियल,चंबा**

शहर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित अधिकांश ढाबे व रेस्तंरा शाम ढलते ही अवैध महखानों में तबदील हो जाते है। इससे स्थानीय बाजार में सायंकाल महिलाओं व युवतियों को परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है।

हालांकि इस दिशा में जिला पुलिस विभाग द्वारा गश्त अथवा छापामारी कर कई ढाबों व रेस्तरां मालिकों के चालान इत्यादि की प्रक्रिया सैकड़ों बार अमल में लाई जा चुकी है, लेकिन इन सब बातों के बावजूद भी बिगड़े माहौल में सुधार नहीं आ रहा है।

गौर हो कि चंद रुपए की खनक के आगे कुछ ढाबा व रेस्तरां लघु व्यवसायिक इतना डूब चुके हैं कि अवैध व वैध में अंतर करना तक भूल चुके हैं। इसका प्रमाण पुलिस विभाग की हर बार छापामारी में व्यवसायियों द्वारा चालान होने पर कुछ रुपए जुर्माने के रूप में अदा कर छूट जाते हैं, जिससे दिन व दिन ऐसे अवैध बार लाइसेंस धारकों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

इनमें कुछ तो सरेआम यह तक कह देते हैं कि ग्राहकों को अगर मदिरा सेवन न करने दिया जाए तो दिहाड़ी निकालना व परिवार का पोषण करने में मुश्किल के दौर खड़े हो जाते हैं, जबकि बार लाइसेंस की औपचारिकता व फीस अधिक होने से वह लाइसेंस नहीं प्राप्त कर सकते है। जहां एक ओर नियम, कानून, अवैध व वैध की बात है। वहीं दूसरी ओर व्यवसायियों की मजबूरियों को देखें तो शायद कभी शहर व आसपास क्षेत्रों में चल रहे अवैध बार लाइसेंस के धंधों से पीड़ित लोगों को राहत मिल पाएगी। (अनंत ज्ञान)

> मुख्यालय के ढाबों व रेस्तरां में अवैध रूप से शराब बेचने व पिलाने वाले धारकों विरुद्ध छापामारी कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध कार्य कर परिवार पोषण करने की कानून की किसी किताब में कोई छूट नहीं है। अगर शराब बेचनी है तो ढाबों व रेस्तरां को लाइसेंस बनवाने होंगे।
>
> जितेंद्र चौधरी, डीएसपी पुलिस हेडक्वार्टर चंबा



# शहर परिसर के नजदीक प्रशासन व नप करवाए टैक्सी स्टैंड का निर्माण : शर्मा

**एमएम डैनियल, चंबा**

शिव भूमि टैक्सी यूनियन चंबा ने शहर परिसर में टैक्सी स्टैंड स्थल को जल्द निर्मित करवाने की सरकार व प्रशासन से मांग उठाई है।



इसी दिशा में यूनियन उपाध्यक्ष विकेश शर्मा ने यूनियन की ओर टैक्सी स्टैंड मांग प्रति कहा कि गत कई वर्षों से शहर परिसर में वाहनों का इजाफा हुआ है। इसके चलते वाहन खड़ा करने के लिए भूमि का अभाव भी बढ़ा है। वाहनों की संख्या बढ़ने व भूमि अभाव के स्थल टैक्सी युक्त वाहनों की पार्किंग पर भी बेहद असर पड़ा है, लेकिन इस दिशा में हाल ही में सरकार व प्रशासन द्वारा नगर परिषद को शहर व आसपास क्षेत्रों में पार्किंग स्थल निर्मित करवाने के लिए विशेष बजट सहित मंजूरी प्रदान की है।

उन्होंने नगर परिषद चंबा से इस दिशा में गुहार की है कि शहर परिसर में स्वीकृत पार्किंग निर्माण योजना को आरंभ किया जाए। जिसमें टैक्सी स्टैंड पार्किंग स्थल के लिए भी स्थल चयन किया जाए, ताकि पार्किंग व्यवस्था अभाव से जूझ रहे टैक्सी वाहन धारक को भी इस दिशा में निजात मिल सके।

इस मौके पर यूनियन पदाधिकारियों व सदस्यों में सुधीर, अनूप, संजय, पवन, भटिया, अजय, विवेक, राजेश, प्रकाश, चमन, समीर, कुलदीप, आकाश, देवेंद्र, प्रदीप, हंसराज, अमजद व सुरेश ने उपाध्यक्ष द्वारा स्टैंड मांग का समर्थन करते हुए मांग को जल्द से जल्द पूर्ण करने की अपील की है, ताकि उनकी परेशानियों का अंत हो सके। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00126 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00125का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

15 जुलाई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** नवमीः (7:21) **: नक्षत्र :** स्वाति (00:30), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** सिद्ध (6:59) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54), **राहुकाल** (7:16 -12:54 ।

**विशेष दिन**

- 15 जुलाई 2024 : भड़्ल्या नवमी आज।।
- 15 जुलाई 2024 : गुप्त नवरात्र आज होंगे पूर्ण।
- 16 जुलाई 2024 : आशा दशमी कल।

**मेषः** कार्यस्थल पर कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे। सामाजिक कार्यों में आप का सहयोग रहेगा। आज समय का सदुपयोग होगा।

**वृषभः** बोलते कुछ हैं, करते कुछ हैं। पहले खुद समझें करना क्या है। नवीन कारोबार में सफल होंगे। कार्यस्थल पर विवाद संभव है।

**मिथुनः** आज किसी पर भी पैसों से संबंधित विश्वास न करें। धोखा होने के पूरे योग हैं। व्यापार-व्यवसाय में अनुकूल अवसर मिलेंगे पर समझदारी से काम करें।

**कर्कः** अपने करियर पर ध्यान दें। अपनी वस्तुओं को संभालकर नहीं रखने से नुकसान की उम्मीद है। व्यापारिक नवीन योजनाओं से लाभ होगा।

**सिंहः** नया कारोबार स्थापित करने के लिए कर्ज की व्यवस्था करने में जुटे रहेंगे। कार्यस्थल पर अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

**कन्याः** दिन की महत्वता को समझें और अपने भविष्य के लिए निर्णय लें। क्रोध पर संयम रखें। खर्च की अधिकता रहेगी।

**तुलाः** अपनी जीवनशैली को बदलें। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। किसी कला जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति से मेलजोल बढ़ेगा। मकान, वाहन के क्रय-विक्रय में धन निवेश करेंगे।

**वृश्चिकः** अपनों का साथ मिलने से काम पूरा होगा। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। घर परिवार में भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति होगी।

**धनु :** आज का दिन शुभ है। व्यापार में नई योजनाओं का लाभ मिलेगा। अपनों से लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन अनुकूल रहेगा।

**मकरः** निजी जीवन में चल रहे मनमुटाव दूरियां बढ़ा सकते हैं। फालतू विवादों से दूर रहना चाहिए। समाज, परिवार में आपको महत्व मिलेगा। धर्म ग्रंथों के अध्ययन में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभः** सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप क्यों दूसरों के मामलों में पड़ते हैं, नुकसान आप का ही होगा। बिना मांगे अपनी राय न दें।

**मीनः** अपने विवेक से काम करें, आप चाहकर भी अपने मन माफिक काम नहीं कर पा रहे हैं। न्यायालय से जुड़े मामलों में लापरवाही बिलकुल न करें।

# भरमौर के देवराज का नई पहाड़ी एल्बम 'सामी मेरे' हुई रिलीज

## हिमाचली संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा : ललित

**अंनत ज्ञान, भरमौर**



प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने किया एल्बम का विमोचन।

गैर जनजाति क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले ग्राम पंचायत बलोठ के प्रधान देवराज की नई पहाड़ी एल्बम 'सामी मेरे' का विधिवत रूप से रिलीज किया गया। इस पहाड़ी एल्बम का विमोचन हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने किया। इस एल्बम का विमोचन बड़ी धूमधाम के साथ ग्राम पंचायत खुंदेल के सढेई गांव में किया गया।

इस पहाड़ी एल्बम में गोदान, कन्यादान, ब्रह्मदान व बुजुर्गों की सेवा क्यों जरूरी है, इससे संबंधित मान्यताओं को गाने के माध्यम से बहुत ही सुंदर तरीके से पेश किया गया। इस पहाड़ी एल्बम को जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गैहरा बेही के सुराहनी की खूबसूरत वादियों में फिल्माया गया है। इस एल्बम को पवन भारद्वाज ने निर्देशित किया है, जबकि शुभकरण व ओपी भारद्वाज ने इसमें शानदार संगीत दिया है। एल्बम के विमोचन के अवसर पर ललित ठाकुर ने कहा है उन्हें बहुत खुशी है कि इस तरह की पारंपरिक संस्कृति को शानदार तरीके से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा है कि आज की युवा पीढ़ी को इस पौराणिक व ऐतिहासिक संस्कृति को संजोए रखने के लिए प्रयास करने चाहिएं।

उन्होंने कहा है कि इस एल्बम में जिस तरीके से गोदान, कन्यादान महात्मा की सेवा मां-बाप की सेवा के महत्व को बताया गया है, सच में बहुत ही शानदार है। इस एल्बम को सुनने के बाद हमारी संस्कृति को और बढ़ावा मिलेगा और आज की युवा पीढ़ी जो अपनी संस्कृति और संस्कार से लगातार दूर हटते जा रहे हैं, उनको भी इससे बहुत अधिक फायदा मिलेगा।

उन्होंने इस मौके पर मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया है कि वे भविष्य में अपनी परंपरा व संस्कृति को समझने वह इसके उत्थान के लिए के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करें। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार की तरफ से परंपरा व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जो भी उनसे बन पाएगा, जरूर कोशिश करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों की बढ़ रही उम्र किंतु सरकार प्रदान नहीं कर रही नियुक्तियां

**एमएम डैनियल, चंबा**

- प्रशिक्षित शारीरिक बेरोजगार संघ ने सरकार से लगाई बैच वाइज नियुक्तियों की गुहार

जिला प्रशिक्षित शारीरिक बेरोजगार संघ ने जिला प्रधान दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला संघ कार्यकारिणी पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

बैठक की अध्यक्षता संघ जिला प्रधान दिनेश कुमार ने कहा कि एक लंबे अर्से से बेरोजगार शारीरिक शिक्षक रोजगार पाने के लिए तरस रहे है। हालांकि प्रदेश के अधिकांश स्कूलों में शारीरिक शिक्षकों के पदों का अभाव भी चल रहा है, फिर न जाने क्यों प्रदेश सरकार पदों को भरने की जहमत नहीं उठा रही है।

हालांकि बेरोजगार शिक्षकों के न्यायालय में अपील दायर करने पर न्यायालय ने मामले में हस्ताक्षेप कर पदों को बहाल करने के निर्देश दिए हैं, इसके बावजूद भी सरकार नियुक्ति औपचारिकताओं में विलंब कर बेरोजगार प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए रोजगार के क्षेत्र में मुश्किलें खड़ी कर रही है। वहीं, सरकार ने न्यायालय के इस मामले में जुड़ने के चलते शिक्षकों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। मगर उस प्रक्रिया को तो शुरू किया है। मगर बैच वाइज आधार नियुक्ति प्रदान करने की व्यवस्था नियम को लागू नहीं किया है। इस कारण कई शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बावजूद भी उम्र बढ़ने के चलते पद आवेदन करने से महरूम होने की कगार पर खड़े है। उन्होंने सरकार से संघ की ओर से गुहार लगाई कि इस दिशा में हर पहलू को सोच समझ कर निर्णय लेते हुए प्रशिक्षित शारीरिक बेरोजगार शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की जाए।

इस मौके पर संघ पदाधिकारियों में केहर सिंह, राकेश कुमार, पवन, पुष्प कुमार, अविनाश, संजय कुमार, दुनी चंद, राजिंद्र कुमार, शिव कुमार व अनिल कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**इंतजार** मंडी जिले में 2500 बहनें खाते में 6000 आने के एसएमएस का बेसब्री से कर रही इंतजार

# सुक्खू सरकार ! आखिर कब मिलेगा 2500 बहनों को योजना का लाभ?

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

- सुंदरनगर, पधर व करसोग उपमंडल में नहीं मिली अब तक कोई राशि
- इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना में आचार संहिता से पहले किया आवेदन

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सूबे की सरकार की ओर से महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने की योजना मंडी के तीन उपमंडलों में हांफती हुई नजर आ रही है। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना बीते माह आचार संहिता समाप्त होने के बाद लागू हो गई है, लेकिन इस योजना का लाभ मंडी जिले के सुंदरनगर, करसोग व पधर उपमंडल की बहनों को अब तक नहीं मिल पाया है।

इन तीन उपमंडल की करीब 2500 बहनें रोजाना अपने खाते में अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह के 1500 रुपए मासिक के हिसाब से कुल 6 हजार रुपए आने के एसएमएस का इंतजार कर रही हैं, लेकिन रोजाना बार-बार चेक करने के बाद भी एसएमएस न आने पर महिलाएं खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। अब जबकि जुलाई माह भी आधा बीत चुका है, तो इसमें इस माह के 1500 और जुड़ गए हैं। महिलाओं को न तो पिछले तीन माह की राशि आई और न ही वर्तमान माह की। प्रदेश सरकार ने मार्च माह में आचार संहिता लगने से पहले आए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के आए आवेदनों के सत्यापन के बाद अप्रैल माह से भुगतान करना है। जून के पहले सप्ताह में आचार संहिता समाप्त होने पर सरकार ने तुरंत भुगतान की बात कही थी, लेकिन जून माह बीतने के बाद अब जुलाई में भी यहां की करीब 2500 बहनों को आवेदन उपरांत उनका सत्यापन होने के बाद भी राशि नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

### जून माह में आ चुके 35 हजार नए आवेदन

मंडी जिले के सुंदरनगर, पधर व करसोग में 2500 बहनें इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के तहत मिलने वाली प्रतिमाह 1500 की राशि खाते में आने का इंतजार कर रही हैं, लेकिन इनको सरकार वादे के अनुसार भुगतान नहीं कर पा रही है। वहीं, तीनों उपमंडलों में जून माह में करीब 35 हजार नए आवेदन बहनों के आ चुके हैं। इनमें सुंदरनगर उपमंडल से ही करीब 15 हजार नए आवेदन हैं। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि 2500 को तो सरकार राशि दे नहीं पा रही, ऐसे में हजारों नए आवेदकों को कब और कैसे भुगतान होगा।

### मामले पर क्या बोले जिला कल्याण अधिकारी

जिला कल्याण अधिकारी समीर कुमार ने बताया कि मंडी में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना को लागू कर दिया गया है और महिलाओं के खाते में राशि भी ट्रांसफर कर दी गई है। सुंदरनगर से 560, पधर से करीब 300 और करसोग से 1700 आवेदकों के आए आवेदन को लेकर विभाग ने कुछ जानकारियां मांगी थी। आवेदनों के सत्यापन के बाद सारी जानकारी निदेशालय को भेज दी गई है। इस योजना में मासिक या त्रैमासिक आधार पर भुगतान को लेकर भी विभाग से निर्देश मागें गए हैं।

### योजना के अंतर्गत भुगतान को लेकर नहीं बन पाई नीति

हिमाचल सरकार समाज एवं महिला कल्याण विभाग में अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन का तीन माह के मोड पर अग्रिम भुगतान करती है, लेकिन इस योजना में बहनों को मासिक या त्रैमासिक आधार पर भुगतान होगा, इसको लेकर अभी कोई नीति नहीं बनी है। अगर मासिक आधार पर भुगतान होना है, तो अब इन आवेदनों को जुलाई माह तक सरकार की ओर से 6 हजार रुपए देय है और अगर त्रैमासिक आधार पर भुगतान होना है, तो अब उनके खाते में 9 हजार रुपए आने बनते हैं।

### पैसे आने का करती रहीं इंतजार

लोकसभा चुनाव में बहनों को 1500 रुपए मासिक देने की योजना लागू करने की बात कह महिला मतदाताओं में खूब भुनाने का प्रयास किया है, लेकिन चुनाव समाप्त होने के एक माह बाद भी योजना को लागू करने को लेकर भेदभाव नजर आ रहा है। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के लिए आवेदन करने वाली अंजू, दीपिका, परमजीत कौर तथा सुनीता ने बताया कि वह रोजाना जून माह में अपने खाते में 4500 रुपए आने के एसएमएस का इंतजार करती रही, लेकिन उनका इंतजार अब जुलाई माह में फलीभूत न हो पाया है।

'शांति की शुरुआत मुस्कुराहट से होती है। जहां जाइए प्यार फैलाइए जो भी आपके पास आए वह और खुश होकर लौटे। -मदर टेरेसा

## संपादकीय

# संविधान हत्या दिवस पर राजनीति

देश में आजकल संविधान हत्या दिवस बनाम संविधान बचाओ दिवस बहस का मुद्दा बन गया है। संविधान बचाओ दिवस भारत में विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की ओर से संविधान पर कथित हमलों के विरोध में मनाया जाता है। विपक्षी दलों का दावा है कि भाजपा सरकार संविधान और उसके मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश कर रही है और इसलिए वे संविधान की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संविधान बचाओ दिवस मनाते हैं। इस पर विवाद तब शुरू हुआ, जब संविधान बचाओ दिवस मनाने की भाजपा सरकार ने आलोचना की। भाजपा दावा करती है कि विपक्षी दल इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने और अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रत्येक पक्ष ने दूसरे पर संविधान और उसके मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

हर दौर में लड़ाई इस बात की होती रहनी चाहिए कि मौजूदा सरकार संविधान के हिसाब से चल रही है या नहीं। हर दौर का अपना-अपना घोषित और अघोषित अपातकाल होता है। यह देखना हम सब नागरिकों का काम है कि ऐसा न हो। 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाकर इस सच्चाई से जनता की नजर नहीं मोड़ी जा सकती। शायद मोदी सरकार चाहती है कि आज जिस तरह से संवैधानिक मूल्यों पर हमला हो रहा है, उसकी बात न कर पचास साल पुराने अतीत में जनता को ले जाया जाए और आपातकाल की याद दिलाई जाए ताकि प्रधानमंत्री मोदी पर संविधान बदलने का जो आरोप लगता रहता है, उसके बदले संविधान की हत्या का आरोप विपक्ष पर लगा दिया जाए।


सवाल यह है कि अगर कांग्रेस वाकई संविधान की हत्या की दोषी है तो भाजपा कांग्रेस के लोगों को लाकर अपनी पार्टी में शामिल क्यों कर रही है? प्रधानमंत्री मोदी को सोचना चाहिए कि उन्होंने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए 2010 में संविधान गौरव यात्रा निकाली। प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 से संविधान दिवस मना रहे हैं, फिर भी उन पर और उनकी सरकार पर संविधान को लेकर संदेह क्यों किए जाते हैं और 2024 के चुनाव में क्यों यह बड़ा मुद्दा बन गया? आपातकाल में जो जेल गए उनमें कुछ आज मोदी के साथ हैं तो उनमें से कई आज मोदी के अघोषित आपातकाल से संघर्ष कर रहे हैं। इन बातों को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि 1977 में आपातकाल वापस लेने और चुनाव करवाने की घोषणा हुई तो जेल में बंद सभी विपक्ष के नेताओं को छोड़ दिया गया। इंदिरा गांधी ने खुद चुनाव जीतने के लिए विपक्ष के नेताओं को जेल में नहीं रखा, लेकिन 2024 में चुनाव की घोषणा के बाद अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। घोषणा से पहले हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया और विपक्ष के नेता देखते रह गए।

क्या जनता ने नहीं देखा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने किस आधार पर जेल भेजा और दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा? झारखंड के मुख्यमंत्री को बिना सबूत के जेल में रखा क्या यह संविधान का पालन है? संसद की सुरक्षा में हुई निंदनीय चूक पर चर्चा की वैध मांग कर रहे 146 सांसदों का निलंबन स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करने का यह तरीका था कि बिना किसी चर्चा के तीन ऐसे आपराधिक कानून पारित किए जा सकें, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। कांग्रेस ने किसी भी समय संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश नहीं की, जबकि आरएसएस पर आरोप लगते हैं कि उसने भारत की संस्थाओं में अपने लोगों को भर दिया है ताकि भाजपा जब चुनाव जीत जाए तो उनके वफादार लोग वहां मौजूद होंगे। क्या संविधान बदलने के मुद्दे पर भाजपा इतनी चिढ़ गई है कि उसे संविधान हत्या दिवस की घोषणा करनी पड़ी। दरअसल यह मुद्दा भाजपा की तरफ से ही आया था। उनके ही सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने संविधान बदलने और हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग की थी। उन्होंने लोकसभा में शपथ के बाद बकायदा हिंदू राष्ट्र की जय बोला, जिसे सदन की कार्यवाही से नहीं निकाला गया। अब लोकसभा अध्यक्ष ने नियम बदला है कि शपथ के साथ कुछ और नहीं कहा जाएगा, मगर यह साफ नहीं कि हिंदू राष्ट्र बोलने पर उनका क्या नजरिया है? ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत रत्न से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी

**के. कामराज** अथवा कुमारस्वामी कामराज दक्षिण भारत के राजनेता थे, जो 'नाडर जाति' से उठकर मद्रास, बाद में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने। तमिलनाडु की राजनीति में बिलकुल निचले स्तर से अपना राजनीतिक जीवन शुरू कर देश के दो प्रधानमंत्री चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण किंग मेकर कहे जाने वाले के. कामराज साठ के दशक में कांग्रेस संगठन में सुधार के लिए बनाई गई कामराज योजना के कारण विख्यात हुए। के. कामराज के का जन्म तमिलनाडु के विरुधु नगर में हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के वह अत्यधिक निकट रहे। 16 वर्ष की आयु में ही कामराज कांग्रेस में शामिल हो गए। आजादी से पहले ही कामराज कई बार गिरफ्तार हुए और जेल गए। जेल में रहते हुए ही उन्हें 'म्युनिसिपल काउंसिल' का अध्यक्ष चुन लिया गया, किंतु रिहाई के नौ महीने बाद ही उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया और कहा कि किसी को भी तब तक कोई पद स्वीकार नहीं करना चाहिए, जब तक वह उसके साथ पूरा न्याय न कर सके। माना जाता है कि 'कामराज योजना' के कारण ही कामराज केंद्र की राजनीति में इतने सशक्त हो गए कि नेहरू जी के निधन के बाद शास्त्री और इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनवाने में उनकी भूमिका 'किंगमेकर' की ही रही। वह तीन बार 'कांग्रेस अध्यक्ष' भी रहे। डॉ. सुदर्शन कहते हैं कि 'कामराज ने सदैव पड़ोसी राज्यों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे। सादगी प्रिय कामराज को 1976 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। ■



के. कामराज
जन्म : 15 जुलाई, 1903
मृत्यु : 2 अक्तूबर, 1975

## अपनी बात

**आज** नई पीढ़ी में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। पहले बच्चों में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव का संस्कार होता था, लेकिन आज स्थिति बिलकुल विपरीत है। आज हम सभी के लिए और माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें, ताकि आने वाला भविष्य संस्कारहीन न हो जाए। आज संस्कारों की कमी के कारण युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं और नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं। आज जो बच्चे बड़े-बड़े स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं, वहां यह परम आवश्यक है कि बच्चों के अंदर बड़ों के प्रति आदर भाव, मान-सम्मान स्थापित करने जैसे गुणों का संचार किया जाए, ताकि शिक्षा के साथ-साथ नई पीढ़ी संस्कार भी ग्रहण करे, अन्यथा भविष्य में यही कहावत चरितार्थ होगी कि अब क्या पछताए होत, जब चिड़िया चुग गई खेत। भविष्य में भी देश के प्रतिभावान युवा अपना दम-खम दिखाने के लिए बेताब हैं, लेकिन बड़ पदों के लोगों में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान नहीं है। -हरजीत सिंह, जवाली

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन और भारत की वित्तीय प्रणाली

जून 2024 के अंतिम सप्ताह में 27 जून 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है, तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आश्य यह है कि इन बैंकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैंकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आश्य यह है कि बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है। उक्त प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पनप रहे कुछ जोखिमों की ओर भी इशारा किया है।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ

हालांकि कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है, एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं, क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है। परंतु, भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है, और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है। उक्त प्रतिवेदन में विशेष रूप से इन दो जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, एक अन्य मानक के अनुसार, वर्ष 2013 से 2022 के बीच भारतीय नागरिक अपनी कमाई का औसतन 39.8 प्रतिशत भाग बचत करते थे परंतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह भाग घटकर 28.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। बचत, दरअसल, दो प्रकार की होती है, एक वित्तीय बचत और दूसरे, संपत्ति निर्मित करने हेतु बचत। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत जरूर कम हुई है, परंतु संपत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत में वृद्धि दृष्टिगोचर है। जैसे, मकान बनाने हेतु एवं कार खरीदने हेतु की गई बचत को संपत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत की श्रेणी में रखा जाता है।

भारत में हाल ही के वर्षों में संपत्ति निर्मित करने हेतु बचत का रुझान बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। आवास एवं कार आदि जैसी संपत्तियां खरीदने हेतु भारत में मध्य वर्गीय परिवार अपनी बचत के साथ ही बैंकों से ऋण लेकर भी इन संपत्तियों का निर्माण कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था के चक्र में भी तेजी दिखाई देने लगी है, क्योंकि मकान बनाने के लिए स्टील, सिमेंट आदि पदार्थों की खपत भी बढ़ रही है एवं इन उत्पादों का उत्पादन भी विनिर्माण इकाइयों द्वारा अधिक मात्रा में किया जा रहा है, इससे देश में रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं।

कुल मिलाकर, इससे देश के अर्थ चक्र में तेजी दिखाई देने लगी है। साथ ही, वित्तीय बचत कम इसलिए भी हो रही है, क्योंकि अब देश का पढ़ा लिखा नागरिक वित्तीय रूप से अधिक साक्षर हो गया है, एवं अब यह स्थिति समझने लगा है कि बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस में बचत करने पर मिल रहे ब्याज की तुलना में शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने तथा सोने एवं चांदी जैसे पदार्थों में निवेश करने से अधिक आय का अर्जन संभव होता दिखाई दे रहा है।

दूसरे, मध्य वर्गीय परिवार अब अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। इससे, इनकी कुल आय का अधिक प्रतिशत अब इन मदों पर खर्च होता दिखाई दे रहा है, इससे अंततः इन परिवारों की बचत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इसी कारण के चलते नागरिकों की शुद्ध वित्तीय बचत में 11.3 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है, जो वर्ष 2022-23 में 28.5 प्रतिशत की रही है, और पिछले 10 वर्षों के दौरान औसतन 39.8 प्रतिशत की रही थी। कोरोना महामारी के दौरान चूंकि पूरे देश में लोकडाउन लगाया गया था, अतः इस दौरान भारत में घरेलू बचत दर बढ़कर 51.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। परंतु कोरोना महामारी के बाद जैसे ही लोकडाउन को हटाया गया, नागरिकों ने अपने खर्चों में वृद्धि करना शुरू कर दिया एवं आस्तियों में निवेश भी करना शुरू किर दिया था, इससे घरेलू बचत की दर में भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है।

अब तो देश के नागरिक आस्तियों में निवेश करने के उद्देश्य से बैंकों से ऋण प्राप्त करने में भी किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में भारतीय बैंकों ने भी अपने नियमों को शिथिल किया है। इससे भारत में ऋण में वृद्धि दर लगातार 15 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है वहीं जमा राशि में वृद्धि दर लगातार कम होती जा रही है जिसका प्रभाव वृद्धात्मक ऋण जमा अनुपात पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है, जो अब 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। एक और दिलचस्प पहलू यह भी उभरकर सामने आया है, कि अब पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन को भी वित्तीय जोखिम की तरह ही माना जा रहा है। अर्थात, अब जलवायु जोखिम एवं साइबर जोखिम को भी गंभीर खतरे के रूप में देखा जा रहा है। आगे आने वाले समय में इन दोनों जोखिमों की वजह से भारतीय वित्तीय प्रणाली पर भारी दबाव पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन के चलते तो भारत की मौद्रिक नीति पर भी प्रभाव पड़ सकता है, जिससे अंततः वित्तीय तंत्र के लिए भी जोखिम बढ़ सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# किसानों के लिए लाभकारी सरकारी योजना

सन, 1965 में किसानों के उत्थान के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया था। सरकार ने किसानों की आय को दो-गुनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

भारत सरकार ने अपने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए 'सात सूत्री' रणनीति का आह्वान किया है, जो इस प्रकार है- प्रति बूंद अधिक फसल, प्रत्येक खेत की मिट्टी गुणवत्ता के अनुसार गुणवान बीज एवं पोषक तत्वों का प्रावधान, गोदामों और कोल्डचेन में बड़ा निवेश, खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहन, राष्ट्रीय कृषि बाजार का क्रियान्वयन प्लेटफार्म, कम कीमत पर फसल बीमा योजना की शुरुआत, और डेयरी-पशुपालन, मुर्गी-पालन, मधुमक्खी पालन, मेढ़ पर पेड़, बागवानी व मछली पालन जैसी सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देना। इस योजना का उद्देश्य समय-समय पर किसानों को आय सुरक्षा की भावना प्रदान करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु कृषि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ बुद्धिजीवियों की एक समिति का गठन किया। इस आठ सदस्यीय समिति का मुख्य उद्देश्य कृषि नीति को 'उत्पादन केंद्रित' के स्थान पर 'आय केंद्रित' बनाना एवं संभावनाशील क्षेत्रों की पहचान करना था। समिति ने वर्ष 2015-16 को आधार मानते हुए, वर्ष 2025 तक किसानों की आय को दोगुना तक करने का रोडमैप तैयार किया है। वर्ष 2018, में कृषि उन्नति मेले का आयोजन, भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र (आईएआरआई), पूसा, नई दिल्ली में किया गया, जिसका मुख्य विषय '2022 तक किसानों की आय का दोगुना करना' पर आधारित था।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री ने अपने इस संकल्प की प्रगति का उल्लेख करते हुए कुछ निम्न बातों पर सबका ध्यान आकर्षित किया- 15करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड कृषकों में वितरित किए गए हैं, यूरिया के शत-प्रतिशत नीम कोटिंग कर देने के कारण उर्वरक पर व्यय कम हो गया है, और इसके साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि हुई है, किसान संपदा योजना की मदद से खेत से बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने और आधुनिक कृषि बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में मदद मिल रही है, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि किसानों को आधुनिक बीज, बिजली की पर्याप्त आपूर्ति, और बाजार तक आसानी से पहुंच प्राप्त हो।

केंद्र सरकार ने एमएसपी लागत को कम से कम डेढ़ गुना करने का फैसला किया है, जो कि सभी अधिसूचित फसलों के लिए लागू होगा, गो-वर्धन योजना के अंतर्गत जैव-अपशिष्ट से खाद, जैव-गैस इत्यादि बनाने के लिए प्रोत्साहन करना, फसल अवशेष को जलने से बचाकर उसे मशीनों के माध्यम से मिट्टी में लौटाना, जिससे खेत पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव से बचा जा सकता है, 22,000 ग्रामीण हाटों को आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ अपग्रेड किया जाएगा और एपीएमसी और ई-एनएएम मंच के साथ एकीकृत किया जाएगा, कृषि विपणन सुधार के लिए जैविक उत्पादों को ई-मार्केटिंग पोर्टल के साथ जोड़ा जा रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### भगवान जानता है



राकेश डोगरा
वरिष्ठ पत्रकार

*कहने को तो इस जहां में एक हैं सभी,*
*गरीब और अमीर में*
*कहां समानता है।*
*छल, कपट, फरेब से भरा है आदमी,*
*फिर भी खुद को*
*दूसरों से आला मानता है।*
*जब तल्क है काम,*
*होंगे सैकड़ों सलाम,*
*मतलब निकल जाए*
*कौन पहचानता है।*
*भले दिनों किसी से भी न मेलजोल था,*
*बुरे दिनों गली-गली की खाक छानता है।*
*लाख छिपा लो 'राकेश'*
*अपने दिल की बात,*
*किस के दिल में क्या है*
*भगवान जानता है।*

# पार्किंसंस के बीच सृजित हुए 'पुष्कर के उद्गार'

'छह साल पहले, मेरा लंबे समय से चल रहा अवसाद एक मनोवैज्ञानिक अवसादग्रस्तता पार्किंसंस बीमारी में परिणत हो गया, जिससे मेरे पास बेहतर होने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। मैंने मूड स्टेबलाइजर लेना शुरू किया और नियमित रूप से एक चिकित्सक से मिला। भले ही यह अनुभव थका देने वाला रहा, पर आज मैं पहले से कहीं ज्यादा स्थिर महसूस करता हूं। बीमारी गई नहीं है और शायद न ही कभी जीते जी जाएगी। ...क्योंकि इसका धरती पर कोई इलाज नहीं है।' यह कहना है हरियाणा के भिवानी के गांव बड़वा में जन्मे और आजकल हिसार के सेक्टर 16-17 निवासी रिटायर्ड असिस्टेंट टाउन प्लानर (राजपत्रित अधिकारी) पुष्कर दत्त शर्मा की। उनका हाल ही में कविता संग्रह 'पुष्कर के उद्गार' छपा है।

पुष्कर दत्त शर्मा को 2016 के दिसंबर में दुनिया की इस भयंकर बीमारी के लक्षण आने शुरू हुए। शुरू में इनको दाएं पैर के अंगूठे में कंपन का आभास हुआ। धीरे-धीरे उन्होंने अकेले चलने और कोई भी काम अकेले करने की क्षमता खो दी। देश-विदेश से इलाज लेने के बाद भी इस बीमारी का कोई इलाज नहीं मिला। आखिरकार इस बीमारी के साथ जीना जरूर सीख लिया। पार्किंसंस रोग एक मस्तिष्क विकार है, जो अनपेक्षित या अनियंत्रित गतिविधियों का कारण बनता है, जैसे कंपन, अकड़न, तथा संतुलन और समन्वय में कठिनाई। लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे शुरू होते हैं और समय के साथ बिगड़ते जाते हैं। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, लोगों को चलने और बोलने में कठिनाई हो सकती है।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पुष्कर दत्त ने बताया कि ' मुझे यह स्वीकार करने में जितना भी अरुचि हो, मेरी मानसिक बीमारी ऐसी चीज बन गई जिसका मैं फायदा उठा सकता था। अपने लक्षणों को विचित्रताओं में बदलकर, मैं अपनी मानसिक बीमारी की तीव्रता को उससे कहीं अधिक समय तक दबाने में कामयाब रहा जितना मुझे करना चाहिए था। जब आप गंभीर मानसिक बीमारी से उत्पन्न होने वाले हानिकारक दृष्टिकोणों को आंतरिक रूप से ग्रहण करते हैं, तो यह आपको अनोखा महसूस करा सकता है, और अनोखा महसूस करना लगभग उतना ही अच्छा है जितना कि खुश होना। बाहर न जाने की स्थिति में मैंने कुछ न कुछ लिखना शुरू कर दिया।' यह दर्शाता है कि मैंने अवसाद के साथ अपने रिश्ते को बदल दिया है और एक नए व्यक्ति के रूप में विकसित हुआ हूं। पहचान को फिर से खोजना जितना डरावना है, यह प्रक्रिया मुक्तिदायक हो सकती है, जिससे आप एक उद्देश्य पा सकते हैं और अपनी क्षमता की खोज कर सकते हैं। यह आपकी अपनी इच्छाओं और जुनून पर विचार करने का अवसर है, बजाय इसके कि उनका उपयोग अनुपचारित मानसिक बीमारी से निपटने के लिए किया जाए।

उदाहरण के लिए, मैं रचनात्मक लेखन में इसलिए आया क्योंकि मैं भावनात्मक रूप से खुद को शांत करना चाहता था। अब जब मेरी मानसिक ऊर्जा मानसिक बीमारी से जूझने में एकाधिकार नहीं रखती, तो मैं रचनात्मक लेखन में स्वस्थ तरीके से शामिल हो पाया हूं। मेरा लेखन वास्तव में बेहतर हो गया है।'वह कहते हैं,' लेकिन मेरे मानसिक स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार के साथ एक अजीबोगरीब दुष्प्रभाव भी आया- कंपन।

बेहतर होने पर, मुझे जल्दी ही पता चला कि मैंने अपने जीवन का इतना हिस्सा इस धारणा पर बनाया था कि मैं हमेशा दुखी रहूंगा। और जब खुशी कुछ हासिल करने लायक हो गई, तो मैंने जो पहचान विकसित की थी, उसका इस बीमारी के चलते अर्थ खो गया। मुझे अपनी बीमारी से रिटायरमेंट के बाद इस तरह जूझना पड़ेगा कभी सोचा न था। मेरी इस पार्किंसंस बीमारी के परिणाम कभी भी पूरी तरह से दूर नहीं होंगे- लक्षण भड़क सकते हैं, और जीवन के बुरे दौर की यादें बनी रहेंगी। अपने मानसिक स्वास्थ्य को सक्रिय रूप से संबोधित करने का मतलब यह नहीं है कि मानसिक बीमारियों के साथ आपके अनुभव अब आपके व्यक्तित्व का हिस्सा नहीं हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मानसिक बीमारी अब आपके जीवन और स्वयं की धारणा को प्रभावित नहीं करती है। इसे स्वीकार करें। यह रास्ता मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह ऐसी चुनौती नहीं है, जिसका सामना आपको अकेले करना पड़े। किसी थेरेपिस्ट से बात करें। अपने दोस्तों और परिवार का सहारा लें। अपनी पहचान को अपनी 'अजीब आदतों' के बजाय अपने जुनून के इर्द-गिर्द फिर से आकार देना मेहनत के लायक है।'

पुष्कर दत्त शर्मा जी ने बताया, 'मैंने अपनी ड्यूटी के साथ-साथ इस बीमारी से लड़ते हुए 103 कविताओं की एक पुस्तक, जिसका नाम 'पुष्कर के उद्गार' लिखी, इसका विधिवत विमोचन होने के बाद यह पुस्तक निशुल्क वितरित की गई। यह पुस्तक मेरा प्रथम प्रयास है तथा यह विभिन्न विषयों पर लिखी गई है। पुस्तक में लगभग 20 कविताएं कोरोना से संबंधित हैं। इनमें लोगों को कोरोना से लड़ने के लिए मोटिवेट किया गया है। लेखन भी जारी है परंतु बीमारी मुझे हर प्रकार से घेर रही है। स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद मैंने बीमारी के सामने कभी घुटने नहीं टेके हैं। सरकार से अनुरोध है कि इस बीमारी के रोकथाम के लिए तुरंत प्रभाव से वैक्सीन इत्यादि बनाकर लाखों मरीजों की परेशानी से मुक्ति दिलाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में अंधविश्वास और आडंबरों पर अंकुश के लिए जागरूकता जरूरी

भारत में अंधविश्वासों और आडंबरों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ लोगों में जागरूकता होना बहुत जरूरी है, इन अंधविश्वासों के कारण देश भर में बहुत सी अप्रिय घटनाएं दिन- प्रतिदिन बढ़ रही है। आज अगर हम सोशल मीडिया पर देखें तो पैसा कमाने के लालच में बहुत सी अंधविश्वास वाली घटनाएं परोसी जाती है, जिसके कारण जनता इन आडंबरों में फंस कर कई जगहों पर बहुत सी भीड़ इकट्ठी हो जाती है, जिसको नियंत्रण करने में प्रशासन भी निकाम रहता है, और बहुत सी दर्दनाक घटनाएं घट जाती है ऐसा ही हादसा उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुआ, जहां सैकड़ों गरीब बेगुनाह लोग मारे गए।

देश में एक तरफ देखा जाए तो हमारे वैज्ञानिक चंद्रयान का सफल परीक्षण कर चुके हैं,, साथ में ही भारत में अक्सर बड़े से बड़े सामूहिक कार्यक्रम,चाहे सत्संग हो, भजन हो, रैली हो या कोई अन्य मेले व त्योहार अक्सर देश के विभिन्न क्षेत्रों में भीड़ जुटती रहती है,कई बार यह भीड़ काफी विशाल होती है, क्योंकि भारत आध्यात्मिक विचारों पर चलने वाला देश है यहां अक्सर धार्मिक व आध्यात्मिक समागम या अन्य कुछ आयोजित होते रहते हैं जिसमें आस्था के आधार पर लोग शामिल होते रहते हैं, क्योंकि आस्था के आगे सब कुछ फीका सा लगता है,लेकिन कई बार ये कार्यक्रम कइयों के आखिरी कार्यक्रम बन जाते है,यह चिंतनशील विषय है।

आखिर ऐसा क्यों क्योंकि भीड़ अगर नियंत्रित नहीं है तो वो मौत का कारण बन सकती है इस बात को समझना होगा।



लेखक : प्रो. मनोज डोगरा
बड़सर कॉलेज, जिला हमीरपुर

भारत में कई ऐसे मामलें इतिहास में दबे हैं, जो चीख-चीख कर अपनी गवाही देते हैं चाहे उनमें 2005 में मंधारदेवी मंदिर महाराष्ट्र हो जिसमें 304 लोगों की मौत हुई हो या 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मौत हो या 2008 में ही हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में 162 लोगों की मौत की घटना हो या इसी तरह 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर में 115 लोगों की मौत का मामला हो या अभी हाल ही के वर्षों में 2022 में वैष्णो देवी मंदिर जम्मू में 12 लोगों की मौत या पीछले वर्ष मध्य प्रदेश की प्राचीन बावड़ी में 36 लोगों की जीवन लीला पर मौत का पूर्ण विराम लगना हो यह सब घटनाएं चीख-चीख कर भीड़ की उन विभत्सक तस्वीरों को बयान कर रही है।

और अब तीन दिन पहले यूपी के हाथरस में 80 लोगों की मौत हो चुकी है और कुछ अभी भी जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं। हाथरस की घटना भी इतनी भयभीत थी कि 120 श्रद्धालुओं को अपनी जीवन लीला समाप्त करनी पड़ी और सैकड़ों ही घायल हुए। यह घटना देखने और सुनने को बड़ी ही पीड़ादायक लग रही थी, इसलिए भविष्य में अगर ऐसे आयोजन हो तो कड़ी व्यवस्थाएं होनी चाहिए।

हाथरस त्रासदी सहित भारत में बार-बार होने वाली भगदड़ की घटनाएं केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक हिस्सों में होती आ रही है आखिर इन पर नियंत्रण कब होगा। यह बड़ा सवाल है तथा इसके लिए जिम्मेदार कौन है, क्या प्रशासन,आयोजक या खुद अनियंत्रित भीड़ के नीचे कुचलते लोग, तैयारियों की कमी, लापरवाही और भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा उपायों में खामियों पर सवाल उठाती हैं।

सरकार को आवश्यक है कि इस प्रकार के बड़े आयोजन होने से पूर्व आयोजकों के साथ पर्याप्त दिशा- निर्देश व नियंत्रण उपाय अपनाने की नहीं तो हर बार अपर्याप्त योजना और तैयारी कुचलती भीड़ का कारण बन जाती है। ऐसे कार्यक्रम में सुरक्षा नियमों की जवाबदेही और प्रवर्तन का अभाव रहता है उसका जिम्मेदार कौन जो इस दुनिया को छोड़ गए या जिन्होंने इकट्ठा किया था, वो।

हमारे देश में अक्सर पिछली घटनाओं से कोई सीख नहीं ली जाती एक कमेटी बनाई जाती है वो कारण ढूंढती है और जांच संतुष्टि करके फाइलें बंद कर देती है इसमें सीख की कमी नहीं है तो क्या है। वैसे ही हाल अत्यधिक भीड़भाड़ और खराब भीड़ प्रबंधन का है और अधिकारियों के बीच अपर्याप्त संचार और समन्वय का हमेशा अभाव चिंताजनक है।

ऐसी घटनाओं के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण जिसमें बेहतर योजना, बुनियादी ढांचा, सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और जवाबदेही शामिल हैं को अपनाकर ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है, लेकिन यह तब होगा जब कोई अपनी जिम्मेदारी ले कोई घटनाओं के लिए जिम्मेदार ही नहीं तो नियंत्रण कैसे होगा। यह प्रश्न चिन्ह सदैव रहेगा। देश और विदेश में होने वाली ऐसी घटनाओं के संचालन के लिए एक व्यापक नीति बनाई जाए और आम जनता को भी जागरूक किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी कभी भी न हो। ऐसी त्रासदी को रोकने के लिए भीड़ का अनुमान भी लगाना चाहिए और आयोजकों को चाहिए कि पर्याप्त स्थान में उतनी ही भीड़ इकट्ठी की जाए, जितनी सभा पटल में आ सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकारी जंगलों के खैर की लकड़ी ला रही सरकारी खजाने की सेहत में सुधार

## उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बाद वन विभाग ने खजाने में जुटाया 25 करोड़ रुपए का राजस्व

**सन्नी पुरी, गगरेट**

कई बीमारियों को ठीक करने का चमत्कारी औषधीय गुण रखने वाला कत्था देने वाले खैर के पेड़ की लकड़ी सरकारी खजाने की सेहत के सुधार में भी कारगर सिद्ध हो रही है। उच्चतम न्यायालय से सरकारी जंगल से हरे खैर के पेड़ काटने की मिली अनुमति के बाद एक साल में ही खैर की लकड़ी ने सरकारी खजाने को करीब 25 करोड़ रुपऐ का लाभ पहुंचाया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ऊना जिले से ही सरकारी जंगलों से खैर कटान से सरकारी खजाने में 100 करोड़ रुपए से लेकर डेढ़ सौ करोड़ रुपए का राजस्व जुट सकेगा। इससे पहले सरकारी जंगल से भी महज सूखे पेड़ की लकड़ी ही काटी जा सकती थी। इसके चलते हरे सोने से भरे प्रदेश के जंगलों में करोड़ों रुपए की लकड़ी या तो गल सड़ रही थी या फिर सरकार को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा था। हिमाचल प्रदेश के निचले क्षेत्र में किसान भी खैर के पेड़ों को कैश क्राप के रूप में उगाते हैं तो यहां के सरकारी जंगल भी इस बहुमूल्य खैर के पेड़ों से भरे पड़े हैं।



हालांकि निजी भूमि पर लगे खैर के पेड़ तो दस साल बाद काटे जा सकते हैं, लेकिन सरकारी जंगल में लगे हरे खैर के पेड़ों को काटने पर पूर्णतया प्रतिबंध था। प्रदेश सरकार को इससे सालाना करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा था। प्रदेश सरकार ने यह मामला उच्चतम न्यायालय में उठाया था। इस पर उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश के पांच वन मंडलों के सरकारी जंगलों से हरे खैर के पेड़ के कटान को इजाजत दे दी थी।

ऊना जिले में ही पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सरकारी जंगल हैं। सबसे ज्यादा बंगाणा क्षेत्र में सोलह हजार हेक्टेयर सरकारी भूमि पर जंगल हैं। जहां खैर के पेड़ बहुतायात में पाए जाते हैं। उच्चतम न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद वन विभाग द्वारा की गई मार्किंग के आधार पर वन निगम ने 9500 सूखे खैर के पेड़ तो 8500 हरे खैर के पेड़ काटे हैं। इससे ही वन विभाग ने सरकारी खजाने को करीब पच्चीस करोड़ रुपए कमा कर दिया है।

इस साल भी खैर के पेड़ों के कटान को लेकर वन विभाग की मार्किंग जारी है। वन विभाग बड़े ही वैज्ञानिक तरीके से इन पेड़ों के कटान को अंजाम दे रहा है। पेड़ों पर लाल पट्टी लगाकर पहले कटान वाली जगह की सीमा तय की जा रही है तो फिर सफेद पट्टी लगाकर उन पेड़ों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें नहीं काटा जा सकता और हरी पट्टी वाले वे पेड़ हैं, जिनका कटान होगा।

वैज्ञानिक तरीके से किए गए कटान के फलस्वरूप जो पेड़ काटे गए वे फिर से अंकुरित होकर जंगल को हरा-भरा कर रहे हैं। वन मंडल अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बाद सरकारी जंगल से हरे व सूखे खैर के पेड़ों का कटान कतर करीब पच्चीस करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### खुदरो दरख्तान मालिकान सरकार पर निर्णय बाकी

जिले के कई भू-भाग ऐसे हैं, जिसमें जमीन के मालिक तो स्थानीय लोग हैं, लेकिन उन पर लगे पेड़ों की हकदार सरकार है। इससे जहां खैर के पेड़ लगे हैं, उन्हें न तो भूमि मालिक काट पा रहे हैं और न ही सरकार उन्हें काट रही है। सूत्रों की मानें तो अब ऐसे फार्मूले पर काम चल रहा है जिसमें खैर के पेड़ तो सरकार काटेगी, लेकिन उसका कुछ हिस्सा भूमि मालिकों को भी मिलेगा। इससे घर बैठे भू-मालिकों को भी आमदन होगी और सरकार भी मालामाल होगी।

# युवाओं ने संवारा सिंगा गांव का श्मशानघाट

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के सिंगा गांव के शिव सेवा क्लब के युवाओं व बुद्धिजीवियों के सहयोग स्थानीय श्मशानघाट की हालत सुधारी गई। इससे पहले इस स्थान की हालत बद्तर थी। रविवार को कार सेवा करके इस स्थल का सुधार कर दिया गया है ।

शिव सेवा क्लब के युवाओं ने निर्णय लिया है कि इस श्मशानघाट में भोले शंकर की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस काम को पूरा करने के लिए विदेशों में काम कर रहे युवाओं व बजुर्गों द्वारा मिलकर 22 जुलाई को को शाम चार बजे भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना श्मशानघाट में की जाएगी और सुबह राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई जाएगी।

क्लब के सदस्यों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे भी बांटे जाएंगे। क्लब ने क्षेत्र के युवाओं से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य विभाग में भरे जाएं एमपीडब्ल्यू के रिक्त पद : संघ

**राजेश शर्मा, ऊना**

▶ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी दें नौकरी

बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के महासचिव लायक राम रघुवंशी, उपाध्यक्ष बलवान अविनाशी, नरवीर शर्मा, राज्य प्रेस सचिव एवं जिला कांगड़ा के महासचिव सुभाष चंद, बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक संघ जिला कांगड़ा की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी, महासचिव सुभाष चंद, मुख्य सलाहकार अजय शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मखोली राम जिला प्रेस सचिव राजेश सहोत्रा, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, अजमेर सिंह, संजीव कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू को देहरा विधानसभा और नालागढ़ विधानसभा सीट जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि अब बहुत समय से प्रदेश की जनता आचार संहिता से गुजर रही है, अब शीघ्र ही नई शुरुआत करते हुए जल्द से जल्द प्रदेश में विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े हुए पदों को भरने की शुरुआत की जाए।

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष के 1850 व महिला के 1700 के लगभग पद रिक्त चल रहे हैं, जिनको शीघ्र भरा जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और बेरोजगारों को रोजगार मिल सके और उन्होंने यह भी मांग की है कि बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला जो पदोन्नति का प्रशिक्षण प्राप्त कर बैठी है, उनमें से तीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो गई हैं और आगे इस महीने भी होने वाली हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्रर सिंह सूक्खू व स्वास्थ्य मंत्री जी से मांग की है कि प्रशिक्षण प्राप्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शीघ्र पदोन्नति का लाभ दिया जाए और जो महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हुई हैं, उन्हें भी पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

उपरोक्त कर्मचारी नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि प्रदेश में पहले से पुरुष व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण करके नौकरी की आस में बैठे हैं, उन्हें भी खाली पड़े पदों पर नियुक्त करने की कृपा करेंगे, ताकि जिन कर्मचारियों को चार-चार, पांच-पांच हेल्थ सब सेंटरों में काम करना पड़ रहा है, उससे उनको निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# मनरेगा के तहत हर पंचायत में लगाए जाएं 2 हजार पौधे : सीता राम

**विवेक शर्मा, अंब।** राष्ट्रीय स्वतंत्र किसान मोर्चा के अध्यक्ष ठाकुर सीता राम ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बरसात में हर पंचायत में मनरेगा के तहत सरकारी भूमि पर 2 हजार पौधे लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में 2 हजार पंचायत पौधे लगाने से पर्यावरण के साथ-साथ गांव में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।



सीता राम ने कहा कि पंचायत में कई पंचायत प्रतिनिधियों ने झूठे शपथ पत्र देकर सैकड़ों एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे कर रखे हैं। उन अवैध कब्जों वाली भूमि की राजस्व विभाग से निशानदेही करवानी चाहिए व उस भूमि पर पौधरोपण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसान अपनी निजी भूमि से अपनी जरूरत पूरी करने के लिए 2 पेड़ काटता है तो 4 पेड़ लगाता है परंतु पंचायतों में अवैध कब्जों वाली भूमि से पेड़ काटने के बावजूद पौधारोपण नहीं करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि पंचायतों की अवैध कब्जे वाली भूमि पर पौधरोपण करवाकर सरकार की आय भी बढ़ेगी और गांव को स्वच्छ पर्यावरण भी मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल सहित पूरे देश में कांग्रेस गठबंधन की बल्ले-बल्ले : जगत राम

**राजेश शर्मा, ऊना**



जगत राम शर्मा पत्रकार वार्ता दौरान, साथ हैं अन्य।

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन को जनसमर्थन मिल रहा है। शर्मा ने बताया कि देश में 13 उपचुनाव हुए, जिसमें एनडीए को 2 पर जीत प्राप्त हुई, शेष सभी इंडिया गठबंधन ने जीते हैं इसका मतलब साफ है कि मोदी, आरएसएस, भाजपा का करिश्मा बिलकुल खत्म होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब देश के लोग भाजपा और मोदी की शैतानियों को समझने लगे हैं।

हिमाचल की चर्चा करते हुए जगत राम ने बताया कि उन्होंने भी तीन सीटों पर जाकर इंटक से मिलकर जानकारी ली। देहरा में एक तरफ कमलेश ठाकुर की जीत नजर आ रही थी और नालागढ़ में जीत 5000-7000 के लगभग पक्की लग रही थी, परंतु जीत 9000 के लगभग हुई। हमीरपुर में भी कांग्रेस के जीत के पूरे आसार थे। हरदीप बाबा ने तो कमाल कर दिया। मुकेश अग्निहोत्री की कड़ी मेहनत और स्थानीय लोगों और कांग्रेसियों की एकजुटता ने कमाल कर दिया।

इस चुनाव में नालागढ़ सहित दूसरे स्थान पर भी अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियन के नेता भी सक्रिय रहे जिसमें इंटक, सीटू, एचएमएस, बीमा, बैंक आदि के लोग भी कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के पक्ष में खड़े नजर आए।

उन्होंने आगे बताया कि देश में भाजपा और मोदी के विरुद्ध जो माहौल बन रहा है, इसके लिए सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, खड़गे व राहुल गांधी का योगदान है। इसके अलावा राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष डॉक्टर जी संजीवा रेड्डी भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने पूरे देश में मोर्चा बनाकर भाजपा के विरुद्ध किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटा व्यापारी, आम गरीब लोगों को लामबंद कर दिया गया है।

उन्होंने आगे बताया के हिमाचल में कांग्रेस पार्टी और सरकार की एकजुटता ने अच्छे दिन लाने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री सभी बधाई के पात्र हैं। हिमाचल प्रदेश मूल रूप से कांग्रेसी विचारधारा का प्रदेश है। कांग्रेस की गलतियों से ही इसमें भाजपा ने घुसपैठ कर ली थी।

# डेरा बाबा रुद्रानंद में धार्मिक कार्यक्रम कल से, जुटेंगे श्रद्धालु



डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम के धूने की फाइल फोटो।

**नरोत्तम शर्मा, ऊना**

डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी बसाल में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 16 जुलाई से धार्मिक अनुष्ठान शुरु होने जा रहा है।

इसमें प्रथम दिवस 16 जुलाई को संक्रांति पर पीपल चूरी कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस पावन स्थल पर 17 से 21 तक गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। स्वयं डेरे के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज भक्तों को पवित्र धुना स्थल पर आशीर्वाद देंगे। डेरे में इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

डेरे में श्रद्धालुओं के ठहरने के अलावा अन्य सुविधाओं के पूरे इंतजाम किए गए हैं। पांच दिनों तक यह नगरी भक्ति के रंग में रंगेगी। (अनंत ज्ञान)

# सड़क हादसे में चंबा के व्यक्ति की मौत

**विवेक शर्मा, अंब।** थाना अंब के तहत गांव नकड़ोह में हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। हाईवे के किनारे खड़े ट्रक से बाइक के टकराने से बाइक चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान यशपाल पुत्र होशियार सिंह निवासी सलूणी, जिला चंबा के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को यशपाल निवासी चंबा बाइक पर सवार होकर नकड़ोह से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे बाइक टकरा गई।

हादसे में लहुलूहान बाइक चालक को 108 व स्थानीय लोगों की मदद से अंब अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रैफर किया गया। उपचार के दौरान यशपाल की मौत हो गई थी। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस इस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# बनेहड़ा में टिप्पर-कार में टक्कर, कार के परखच्चे उड़े



बनेहड़ा में हुए सड़क हादसे की तस्वीर

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

क्षेत्र में दुर्घटनाओं का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। वहीं, सड़कों पर सफर कितना असुरक्षित बनता जा रहा है , आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से हालाते मंजर बयां हो रहा है।

बीते रोज मवा कोहलां में कार, बाइक में एक गाय के आगे आने से दुर्घटना के शिकार हुए। वहीं, रविवार दोपहर को मुबारिकपुर दौलतपुर सड़क पर गोंदपुर बनेहड़ा के पास एक टिप्पर व कार में टक्कर हुई। आसपास के लोगों की मानें तो टक्कर के बाद धमाका ऐसे सुनाई दिया, जैसे कोई बड़ी अनहोनी घटना घटी हो। टिप्पर से टकराने के बाद कार आगे से ड्राइवर साइड से काफी क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोग दौलतपुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं। पुलिस को घटना की सूचना देने के बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची व जांच शुरू की गई है ।

# गउओं को चुराने आए थे, लोगों ने मौके पर ही धर-दबोचे

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला मुख्यालय के समीप रक्कड़ कॉलोनी में गाय चोरी की एक अनोखी घटना सामने आई है। यहां पशुओं की चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा गया है। ये लोग चरागाह में चरने आई पालतू गायों की चोरी करने आए थे। जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी केसर सिंह और लखबीर सिंह, जो रोजाना अपनी गायों को चराने के लिए गांव की चरागाह में लेकर आते थे, शनिवार शाम भी अपनी गायों के साथ वहीं पहुंचे थे। इस दौरान केसर सिंह को अपने निजी काम के चलते थोड़ी देर के लिए बाहर जाना पड़ा और उसने लखबीर सिंह को गायों का ख्याल रखने के लिए कहा। इस बीच लखबीर सिंह ने देखा कि कुछ लोग, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, गायों को गाड़ी में लोड करके भागने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन लोगों को रोका गया, जिसके बाद मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और हंगामा होने लगा। शिकायतकर्ता केसर सिंह और अन्य लोगों ने बताया कि पहले भी इस क्षेत्र में मवेशियों की चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पकड़े गए लोगों में महिला ने अपनी पहचान समूर खुर्द निवासी सुलिंद्रा देवी के रूप में बताई, जबकि उसके साथ मौजूद दो युवक विक्रमजीत सिंह और सुनील कुमार उसके बेटे हैं।

आरोपियों ने गायों को ले जाने के लिए पास के ही गांव बरनोह के रहने वाले बलराम सिंह नामक चालक की गाड़ी बुला रखी थी और दो गायों को अपनी गाड़ी में लोड कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इससे जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

# मुकेश प्रदेशाध्यक्ष भास्कर चंद्रा चुने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** पंचायत भवन में जिला शिमला द्वारा राजस्व विभाग पटवार वृत्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक की जिला शिमला के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार की अध्यक्षता में की गई।

बैठक मे सर्वसम्मति प्रदेश कार्यकारिणी का निर्माण किया गया। इसमें मुकेश ठाकुर को प्रदेशाध्यक्ष, भास्कर चंद्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक, कमल सौहटा को उपाध्यक्ष, सुरेश पोशेटा को महासचिव, किशेर चुन्टा को संयुक्त सचिव, अमन मेहता, हितेश ठाकुर, चतर सिंह को सचिव , अतुल चौहान को कोषाध्यक्ष, देविंदर कुमार को संगठन मंत्री, संजीव कौल को प्रेस सचिव, आशीष गौतम, अंकुश शर्मा, विक्रांत, हेमा नंद को सदस्य चुना गया। (अनंत ज्ञान)

# न्याड़ पहुंची 'एक गांव एक पौधा' मुहिम



न्याड़ (कांगड़ा) में मुहिम के तहत पौधा भेंट करते स्वयंसेवी।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट क्षेत्र में सात जून से एक मंदिर परिसर से आरंभ हुई पर्यावरण सरंक्षण के लक्ष्य के दूरदर्शी विजिन को आगे रखकर 'एक गांव एक पौधा', 'एक स्कूल एक पौधा' के संकल्प के साथ मुहिम निरंतर अपने सफर पर आगे बढ़ रही है।

बता दें कि इस संयुक्त अभियान में सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गोंदपुर बनेहड़ा दिव्यांशी शिक्षा समिति सामाजिक संस्था, सागर ब्लड वेलफेयर संस्था, प्रेस क्लब दौलतपुर के संयुक्त अभियान से तेजी पकड़ता जा रहा है, जिसको आगे बढ़ाते हुए शनिवार को गगरेट क्षेत्र से कांगड़ा के जसवां क्षेत्र के न्याड़ में एक परिवार के सदस्य सावित्री शर्मा को नीम का पौधा भेंट कर पौधरोपण करने का संदेश दिया गया। इस सभियां के स्वयंसेवी टीम सदस्यों नीम का पेड़ लगाने व इसके सरंक्षण को लेकर प्रेरित किया।

इस दौरान विशेष रूप से संयुक्त मुहिम में विशेष रूप से सूर्यांश शर्मा व राजेंद्र पंडित, सुखविंद्र, मनोज, अनुराधा, रेखा ने इस अभियान को सफल बनाने व आमजन को शामिल करके पौधों के पूर्ण सरंक्षण का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

**दुर्दशा** छोटे वाहनों को क्रॉस करना चालकों के लिए बना जोखिम भरा

# अमलेहड़-चिंतपूर्णी संपर्क मार्ग खस्ताहाल



अमलेहड़-चिंतपूर्णी मार्ग जिसके किनारे टूटने लगे हैं।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

कई वर्षों से अमलेहड़-चिंतपूर्णी मार्ग का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। हालात ऐसे हैं, अगर इस मार्ग की सुध नहीं ली गई तो जो बनी हुई सड़क है, वह नाले का रूप धारण कर चुकी होगी। इसे विभागीय अधिकारियों की लापरवाही कहें या दुर्भाग्य, लेकिन अमलेहड़ से चिंतपूर्णी संपर्क मार्ग की हालत दयनीय बनी हुई है।

इस मार्ग को जितना बनाया गया है, उसमें नाली न होने से अब सड़क के किनारे पानी के साथ बहने लगे हैं। कई जगह सड़क टूट चुकी है। किनारे ऐसे हैं, जहां छोटे वाहनों की क्रॉसिंग करना भी जोखिम भरी हुई है। टारिंग तो नई हुई है, लेकिन बरसाती पानी की निकासी के लिए नालियां ही नहीं बनी हैं। क्षेत्र के राजेंद्र कुमार, अमित, गगन सेठी आदि का कहना है कि यह मार्ग अपना कार्य पूरा होने का इंतजार कर रहा है।

दलवाड़ी की ओर से अमलेहड़ की तरफ जो सड़क बनी भी है, वह भी टूटनी शुरू हो गई है, बजट मंजूर होने के बावजूद भी सड़क का कार्य पूरा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। विभाग की ओर से जो कार्य कराया गया है, उसमें साथ नालियों का प्रावधान करने की जरूरत है। अगर जल्द काम नहीं किया गया तो मार्ग का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

लोगों ने लोक निर्माण विभाग से इस मार्ग के सुधार का कार्य जल्द शुरू करने की सिफारिश की है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री हर राजनीतिक चक्रव्यूह भेदना जानते हैं: कुलदीप कुमार

**सन्नी पुरी, गगरेट**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रदेश सरकार के विरुद्ध उपचुनाव के रचे गए चक्रव्यूह को भेदकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बता दिया है कि वे ऐसे अभिमन्यु हैं, जो हर राजनीतिक चक्रव्यूह भेदना जानते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक हुए नौ उपचुनावों में छह सीट जीतकर कांग्रेस ने फिर से चालीस का आंकड़ा छू लिया है तो सत्ता के लिए लालायित भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। मुख्यमंत्री ने इस जीत के साथ यह भी ऐलान कर दिया है कि सुख की सरकार डंके की चोट पर पूरे पांच साल तो चलेगी ही, बल्कि अगली बार भी यही सरकार रिपीट होगी। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में प्रदेश की जनता ने स्पष्ट व साफ जनादेश कांग्रेस को दिया था। प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों में से चालीस सीटें जीत कर कांग्रेस सत्ता पर काबिज हुई थी, लेकिन उसी समय से भाजपा की ओर से षड्यंत्र रचने शुरू कर दिए गए। कांग्रेस टिकट पर विधायक बने छह विधायकों को तो भाजपा ने बरगलाया ही, बल्कि तीन निर्दलीय विधायकों को भी जबरन चुनाव की भट्ठी में झोंक दिया, नतीजतन जिन्होंने वर्ष 2027 तक तो विधायक रहना ही था, वे भी अब पूर्व विधायक बन गए।

मुख्यमंत्री सुक्खू को हल्के में लेने की गलती भाजपा कर गई और अपने ही बुने जाल में भाजपा बुरी तरह से फंस गई। सुक्खू छात्र राजनीति से निकले वह नेता हैं, जो राजनीति का हर दांव-पेंच जानते हैं। भाजपा की जगह अभी विपक्ष में है और अभी भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनावों से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की परिपक्क राजनेता की छवि उभर कर सामने आई है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### बाहरी क्षेत्रों से कूड़ा-कचरा आया तो वापस भेजेगी नप मनाली

**कमलेश वर्मा, मनाली।** रांगड़ी कूड़ा संयंत्र केंद्र में बाहरी क्षेत्र से कूड़ा लेने का आज अंतिम दिन था। सोमवार से नगर परिषद कूड़ा कचरा नहीं लेगी। सोमवार से बाहरी क्षेत्रों से कूड़ा कचरा आया तो नगर परिषद मनाली वापस भेजेगी। कुल्लू नगर परिषद व नगर पंचायत भुंतर की दिक्कत बढ़ सकती है। नगर परिषद के समर्थन में मनाली के सभी सामाजिक व व्यवसायिक संगठन आगे आए हैं। मनाली के रांगड़ी में लगे कूड़े के पहाड़ से सभी लोग चिंतित हैं। हालात को गंभीरता से लेते हुए नप मनाली ने कड़ा निर्णय लिया है। नगर परिषद कुल्लू सहित नगर पंचायत भुंतर कई सालों से अपने कूड़े-कचरे की व्यवस्था नहीं कर पाई है। ऐसे में अब इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भी दिक्कत बढ़ सकती है। नगर परिषद के इस निर्णय का मनाली के सभी संगठनों ने स्वागत किया है तथा बाहरी क्षेत्र से आने वाले कूड़े-कचरे को रोकने में सहयोग की बात कही है। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि नप 21 जून से कूड़ा लेना बंद कर रही थी, लेकिन हालात व उपायुक्त कुल्लू के कहने पर 14 जुलाई तक कूड़ा लेने की बात कही थी। (अनंत ज्ञान)

### अटल टनल रोहतांग में की साफ-सफाई



**कमलेश वर्मा, मनाली।** कुल्लू की कार सेवा दल संस्था की ओर से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ व साउथ दोनों पोर्टल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों और सेवादारों ने इस दौरान जगह-जगह सफाई करने के साथ ही कूड़ा-कचरा एकत्र किया और साथ ही इस दौरान पर्यटकों को भी स्वच्छता बनाए रखने बारे जागरूक किया। सनद रहे कि समर सीजन के चलते पिछले दिनों मैदानी इलाकों से काफी संख्या में पर्यटक कुल्लू-मनाली में अपनी छुट्टियां बिताने के लिए पहुंचे और समय-समय पर देखा जा रहा है कि विभिन्न पर्यटक स्थलों में लोग अपने साथ पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, डिस्पोजेबल गिलास आदि सामान इस्तेमाल के बाद चलती हुई गाड़ी से सड़कों के किनारे फेंक देते हैं। प्रशासन और स्थानीय नगर निकायों हालांकि द्वारा भी ऐसे पर्यटन स्थान पर सफाई की व्यवस्था है लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं कचरा छूट जाता है। कई जगहों में कई सामाजिक संस्थाएं, महिला मंडल, युवक मंडल भी समय-समय पर पर्यटन स्थलों पर सफाई अभियान चलाकर सफाई करती हैं। (अनंत ज्ञान)

### बंदरोल में लोगों को किया जागरूक



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** सांफिया फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत बंदरोल में लोगों को दिव्यांगता के प्रति जागरूक किया। रविवार को ग्राम पंचायत बंदरोल के पंचायत परिसर में आयोजित ग्रामसभा के दौरान सांफिया फांउडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल के नेतृत्व में समावेशी टीम नें पंचायत में उपस्थित सभी नागरिकों को साम्फिया फाउंडेशन द्वारा दिव्यंगता के क्षेत्र में दी जाने बाली थैरेपी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। बीजू ने बताया कि बताया कि सांफिया फाउंडेशन वर्ष 2019 से लेकर आज तक दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए कार्य कर रही है बहुत से बच्चों को एक सरल जीवन प्रदान करने में सफल हुई है। वहीं धनेश्वरी ठाकुर सदस्य सांफिया फाउंडेशन ने बताया कि फाउंडेशन दिव्यांगता के क्षेत्र में तीन तरह के विशेष कार्यक्रम चला रही है, जिसमें अर्ली इंटरवेंशन प्रोग्राम, थेरेपी ऑन व्हील्स एवं समावेशी कार्यक्रम मुख्य रूप से सम्मिलित है। इस अवसर पर पंचायत सहायक अध्यापक, भीमी देवी, वार्ड सदस्य भूमि चंद एवं बंती देवी, महिला मंडल प्रधान, गीता देवी, प्रधान स्वयं सहायता समूह तथा,सनी एवं मनु आदि विषेश रूप से मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट परिसर के बाहर से उखाड़ी भांग



**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** ग्राम पंचायत आनी द्वारा उपमंडल मुख्यालय आनी के न्यायालय परिसर के बाहर और बाजार से स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते मे उग आई अवांछित भांग की पौध को रविवार को हटाया गया है। ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत आनी के अंतर्गत आने वाले आनी कस्बे में जहां जहां भी भांग के अवांछित पौधे उग आए होंगे उन्हें काटकर या उखाड़कर हटा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कस्बेवासियों से भी अपील की है कि अपने घरों के आसपास उगे ऐसे ही भांग के पौधों को नष्ट कर दें। साथ ही क्षेत्र के लोगों खासकर युवाओं से भी ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह ने नशे से दूर रहने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# जिया में नहीं लगने देंगे कूड़ा प्लांट

## ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित, प्लांट लगाया तो देंगे धरना

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



भुंतर की जिया पंचायत में ग्राम सभा के दौरान चर्चा करते हुए ग्रामीण।

जिया पंचायत के खौज नामक स्थान पर कूड़ा डंपिंग साइट का स्थानीय लोगों ने फिर से जोरदार विरोध किया। रविवार को जिया पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में नगर पंचायत के सचिव हर्षित शर्मा, जेई पारस व नगर परिषद कुल्लू से सुपरवाइजर खेमचंद भी उपस्थित रहे। उन्होंने कूड़ा डंपिंग को लेकर अपनी बात रखी और उपस्थित जनता को समझाने की कोशिश करते हुए उचित सुझाव भी दिए। जिया पंचायत की जनता ने एक स्वर में कूड़ा डंपिंग साइड का विरोध किया।

जनता ने कहा कि जिया में बाढ़ के समय हमारी सुध नहीं ली केवल कुछ एक चहेतों को ही पूछा गया। प्रधान संजीव कुमार उर्फ संजू पंडित ने कहा कि बाढ़ से प्रभावितों का हाल जानने की किसी को फुरसत नहीं मिली। प्रोटेक्शन को लेकर जिया में पार्वती व ब्यास नदी में कहीं पर सुरक्षा दीवार नहीं लगाई गई जबकि पंचायत कई बार कंक्रीट लगाने को बोल चुकी हैं। जिया का फुट ब्रिज भी बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुआ उसे ठीक करने के बजाए विभाग उठा कर ले गया। गांववासियों को जान-बूझकर तरसाया जा रहा है।

अब कूड़ा प्लांट बनाने को जिया गांव और काम के नाम पर ग्रामीणों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। वहीं जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया ने कहा कि जिया गांव से विकास के नाम पर सौतेला व्यवहार किया गया। मैंने जो काम बताए वह सिरे ही नहीं चढ़ाए गए। वहीं पूर्व बीडीसी वीर सिंह ने प्रशासन को घेरते हुए कहा कि पहले एनजीटी गाइड लाइन पढ़े फिर जिया में प्लांट लगाने की सोचे, लेकिन जिया में डंपिंग प्लांट किसी भी हाल में नहीं लगेगा। इन्होंने कहा कि जिया संगम को भुंतर ले जाने की साजिश रची गई और भुंतर कमेटी ने उसका कोई विरोध नहीं किया।

वहीं वीर सिंह ने बिजली महादेव रोपवे को लेकर भी सरकार व प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुऐ कहा कि रोपवे का सर्वे पहले कहीं और जगह हुआ बाद में इसे कहीं और ले गए। रोपवे पर खूब राजनीति हुई और अभी भी की जा रही है। प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि हमने अपनी पंचायत के कूड़ा डंपिंग को लेकर बीडीओ भुंतर को प्रस्ताव भेज दिया हैं।

विरोध कर रहे ग्रामीण लोगों ने कहा कि यहां पर डंपिंग साइट बनने से यहां गांवों के लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। इससे यहां पर खेतीबाड़ी को नुकसान होगा साथ लगते देव स्थल दूषित हो जाएंगे। ऐतिहासिक जिया संगम दूषित होगा। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कहा कि यहां पर यह डंपिंग साइट नहीं बननी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचली लोक गायिका रमना भारती, रमेश सराजी और बीएस राणा ने नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, सैंज**



सैंज की ग्राम पंचायत कनौन के देवता बनशीरा को समर्पित शाहनू मेले में जहां कुलवी नाटी आकर्षण का केंद्र रही, वहीं समर्थ युवक मंडल द्वारा आयोजित दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिमाचली लोक गायिका रमना भारती ने दर्शकों को नाचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रमना भारती ने एक से बढ़कर एक अपने हिट गीतों को गाकर खूब वाहवाही लूटी।

इस दैनिक कार्यक्रम में बंजार कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तेजा ठाकुर बतौर मुख्यातिथि पधारे। उन्होंने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि मेले हमारे संस्कृति के प्रतीक है जो हमारी देव संस्कृति के साथ-साथ परंपरा को जिंदा रखते हैं।

उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए समर्थ युवक मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से 21हजार की राशि देकर युवक मंडल का सहयोग किया। समर्थ युवक मंडल ने मुख्य अतिथि तेजा ठाकुर व उनके साथ आए अतिथियों का टोपी मफलर देकर सम्मानित किया। वहीं हिमाचली लोक गायक बीएस राणा, टेला सोनी, रमेश सराजी, प्रेम ठाकुर, जोगिंद्र तूफानी की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। दैनिक कार्यक्रम के पश्चात मेहमान देवता सिहडु के साथ आए देऊलू और देवता बनशीरा के हारियानों ने चोला-टोपा, कलगी पहनकर कुलवी नाटी का डाल कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं इस मौके पर ग्राम पंचायत कनौन के प्रधान हीरा सिंह मेहता और उप प्रधान दीवान डोगरा और पंचायत के वार्ड पंच भी उपस्थित रहे। रविवार को देव मिलन कर देवता सिहडु देवालय को लौटे।

# नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता में डीएवी कटराईं का शानदार प्रदर्शन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



डीएवी कटराईं के विद्यार्थियों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल की खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन 4 जुलाई से 9 तक डीएवी मंडी, डीएवी बिलासपुर और डीएवी घुमारवीं में किया गया। अंडर-14 कबड्डी में लड़कों की टीम विजेता और लड़कियों की टीम रनर अप रही।

अंडर-17 वॉलीबॉल में लड़कियों की टीम रनर अप रही। एथलेटिक ट्रैक इवेंट में अंडर- 17 में लड़कों ने 1500 मीटर दौड़ में देवांश ने रजत पदक, अंडर-14 लड़कों ने 400 मीटर की दौड़ में श्रेयस ने कांस्य पदक जीता तथा 200 मीटर की दौड़ में निश्चल ने रजत पदक झटका। अंडर-14 लड़कियों ने 100 मीटर दौड़ में रीवा ने रजत पदक और 400 मीटर की दौड़ में निधि ने कांस्य पदक हासिल किया। फील्ड इवेंट में अंडर-17 लॉन्ग जंप लड़कों में देवांश ने स्वर्ण पदक, अंडर-14 हाई जंप लड़कियों में हितीका ने भी स्वर्ण पदक झटका। कराटे अंडर-14 लड़कियों में वीनस ने रजत पदक और रेनी ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-14 लड़कों में आर्यांश, नकुल, भव्या और अभिनव ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा ने स्टूडेंट्स की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कार जीतकर विद्यालय के मान को बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

# सड़क सुविधा से जल्द जुड़ेगा शैलपुत्री माता का मंदिर

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी मुख्यालय से करीब 11 किलोमीटर दूर शैलापनी स्थित मां शैलपुत्री माता का मंदिर जल्द ही बेहतरीन सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा। डिंगुनाला से शैलापनी सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू की सचिव भागीरथी देवी ने किया। पूर्व में यह 600 मीटर रास्ता विकास खंड कार्यालय के अधीन था, लेकिन इस मार्ग का उचित रखरखाव विकास खंड कार्यालय के माध्यम से नहीं हो पा रहा था। वहीं शैलापनी स्थित शैलपुत्री मंदिर में माथा टेकने आने वाले श्रद्धालुओं ने डिंगूनाला से शैलापनी संपर्क सड़क का कार्य शुरू होने पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, पीडब्ल्यूडी के रामपुर सर्किल के एसई पासिंग नेगी सहित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ, किशोर शर्मा, सुरजीत कुमार आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



# सीपीएस सुंदर ने करवाया फागडा नाला-शलधारी मार्ग का काम शुरू



सीपीएस सुंदर ठाकुर फागडा नाला से शलधारी संपर्क मार्ग का शुभारंभ करते हुए।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**


सीपीएस वन, ऊर्जा, पर्यटन एवं परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने रविवार को फागडा नाला से शलधारी संपर्क मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। एक करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित इस सड़क की कुल लंबाई 1.930 किलोमीटर होगी तथा इस कार्य को शुरू करने के लिए सीपीएस द्वारा विधायक निधि से 5 लाख दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण एससीसीपी कंपोनेंट प्लान में किया जाएगा। मुख्यातिथि ने निर्देश दिए की इस सड़क का निर्माण विजयदशमी से पहले कर लोगों को समर्पित किया जाएगा। मुख्यातिथि ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में अगर कोई बीमार होता है और उसका खर्चा बहुत ज्यादा पड़ता है तो हम उसका इलाज अपने ट्रस्ट के माध्यम से वहन करेंगे तथा ऐसे जरूरतमंद व्यक्ति को इस ट्रस्ट के माध्यम से ही पैसों का प्रावधान किया जाएगा।

उन्होंने भालटा संपर्क सड़क के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पैराग्लाइडिंग व स्किंग शुरू करने का भी आश्वासन दिया। शीशामाटी बाईपास को डबल लेन कर के पक्का भी किया जाएगा तथा घाटी के लिए जो गेट का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसके साथ ही पार्क व सेल्फी प्वॉइंट का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फलाण गांव के लिए जल्द ही सड़क का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा तथा लगघाटी में जो डेढ़ करोड़ से निर्मित पीने के पानी की योजना हैं उसे जल्दी ही ट्रांसफार्मर लगवा कर शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सेस राम चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी दौलत सिंह,सर्किल अध्यक्ष कैप्टन ताराचंद, जिला परिषद सदस्य दीपिका, दुघिलग प्रधान रजनी देवी आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# धनबल से सरकार गिराने वालों को प्रदेश की जनता ने सिखाया सबक : राजीव

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि धन बल से सरकार गिराने वालों को प्रदेश की जनता ने सबक सिखा दिया है। उन्होंने कहा कि अब जयराम ठाकुर को संवैधानिक तरीके से विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए और सरकार को गिराने के षड्यंत्र छोड़ देने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर के कारण से प्रदेश को उपचुनाव की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिस कारण प्रदेश के विकास कार्य प्रभावित रहे। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस को जनता ने भारी बहुमत दिया है और 40 सीटें पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता ने धनबल व षड्यंत्र को हराया है और प्रदेश की जनता की जीत हुई है। यह प्रदेश के मतदाताओं के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं की जीत है। प्रदेश की जनता ने खरीद-फरोख्त की राजनीति को नकार कर अपना वोट राजनीतिक पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए दिया है। देहरा में 25 वर्षों के बाद कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई है यह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच है तभी उन्होंने अपनी पत्नी को यहां से चुनाव में उतारा और 25 वर्षों का रिकार्ड तोड़ा। नालागढ़ में भी कांग्रेस प्रत्याशी बड़े अंतर से जीते हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब कोई भी पार्टी आने वाले समय मे खरीद-फरोख्त की राजनीति करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगी और प्रदेश से यह संदेश पूरे देश की राजनीति में जाएगा। जयराम ठाकुर ने चुनी हुई सरकार को गिराने का षडयंत्र रचा, लेकिन इस ऐतिहासिक जीत के बाद अब विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के विधायकों की संख्या एक बार फिर 40 हो गई है। यह जीत उन सभी के लिए भी एक सबक है जिन्होंने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। (अनंत ज्ञान)

# गो तस्करी को लेकर सरकार व प्रशासन गंभीर नहीं : बेलू राम

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

रविवार को देवी-देवता गुर कल्याण सभा नग्गर खंड की बैठक अध्यक्ष बेलू राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर सभा के सदस्यों ने गो तस्करी मामले पर गहरा रोष व्यक्त किया।

इस मौके पर बेलू राम ने कहा कि देवभूमि मे हो रहा यह गो तस्करी करने वाला मामला दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मंडी के पंडोह, मनाली के साथ लगते रानी नाला व लाहौल घाटी में गौवंश से भरा हुआ ट्रक पकड़ा गया। ऐसी घटना पर कुल्लू देवी-देवता कल्याण संघ ने गहरा रोष प्रकट किया।

सदस्यों ने बताया कि प्रदेश व जिला में गो तस्करी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन इन पर लगाम लगाने की दिशा में प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा देवभूमि की देव तुल्य जनता से आग्रह किया है कि हम सभी को मिलजुल कर इस अभियान को लेकर आगे आना चाहिए, ताकि हमारी गो माता की रक्षा कर सके। खंड के सभी गुर प्रतिनिधियों ने मनाली सहित देव समाज के साथ बैठक आयोजित की और 16 जुलाई को धरना-प्रदर्शन करने का आह्वान किया। यह जानकारी महासचिव ठाकुर दास और मुख्य प्रेस सचिव रोशन कश्यप ने दी। (अनंत ज्ञान)

**सम्मान** | पुलिस के अनिमेष नेत्रम प्रोजेक्ट में बेहतर कार्य के लिए मिला अवार्ड


# लाहौल-स्पीति पुलिस 'स्कॉच अवार्ड' से सम्मानित

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति पुलिस को दिल्ली में आयोजित स्कॉच पुरस्कार सम्मेलन में प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उत्कृष्ट ई-पुलिसिंग परियोजना, 'अनिमेष नेत्रम' को मान्यता देता है, जो कानून प्रवर्तन और सामुदायिक जुड़ाव में नवाचार का उदाहरण है। अनिमेष नेत्रम पहल को प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से पुलिसिंग में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

इस परियोजना ने पुलिस बल और समुदाय के बीच बातचीत में काफी सुधार किया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि लोगों को आवश्यक सेवाओं और सूचनाओं तक आसान पहुंच है। स्कॉच पुरस्कार देश में सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं, जो शासन, डिजिटल परिवर्तन और सार्वजनिक सेवा में असाधारण योगदान को मान्यता देते हैं। सनद रहे कि शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में युवा और दबंग पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी के नेतृत्व में कठिन भोगौलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों और माइनस तापमान में जिला पुलिस बेहतरीन सेवाएं दे रही है। लाहौल-स्पीति पुलिस स्कॉच अवार्ड में पूरे देशभर में पहले स्थान में रही है। (अनंत ज्ञान)




अवार्ड ग्रहण करने के बाद एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी अपने संबोधन के माध्यम से आभार जताते हुए।

> **जिला** के कठिन भोगौलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों में भी आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट उपयोग कर ई- पुलिसिंग द्वारा आम जनता को प्रभावी रूप से पुलिस की सुविधा उपलब्ध करने के लिए स्थापित प्रोजेक्ट 'अनिमेष नेत्रम' के लिए जिला पुलिस ने पूरे देश भर में स्कॉच अवार्ड के लिए प्रथम स्थान हासिल किया है, जो कि पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है, इसके लिए जिला पुलिस के पूरे परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं।
> **-मयंक चौधरी, एसपी लाहौल-स्पीति**

### यह सम्मान देश में सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है

### कमांड और कंट्रोल सेंटर

**जिला** के प्रमुख बिंदुओं की केंद्रीय निगरानी के लिए एक केंद्रीय जिला केंद्र, आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम), वाहनों की आवाजाही पर नजर रखने और मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघनों का चालान करने की प्रणाली, सीसीटीएनएस लैब (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम)जिला पुलिस के अधिकारियों को तकनीक औत प्रशिक्षण और ज्ञान प्रदान करना।

### अनिमेष नेत्रम का मुख्य उद्देश्य

**अनिमेष** नेत्रम एक निरंतर निगरानी रखने वाली आंख, जो इस परियोजना के 24/7 सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य को दर्शाता है। परियोजना 'अनिमेष नेत्रम' लद्दाख, चीन और हिमाचल प्रदेश की सीमाओं से सटे हमारे जिले की भौगोलिक और सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है। इसका उद्देश्य जिले में ई-निगरानी, ई-पुलिसिंग, और ई-पेट्रोलिंग सेवाओं को सशक्त बनाना है, जिससे सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।



# नगर निगम सोलन में स्टाफ की कमी

## सरकार से पदों को भरने की नहीं मिली मंजूरी, दर्जा निगम का, स्टाफ परिषद से भी कम

आर मोहन चौहान, सोलन

वर्ष-2020 में परिषद से अपग्रेड होकर निगम बने एमसी सोलन का राजस्व और काम पांच गुना बढ़ गया है, लेकिन पर्याप्त कर्मचारियों की कमी इसकी दक्षता पर पड़ रहा है।

नगर निकाय आय के साधन जुटाने को फील्ड स्टाफ की मांग कर रहा है, लेकिन लगातार राज्य सरकार से इसकी मंजूरी नहीं मिल रही है। निगम ने अधिक पदों के सृजन के लिए अगस्त, 2022 में सामान्य सदन में एक प्रस्ताव पारित किया था। 17 वार्डों वाले सोलन शहर की जनसंख्या करीब 50 हजार है, जबकि घरों की संख्या भी बढ़कर लगभग 14,000 हो गई है। काम में कई गुना वृद्धि के कारण प्रभावी सेवाओं के साथ-साथ आय के साधन जुटाने के लिए अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता थी। पानी की बिल बकाया वसूलने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त संख्या में मीटर रीडर नहीं हैं। हालत यह हैं कि निगम का स्टेटस मिलने के बावजूद परिषद जितने कार्य भी नहीं हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### 84 पद चल रहे रिक्त

नगर निगम में पहले 206 स्वीकृत पद सृजित थे, जिसमें से 56 रिक्त हैं। निगम बनने के बाद कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 231 कर दी गई है पर अभी भी 84 पद रिक्त हैं। इसमें मुख्यता कार्यकारी अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, टाउन प्लानर, योजना अधिकारी, सफाई निरीक्षक, मीटर रीडर, ड्राइवर, बेलदार आदि जैसे प्रमुख पद रिक्त होने से शहर के विकास गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्टाफ की कमी से पार्किंग स्थल, परिवहन नगर, फुटपाथ निर्माण की योजनाएं अधर में हैं।



नगर निगम सोलन की कार्यकारी मेयर मीरा आनंद का कहना है कि प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को रिक्त पदों को भरने की मांग भेजी गई थी पर अभी तक पदों को भरने की मंजूरी नहीं मिली। स्टाफ की कमी से निगम के कार्य लंबित हो रहे हैं।

### निगम में कई अहम पद खाली

नगर निगम सोलन में कई अहम पद खाली होने से विकास कार्यों सहित नक्शा पास, रिकवरी, डॉग स्टरलाइजेशन महत्वपूर्ण, पेंशन और ई-ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम ने एक प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार से तहसीलदार (वसूली), पशु चिकित्सा सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, फोरमैन (इलेक्ट्रिक), सहायक सामाजिक विकास अधिकारी, सर्वेक्षक, पांच कनिष्ठ कार्यालय सहायकों के पद सृजित करने का आग्रह किया था। इसके अलावा दो सेनेटरी इंस्पेक्टर और चार चपरासी की भी मांग है। बावजूद इसके सरकार से पदों को भरने की मंजूरी नहीं मिल पाई है। कनिष्ठ अभियंताओं की कमी के कारण शहर में विकास कार्यों की डीपीआर, मकानों के नक्शे, पानी और सीवरेज के तकनीकी कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम के तीन कनिष्ठ अभियंताओं के भरोसे शहर के 17 वार्ड हैं, जबकि मांग आठ कनिष्ठ अभियंताओं की है। लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। सफाई निरीक्षकों और कर्मचारियों की कमी से भी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाना चुनौती बन चुका है।

# शलोमणा-चंबाघाट रोड पर कार हादसे में चार घायल

**आर मोहन, सोलन।** शलोमणा से चंबाघाट की ओर आ रही एक आल्टो कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोग घायल हो गए। घायलों में तीन महिलाएं शामिल हैं। एक महिला की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सलोमणा के चंबाघाट की ओर आ रही एक आल्टो कार—800 एचपी 14बी—3347 कार में सलोमणा के पास सड़क से नीचे पलट गई। हादसे में कार सवार छह लोगों में चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए, उन्हें तुरंत सोलन के क्षेत्रीय अस्पातल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। सीमा नामक 39 वर्षीय महिला के सिर पर चोट आने के कारण हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य घायलों में चालक जितेंद्र, मनीषा व प्रिया के नाम बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वाहन लगभग डेढ़ सौ फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने चिकित्सालय में पहुंच कर घायलों के बयान दर्ज करने का काम शुरू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# निबंध में अनुष्का नेगी प्रथम और नितिन भंडारी रहे द्वितीय


विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि।

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ

केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यक्रम किन्नौर के ब्रूआ गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के विषय थे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, स्वच्छ भारत अभियान और एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में 10वीं की छात्रा अनुष्का नेगी ने प्रथम, 11वीं के नितिन भंडारी ने द्वितीय एवं 10 वीं कक्षा की राधिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में 12वीं की अनुष्का नेगी ने पहला, चंद्र बिंद्रु ने दूसरा और 11वीं के छात्र अर्णव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने उपस्थित छात्रों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं स्वच्छता अभियान के महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य कल्याण सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। (अनंत ज्ञान)

# कर्मचारियों को नए वेतन के एरियर और भत्ते मिलने की आस : सुरेंद्र

एसपी जैरथ, नाहन

बेशक हिमाचल सरकार ने 90 फीसदी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पूरा कर अपने एजेंडे की एक गारंटी को पूरा किया है, जिसके लिए प्रदेश के लाखों कर्मचारियों ने वर्तमान सरकार को बनाने में अपना भरपूर सहयोग भी दिया।



वर्तमान में यद्यपि सरकार ने सभी विभागों में पुरानी पेंशन लागू कर दी है। तथापि सीएम के आश्वासन के बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए पेंशन निर्धारित न होना चिंतनीय है। इसके अतिरिक्त 2016 के वेतनमान का बकाया एरियर, महगाई भत्ते की कई किश्तों का बकाया तथा वेतन वृद्धि के साथ मिलने वाले आवासीय भत्ता, दैनिक भत्ता तथा चिकित्सा भत्ता आदि का संशोधित न होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष पैदा होना स्वभाविक है, जिसका विपरीत असर प्रदेश की विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर पढ़ने की आशंका बनने लगी है। हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ तथा विद्यालय प्रवक्ता संघ जिला सिरमौर अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने इन विषयों पर सरकार का ध्यान आकृषित करते हुए कहा कि संचार साधनों के व्यापक प्रचार-प्रसार से स्वभाविक रूप से प्रदेश के कर्मचारी भी अपने पद के अनुकूल अन्य पड़ोसी प्रांतों तथा केंद्र कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों की तुलना करने लगते हैं। पुंडीर ने कहा कि बेशक कर्मचारियों की देनदारियों तथा अन्य मामलों के लंबित होने के लिए पिछले कुछ समय में हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा तथा दो-दो बार मध्यावधि चुनाव का होना है। परंतु अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# देवरिया से गिरफ्तार किया साइबर ठग

आर मोहन चौहान, सोलन

बीमा कंपनियों में फंसे पैसे को दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर ठग को सोलन पुलिस ने उत्तर प्रदेश के देवरिया से गिरफ्तार किया है।

आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद चार दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि ठग से इस पूछताछ में लाखों रुपए के ठगी के अन्य मामलों से भी पर्दा उठ सकता है। एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक इसी वर्ष तीन मार्च को कथेड़ बाइपास निवासी अमरलाल शर्मा ने सदर पुलिस थाने में तहरीर दी थी कि वर्ष-2022 में 13 जुलाई को उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया था। कालर ने अपना नाम दीपक शर्मा बताया था। कथित दीपक शर्मा ने उससे पूछा कि क्या उनका कुछ रुपया प्राइवेट बीमा कंपनियों में फंसा हुआ है।


यूपी के देवरिया से गिरफ्तार साइबर ठगी का आरोपी।

इस पर अमरलाल ने उसे बताया कि उनका तकरीबन चार लाख रुपए विभिन्न बीमा कंपनियों में फंसे हुए हैं। इसके बाद कुछ माह बाद 14 जुलाई दीपक ने उन्हें मोबाइल से फोन किया और कहा कि जो उसके पैसे विभिन्न बीमा कंपनियों में फसें हैं वह उसे वापस दिलाएगा, जिसके लिए इसे बैंक अकाउंट में कुछ राशि जमा करनी होगी। उसने इंडस बैंक का खाता नंबर भी दिया, जिस पर इसने कई बार अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग अकांउट, एनईएफटी व गूगल-पे के माध्यम से दीपक द्वारा दिए गए खातों में भेजें। उन्हें अब तक कोई पैसा वापस नहीं मिला। इस शिकायत पर पुलिस ने धोखाधाड़ी का मामला दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस अभियोग की जांच के दौरान सभी सबूतों को इकट्ठा किया गया। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि ठग का नाम विनय जायसवाल है और वह यूपी के देवरिया के भाटपार तहसील के बरईपार का रहने वाला है। पुलिस की एक टीम ने 24 वर्षीय विनय जायसवाल को देवरिया से गिरफ्तार कर उसे ट्रांजिट रिमांड पर सोलन लाया गया। पुलिस ने उसे कल सोलन अदालत में पेश करने के बाद चार दिन की पुलिस रिमांड हासिल कर ली। (अनंत ज्ञान)

# दीपक स्पिनिंग मिल में कामगार व प्रबंधकों के बीच विवाद में कामगारों ने किया पथराव

अनंत ज्ञान, बीबीएन

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के दीपक स्पिनिंग मिल के कामगार व प्रबंधकों के बीच पैदा हुआ विवाद पथराव में बदल गया। दोनों पक्षों में झगड़ा इतना बढ़ गया कि कामगारों ने पत्थरों व कांच की बोतलें फैंकनी शुरू कर दी। इस घटना में एक पुलिस कर्मचारी भी घायल हो गया, जिसका ईलाज चल रहा है।

बद्दी पुलिस ने विवाद के चलते कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बटालियन को भी तैनात कर दिया है। अब कामगार कंपनी के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। बता दें कि शानिवार देर सायं कंपनी के दो कामगार प्रबंधन से अवकाश लेने गए। कंपनी के प्रबंधक ने उन्हें अवकाश देने से इंकार कर दिया। प्रबधंक के कमरे के साथ सिक्योरिटी रूम है। मैनेजर व सुरक्षा कर्मी ने छुट्टी मांगने आए कामगारों को थप्पड़ मार दिए।


कंपनी में कामगार व प्रबंधक के बीच विवाद में एकत्रित लोग।

देखते ही कंपनी मैनजेंट के लोगों ने आकर इन कामगारों को कमरों में बंद कर धुनाई कर दी, जैसे ही अन्य कामगारों को इसकी भनक लगी, तो उन्होंने सुरक्षा कर्मचारियों व स्टाफ के ऊपर पत्थर व बोतलें फैंकनी शुरू कर दी। कंपनी प्रबंधकों ने पुलिस को मौके पर बुलाया। जैसे ही पुलिस के तीन लोग मौके पर पहुंचे, तो पत्थर व बोतलें जारी थी। एक पत्थर पुलिस कर्मचारी अमरजीत को लग गई। अब कामगार इस बात पर अड़े हैं कि जब तक मारपीट करने वाले एचआर प्रबंधक, मैनेजर व सिक्योरिटी प्रभारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रविवार को दीपक स्पिनिंग मिल बंद रही। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश इकाई के सदस्य मेला राम चंदेल भी रात को एक बजे मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने कामगारों की समस्या सुनी और कहा कि अगर मैनेजमेंट कामगार के साथ व्यवहार सही नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। डीएसपी खजाना राम ने बताया कि दीपक धागा मिल में कामगारों व प्रबंधकों के बीच विवाद हो गया था, जिसे बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास जारी है। विवाद न भड़े पुलिस फोर्स को कंपनी परिसर में तैनात किया हुआ है।

# सीईडीएसए कॉन्क्लेव उद्योग परिवर्तन की उत्कृष्टता को सराहा

आर मोहन, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सीईडीएसए कॉन्क्लेव गहन चर्चाओं और महत्वपूर्ण सम्मानों की एक शृंखला के साथ संपन्न हुआ।

दूसरे दिन की शुरुआत भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग के वित्तीय समावेशन और आर्थिक प्रभाव पर पैनल चर्चा के साथ हुई। पैनलिस्टों में डायरेक्ट सेलिंग टुडे के प्रधान संपादक राहुल सूदन, हेम पांडे, पूर्व सचिव, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. गोपालम सुल्तानिया, शिक्षाविद, लेखक और प्रत्यक्ष विक्रेता, महावीर कैंतुरा, लेखक और वीएलसीसी वेलसाइंस में शीर्ष उपाधि प्राप्तकर्ता, शीर्ष सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और लाइफ कोच हर्षवर्धन जैन और डॉ. मनीष मारवाहा मुख्य प्रबंध निदेशक अमूल्य हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे। कॉन्क्लेव ने वार्षिक सीईडीएसए गोल्डन रुद्राक्ष अवार्ड्स के साथ प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसाय में उपलब्धि को भी मान्यता दी। यह पुरस्कार, मोहम्मद जाकिर हुसैन, हर्षवर्धन जैन और प्रो. केएन वासुपालैया को अत्यधिक मूल्यवान पुरस्कार उन नेताओं को दिया जाता है, जिन्होंने स्वयं से ऊपर उठते हुए और उद्योग की सेवा में खुद को समर्पित किया। सभी पुरस्कार विजेताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद दिया और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। चांसलर प्रो. पीके खोसला और इनोवेशन एंड मार्केटिंग के अध्यक्ष प्रो. आशीष खोसला ने समापन सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय के समर्पित स्वयंसेवकों और आयोजन समिति को प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। (अनंत ज्ञान)


शूलिनी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सीईडीएसए कॉन्क्लेव में पहुंचे प्रतिभागी।

## मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया एकलव्य विद्यालय का औचक निरीक्षण

# सफाई व्यवस्था पर लगाई फटकार

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के निचार स्थित एकलव्य मॉडल रिहायशी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

नेगी ने एकलव्य स्कूल के भवन, कमरों, छात्रावास व रसोई घर का निरीक्षण किया। स्कूल में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने व कई खामियां पाने पर मंत्री काफी नाराज दिखे व मौके पर स्कूल प्रबंधन को सख्त आदेश दिए कि इस तरह पुनरावृत्ति न हो। बात दें कि कुछ रोज पूर्व इस एकलव्य आवासीय स्कूल के अधिकांश बच्चे डायरिया से बीमार हुए थे। कई बच्चों को अभिवाहक अपने घर ले गए व अस्पताल में उपचार एक बाद स्कूल छोड़ आए थे। मंत्री के स्कूल निरीक्षण में कमरों में सीलन व गंदी देख मंत्री ने स्कूल प्रबंधन को सफाई व्यवस्था पर शीघ्र कार्रवाई के आदेश दिए। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने बच्चों को खाने में पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालयों में बच्चों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)


एकलव्य स्कूल का निरीक्षण करते कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी।

# लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने को कहा

आशीष, दाड़लाघाट

पंचायत नवगांव के श्री हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा का रविवार को समापन हो गया।

रविवार को हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा का आयोजन हनुमान मंदिर विकास समिति नवगांव व समस्त ग्रामवासियों की ओर से करवाया गया। कथा व्यास देवराज अंगरिस ने सात दिन तक चली कथा में श्रीराम की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सदगुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। पंचायत नवगांव के समस्त श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारे में प्रसाद बांटा गया। (अनंत ज्ञान)


हनुमान मंदिर में श्रीराम कथा हवन यज्ञ के मौके पर मौजूद महिलाएं।

# सिपेट में डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

**बीबीएन।** बद्दी स्थित केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट में विभिन्न डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश जारी है। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय पेट्रोरयासन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान बद्दी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर जारी है।

तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवार 10वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है, जबकि दो वर्ष के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एवं टेस्टिंग के लिए विज्ञान में तीन वर्ष की पूर्णकालीन डिग्री उपाधि होनी अनिवार्य है। इन सभी पाठ्यक्रमों के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। संस्थान के सभी पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त हैं।

# अनेक गुणों व खनिज तत्वों की खान हैं अरबी के पत्ते

बीआर चौहान, राजगढ़

अरबी के पत्ते से बने पतीड़ हर बरसात में हर रसोई की स्पेशल डिश होती है।

सर्दियों में जहां अरबी की सब्जी और मक्की की रोटी का हर रसोई में काफी उपयोग किया जाता है, वहीं बरसात में अरबी के पत्ते से बनाए जाने वाले पतीड़ व पकौड़े बहुत ही स्वादिष्ट और लजीज होते हैं, जिसे देखकर हर व्यक्ति के मुंह में पानी आ जाता है। विशेषकर बरसात के दिनों में राजगढ़ में अरबी के पत्तों का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार करने में किया जाता है। स्थानीय भाषा में इसे धीधड़े कहा जाता है, जिसे विशेषकर देसी घी अथवा दही से खाए जाते हैं। डगैली अर्थात डगवांस के पर्व पर राजगढ़ के अलावा सीमा पर लगते शिमला व सोलन में पतीड़ अथवा धीघड़े बनाने की विशेष प्रथा है, जिसे रात्रि को मकान की दहलीज पर पतीड़ रखकर धारधार औजार से काटकर डायनों को अर्पित किया जाता है। राजगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार शेरजंग चौहान ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पतीड़ बनाने की परंपरा कालांतर से चली आ रही है। अतीत में बुआरा अथवा किसी सामूहिक कार्य के दौरान लोगों को अरबी के पत्तों पर भोजन परोसा जाता था क्योंकि अरबी के पत्ते साइज में काफी बड़े होते हैं। इसके अतिरिक्त अतीत में अनाज का काफी अभाव को जाता था, तो लोग पतीड़ अथवा धींधड़े बनाकर गुजारा करते थे। आयुर्वेद में अरबी के पत्ते को गुणों की खान माना जाता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी ने बताया कि अरबी के पत्तों को स्थानीय भाषा में लांबू कहा जाता है, जो कि हार्ट के आकार के होते हैं। (अनंत ज्ञान)


अरबी के पत्ते तोड़ती पहाड़ी महिला और पतीड़।

**परेशानी** लोग पिछले कई दशकों से कर रहे समर्थन मूल्य की मांग, अब कहीं-कहीं भी आड़ू के बगीचे नजर नहीं आते

# राजगढ़ के आड़ू उत्पादकों को नहीं मिल पा रहे हैं उचित दाम

रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़

पीच वैली ऑफ हिमाचल से मशहूर राजगढ़ से आड़ू धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। लगभग तीन दशक पहले यहां चारों और आड़ू के बगीचे नजर आते थे और इन दिनों आड़ू के पौधे आड़ू से लदे होते थे। मगर अब तो कहीं-कहीं ही आड़ू के बगीचे नजर आते हैं। उसमें भी आड़ू कम ही नजर आते हैं।

पीच वैली से धीरे-धीरे आड़ू गायब होता जा रहा है। आड़ू अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। शिमला को अगर सेब उत्पादन के लिए जाना जाता है, तो सिरमौर का राजगढ़ क्षेत्र आड़ू की पैदावार के लिए मशहूर है, यहां आड़ू उत्पादकों का कहना कि आड़ू उत्पादन अब उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इसका कारण कभी किसी सरकार का आड़ू की और ध्यान ही नहीं गया। सेब की तरह अगर आड़ू का भी समर्थन मूल्य घोषित हो जाता, तो पीच वैली में आड़ू का अस्तित्व बच जाता। यहां पर फल विधायन केंद्र चालू होते, तो आड़ू उत्पादकों का आड़ू घरद्वार पर ही अच्छे दामों पर बिक जाता, मगर ऐसा हो नहीं पा रहा है। हिमाचल निर्माता व प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर वाई एस परमार ने यहां उस जमाने में ही एक फल विधायन केंद्र खोल दिया था, अगर इसी फल विधायन केंद्र को सुधारा जाता और इसकी विधायन क्षमता बढ़ाई जाती, तो आज यहां एक बड़ा फल विधायन केंद्र सुचारु रुप से चल रहा होता, जो यहां के आड़ू उत्पादकों के लिए वरदान साबित होने के साथ-साथ यहां के लोगों के लिए रोजगार का एक साधन हो सकता था। यहां जहां एक और खुले मार्केट में आड़ू का मूल्य नहीं बढ़ पाया, तो सरकारी स्तर पर भी आड़ू का समर्थन मूल्य क्षेत्र के आड़ू उत्पादकों को नहीं मिल पाया। आज से तीन दशक पहले ओपन मार्केट में आड़ू का जो मूल्य था आज भी वही है। मगर आड़ू उत्पादन से मार्केटिंग तक के खर्चों में तीन से चार गुणा तक वृद्धि हो गई, जिस कारण यहां आड़ू उत्पादकों के लिए आड़ू घाटे कि सौदा बन गया है। यहां बागवानों का कहना है कि यहां से आड़ू का विपणन दो तरह से होता है बॉक्स की पैकिंग व क्रेट की पैकिंग पेटी में लगभग 12 से 15 किलो आड़ू आता है और इस बार पेटी का रेट 400 रुपए से एक हजार प्रति पेटी मिल रहा है। इसी तरह क्रेट में 20 से 22 किलो आड़ू आता है और इस बार क्रेट का रेट छह सौ रुपए से 1500 प्रति क्रेट मिल रहा है। आड़ू का यह रेट पिछले लगभग तीन दशकों से ऐसा ही है, जबकि आड़ू उत्पादन व विपणन पर होने वाले खर्च में भारी वृद्धि देखने को मिली है, जिस कारण बागवानों को आड़ू उत्पादन पर किया खर्च भी वापस नहीं मिल पाता। (अनंत ज्ञान)


आड़ू की पैकिंग करते बागवान।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### डिएडे डि ग्रूट ने लगातार 15वां खिताब जीता



**लंदन।** डिएडे डि ग्रूट ने आल इंग्लैंड क्लब में महिला व्हीलचेयर फाइनल में अपनी छठी विंबलडन एकल ट्रॉफी जीतकर लगातार 15वां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने हमवतन नीदरलैंड की अपनी साथी खिलाड़ी एनीक वैन कूट को 6-4, 6-4 से हराया। डिएडे डि ग्रूट ने अपने लगातार मेजर खिताबों के रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए अपनी ट्रॉफियों की कुल संख्या 23 कर दी। उन्होंने 2020 के अमेरिकी ओपन के बाद से हर ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता है और उनके नाम 19 मेजर युगल खिताब भी हैं।

### 'पेरिस में भारत' मैराथन शुरू

**नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से ई-स्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आईओसी ने हाल में ई-स्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है।

### हॉकी सब-जूनियर उत्तर क्षेत्र चैंपियनशिप झांसी में

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की सब0जूनियर पुरुष और महिला उत्तर क्षेत्र चैंपियनशिप सोमवार से झांसी में आयोजित की जाएगी, जिसका फाइनल 22 जुलाई को खेला जाएगा। पुरुष वर्ग में पूल-ए में हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड जबकि पूल-बी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, दिल्ली हॉकी और हॉकी जम्मू एवं कश्मीर शामिल हैं। महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा, हॉकी उत्तर प्रदेश, हॉकी पंजाब, हॉकी हिमाचल, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड की टीम शामिल हैं। पुरुष वर्ग का पहला मैच हॉकी पंजाब और हॉकी जम्मू कश्मीर के बीच जबकि महिला वर्ग में पहला मैच हॉकी पंजाब और हॉकी हिमाचल के बीच खेला जाएगा।



### गायकवाड़ को इलाज के लिए एक करोड़

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लंदन में कैंसर का इलाज करा रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड के उपचार के लिए एक करोड रुपए जारी करने का फैसला किया है। बीसीसीआई का यह फैसला पूर्व कप्तान कपिल देव और संदीप पाटिल की भावनात्मक अपील के बाद आया है, जिन्होंने क्रिकेट बोर्ड से गायकवाड़ की मदद करने का आग्रह किया था। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने यहां जारी बयान में कहा, ''जय शाह (सचिव) ने बीसीसीआई को कैंसर से जूझ रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल एक करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश दिया है।'' भारत के पूर्व कप्तान डीके गायकवाड़ के बेटे अंशुमन गायकवाड़ लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में रक्त कैंसर का इलाज करा रहे हैं। गायकवाड़ ने 1975 से 1987 के बीच भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले। वह बाद में भारतीय टीम के कोच भी रहे।



### रंधावा सीनियर स्विस ओपन में संयुक्त छठे स्थान पर



**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** भारत के ज्योति रंधावा 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के लिए यूरोप के लीजेंड्स टूर के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सीनियर स्विस ओपन के दूसरे दौर में 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में 66 का कार्ड खेला था और दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर 5 अंडर है। पहली बार लीजेंड्स टूर में खेल रहे रंधावा ने दूसरे दौर में दो बर्डी बनाई लेकिन इसके साथ एक बोगी भी की। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी जीव मिल्खा सिंह ने पहले दौर में 68 का कार्ड खेला था लेकिन दूसरे दौर में वह अपने इस प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए और 72 का कार्ड खेलने के कारण 29वें स्थान पर खिसक गए। उन्होंने दो बर्डी, एक ईगल, चार बोगी और एक डबल बोगी की। इंग्लैंड के एंड्रयू मार्शल (66-66) और ब्राजील के एडिलसन डा सिल्वा (64-68) संयुक्त बढ़त पर हैं।

**भारत vs जिम्बाब्वे**

### टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 42 रनों से हराया, संजू सैमसन की फिफ्टी

# भारत ने 4-1 से जीती टी-20 सीरीज

**एजेंसी, हरारे**

संजू सैमसन के अर्धशतक के बाद मुकेश कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां जिंबाब्वे को पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ सीरीज 4-1 से अपने नाम की। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई।

जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरूमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया। सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिंबाब्वे की शुरुआत खराब रही। वेस्ली माधेवेर मुकेश की पारी की तीसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए।

ब्रायन बेनेट ने देशपांडे का स्वागत लगातार दो चौकों के साथ किया लेकिन मुकेश के अगले ओवर में डीप बैडवर्ड प्वाइंट पर दुबे को आसान कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज मरूमानी ने मुकेश पर लगातार दो चौके जड़े। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगली गेंद पर बोल्ड हो गया, लेकिन वह नोबॉल हो गई। मरूमानी ने रवि बिश्नोई पर दो चौके मारे जबकि इसी ओवर में मायर्स ने भी गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए।

सुंदर ने मरूमानी को पगबाधा करके जिंबाब्वे को तीसरा झटका दिया। मायर्स ने बाएं हाथ के स्पिनर अभिषेक पर छक्का और चौका मारा, लेकिन दुबे की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर अभिषेक को ही आसान कैच दे बैठे। कप्तान सिकंदर रजा (08) 14वें ओवर में दुबे के सटीक निशाने पर रन आउट हुए। दुबे ने जॉनाथन कैंपबेल (04) को स्क्वायर लेग बाउंड्री पर देशपांडे के हाथों कैच कराया।



साझेदारी के दौरान हाथ मिलाते संजू सैमसन और रियान पराग। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े।

**वॉशिंगटन सुंदर को पांच मैचों की सीरीज में 8 विकेट और 28 रन बनाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया**

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड़ ब. सिकंदर | 12 | 05 | 0/2 |
| गिल क. सिकंदर ब. एंगारावा | 13 | 14 | 2/0 |
| अभिषेक क. क्लाइव ब. मुजारबानी | 14 | 11 | 1/1 |
| सैमसन मरूमानी ब. मुजारबानी | 58 | 45 | 1/4 |
| पराग क. एंगारावा ब. ब्रेंडन | 22 | 24 | 0/1 |
| दुबे (रन आउट) | 26 | 12 | 2/2 |
| रिंकू (नाबाद) | 11 | 09 | 0/1 |
| वॉशिंगटन (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 10 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 167/6 | | |

**विकेटपतन :** 1-13, 2-38, 3-40, 4-105, 5-135, 6-153., **गेंदबाजी :** सिकंदर 4-0-37-1, एंगारावा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजारबानी 4-0-19-2, ब्रेंडन 4-0-39-1.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मधेवेर ब. मुकेश | 00 | 03 | 0/0 |
| मरूमानी पगबाधा ब. वॉशिंगटन | 27 | 24 | 5/0 |
| ब्रायन क. दुबे ब. मुकेश | 10 | 08 | 2/0 |
| मायर्स क. अभिषेक ब. दुबे | 34 | 32 | 4/1 |
| सिकंदर (रन आउट) | 08 | 12 | 0/0 |
| कैंपबेल क. देशपांडे ब. दुबे | 04 | 07 | 0/0 |
| क्वाइव क. सैमसन ब. अभिषेक | 01 | 04 | 0/0 |
| अकरम क. सैमसन ब. मुकेश | 27 | 13 | 2/2 |
| ब्रेंडन क. एंड ब. देशपांडे | 04 | 07 | 0/0 |
| मुजारबानी (नाबाद) | 01 | 02 | 0/0 |
| एंगारावा ब. मुकेश | 00 | 01 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 09 | | |
| कुल : (18.3 ओवर) | 125/0 | | |

**विकेट पतन :** 1-0, 2-15, 3-59, 4-85, 5-87, 6-90, 7-94, 8-120, 9-123, 10-125., **गेंदबाजी :** मुकेश 3.3-0-22-4,देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, वाशिंगटन 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2.

# क्रेजिसिकोवा बनी विंबलडन चैंपियन

### खिताबी मुकाबले में जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से दी मात

**एजेंसी, लंदन**

**चेक** गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम की और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। तीन साल पहले क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। तब इस 28 साल की खिलाड़ी को वरीयता नहीं मिली थी। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण आल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। क्रेजिसिकोवा ने आल इंग्लैंड के क्लब पर फाइनल में पाओलिनी पर 6-2, 2-6, 6-4 की जीत से अप्रत्याशित जीत दर्ज की।

उन्होंने अपनी मेंटोर (दिवंगत) 1998 विंबलडन चैम्पियन जाना नोवोत्ना का धन्यवाद किया जिन्होंने उन्हें पेशेवर टेनिस में आने के लिए प्रेरित किया था। टूर्नामेंट के पिछले 8 चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पाओलिनी 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।

**प्वाइंट कार्ड**

| क्रेजिसिकोवा | | पाओलिनी |
|---|---|---|
| 06 | एस | 03 |
| 04 | डब्ल फॉल्ट | 01 |
| 74% | पहली सर्व | 73% |
| 73% | पहली सर्व जीती | 66% |
| 69% | दूसरी सर्व जीती | 55% |
| 3/7 | ब्रेक प्वाइंट | 2/6 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 85 | प्वाइंट जीते | 76 |

"अभी जो हुआ यह अवास्तविक है, निश्चित रूप से मेरे टेनिस करियर का सर्वश्रेष्ठ दिन और मेरी जिंदगी का भी सर्वश्रेष्ठ दिन।'' **-बारबोरा क्रेजिसिकोवा**



### पैटन और हेलियोवारा को पुरुष युगल खिताब



**हेनरी** पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता।

### कैटरीन और टेलर को महिला युगल खिताब



**कैटरीना** सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है।

**नॉर्थ जोन महिला वुशू लीग**

# जिला कुल्लू की अवनीजा वत्स ने जीता कांस्य पदक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में आयोजित हुई नॉर्थ महिला वुशू लीग में कुल्लू जिला की अवनीजा वत्स ने कांस्य पदक हासिल किया है।



8 से 12 जुलाई तक आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू वूशु संघ महासचिव लुदर चंद ने बताया कि इस महिला वूशु लीग में जिला कुल्लू की 5 वूशु खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें अक्षिता ठाकुर, महक ठाकुर और यह दोनों वूशु खिलाड़ी भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं हैं।

उन्होंने बताया कि यह स्कूल में वूशु खेल का प्रशिक्षण ले रही हैं। वहीं, तीसरी छात्रा दिव्या राणा अक्षित वूशु स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं, जबकि चौथी छात्रा आंचल कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है, जो कि अपने स्कूल में वूशु का प्रशिक्षण ले रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में कुल्लू के विजय को गोल्ड मेडल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ऑस्ट्रेलियन फैडरेशन आई कम्पीट नैचुरल (आइसीएन) ने दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता में लगभग 300 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। काईस गांव के रहने वाले विजय ठाकुर जो विजय फिटनैस क्लब के मालिक और मास्टर ट्रेनर हैं, ने प्रतियोगिता में ओपन कैटेगरी में गोल्ड मैडल और मैन्स फिजिक्स में ब्राउन मैडल हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



**गोल्फ**

### ऑस्ट्रेलिया की स्टेफनी जापान की अयाका और अमेरिका की लॉरेन से आगे

# अदिति एवियन चैंपियनशिप में 22वें स्थान पर पहुंची

**एजेंसी, एवियन लेस बैंस (फ्रांस)**

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे दौर के आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर चार अंडर 67 का कार्ड बनाया, जिससे वह 22 पायदान की छलांग लगाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गईं। अब तक 10 से अधिक मेजर खेल चुकी अदिति का कुल स्कोर तीन दौर के बाद पांच अंडर पर है।

इससे पहले एक अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने पहले दौर में 76 के स्कोर के बाद इस प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था। इस प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 80 लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से विजेता को 12 लाख डॉलर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया की स्टेफनी काइरियाकौ जापान की अयाका फुरु और अमेरिका की लॉरेन कफलिन से एक स्ट्रोक आगे चल रही हैं।



**दीक्षा डागर ने पहले दौर के बाद प्रतियोगिता से नाम लिया था वापस**

### लाहिड़ी को स्पेन में चार शॉट की बढ़त

**सोटोग्रांडे, (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 66 का कार्ड खेलकर यहां लिव गोल्फ एंडालुसिया में चार शॉट की बढ़त हासिल कर ली और इस तरह से लिव गोल्फ सीरीज में अपने पहले खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्रशर टीम के सदस्य लाहिड़ी ने दूसरे दौर के अंतिम 13 होल में छह बर्डी बनाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की।

इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था। लाहिड़ी का स्कोर दूसरे दौर के बाद सात अंडर पर हैं। न्यूजीलैंड के डैनी ली तीन अंडर के साथ उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंदी हैं। यह भारतीय खिलाड़ी पिछले नौ साल से कोई खिताब नहीं जीत पाया है।

### अटवाल संयुक्त 59वें स्थान पर खिसके



**अक्रोन (ओहियो)।** भारतीय खिलाड़ी अर्जुन अटवाल ने 50 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के बीच खेली जा रही कौलिग गोल्फ चैंपियनशिप के तीसरे दौर में निराशाजनक प्रदर्शन किया, जिससे वह नीचे खिसक गए। अटवाल ने पहले दो दौर में 74 और 71 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर में भी उन्होंने 73 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर 8 ओवर हो गया है तथा वह संयुक्त 59वें स्थान पर खिसक गए हैं।

# कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में हराकर उरुग्वे तीसरे स्थान पर रहा

**एजेंसी, चार्लोट (अमेरिका)**

स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।

उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा।

पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज़ ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी, लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।



## न्यूज ब्रीफ

### केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति 'चिंताजनक': आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को आरोप लगाया कि न्यायिक हिरासत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को 'गंभीर' खतरा है। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमेह से पीड़ित केजरीवाल का शुगर लेवल खतरनाक रूप से कम हो गया है। आतिशी ने कहा, ''भाजपा ने केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल में डालने की साजिश रची। उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। उनका वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और सोते समय उनका शुगर स्तर पांच बार 50 से नीचे चला गया। यह विशेष रूप से मधुमेह रोगी के लिए चिंताजनक स्थिति है।'' उन्होंने कहा, ''अगर केजरीवाल को स्ट्रोक आता है, अगर उनके मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है या उन्हें स्थायी क्षति पहुंचती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? ''



### केपी शर्मा ओली नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को चौथी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।



### इटली में बंधुआ मजदूरी कराने पर दो गिरफ्तार

**रोम।** इटली के वेरोना प्रांत में 33 कृषि श्रमिकों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में दो भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी मजदूर भारतीय हैं। इससे कुछ दिन पहले एक सिख कृषि मजदूर की मौत से देश स्तब्ध हो गया था। वित्त पुलिस ने संदिग्धों की 4,75,000 यूरो की संपत्ति भी जब्त की है, जो कृषि क्षेत्र की दो कंपनियों के मालिक हैं और इनमें कोई कर्मचारी नहीं है और उन पर कर चोरी का आरोप भी है। उनके खिलाफ बंधुआ मजदूरी और श्रमिकों के शोषण सहित अन्य अपराधों के लिए जांच की जा रही है। इटली में बंधुआ मजदूरी के आधुनिक रूपों का मुद्दा हाल में 31 वर्षीय सिख कृषि मजदूर सतनाम सिंह की मौत के बाद मीडिया का ध्यान आकृष्ट किया। पिछले महीने रोम के पास लाजियो में एक मशीन की चपेट में आने से उसकी भुजा कट गई थी और नियोक्ता ने उसे उसके हाल पर छोड़ दिया। सिंह की ज्यादा खून बहने की वजह से मौत हो गई थी।

### बिजली दरों में 'वृद्धि' के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन आज

**नई दिल्ली।** भाजपा बिजली खरीद समझौता शुल्क (पीपीएसी) और अन्य अधिभार लगाने के विरोध में सोमवार को सभी 14 जिलों में प्रदर्शन करेगी। पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को यह जानकारी दी। पीपीएसी और अन्य अधिभार लगने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की दर महंगी हो गई है। सचदेवा ने दिल्ली सरकार और बिजली वितरण कंपनियों पर आरोप लगाया कि वे गर्मियों और सर्दियों की चरम मांग के लिए बिजली की पूर्व खरीद करने में विफल रहीं, जिसके कारण निवासियों को इन अतिरिक्त लागत का बोझ उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### एक्स पर मोदी के 100 मिलियन फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हुई है। उनके रविवार (14 जुलाई) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर 100 मिलियन यानि 10 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हो गए. इसके साथ वो सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले ग्लोबल लीडर बन गए। पीएम मोदी ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'इस जीवंत माध्यम पर आकर बहुत खुश हूं और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना और बहुत कुछ का आनंद लेता हूं। भविष्य में भी इसी तरह के आकर्षक समय की प्रतीक्षा कर रहा हूं।'



### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान थौबल जिले के वेथौ हिल इलाके से एक एसएमजी कार्बाइन के साथ एक मैगजीन, एक सिंगल बैरल, एक वायरलेस सेट, दो 81 मोर्टार शेल, पांच 36 एचई हैंड ग्रेनेड, दो चीनी हैंड ग्रेनेड, एक डाई मेकर ग्रेनेड, एक स्टन शेल, दो टियर स्मोक शेल, चार डेटोनेटर और पांच 9 एमएम लाइव राउंड बरामद किए गए। वहीं, हीनगांग चिंग के पूर्वी हिस्से से एक एके 56 राइफल और खाली मैगजीन, एक एसएलआर और मैगजीन, एक स्थानीय निर्मित एसएलआर और खाली मैगजीन, एक .38 पिस्तौल और खाली मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल और खाली मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और खाली मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल और मैगजीन, दो एचई 36 हैंड ग्रेनेड, बीस जिंदा राउंड गोला बारूद बरामद किया है।



### मुंबई में भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव

**मुंबई।** मुंबई में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से शहर और आसपास के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। बारिश की वजह से पश्चिम रेलवे की सेवा बाधित हो गई है। मुंबई नगर और आपदा प्रबंधन विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने और जरूरत होने पर ही घर से निकलने की अपील की है। मुंबई में रविवार सुबह से ही कई जगहों पर भारी बारिश हो रही है। मुंबई उपनगरों में सुबह 5 बजे तक 131.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि मुंबई शहर में 77.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। प्रभादेवी और दादर के बीच एक पेड़ गिरने से पश्चिम रेलवे की सेवा बाधित हो गई।



### घुसपैठ करते तीन बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर के तहत 72 वीं बटालियन सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) बोर्रा के सीमा प्रहरियों ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ करते पकड़ा है। बीएसएफ ने बांग्लादेशी नागरिक रोबीउल (31), मोहम्मद फरीद (25) और मोहम्मद सैमुल (18) को दबोचा। तलाशी लेने पर बीएसएफ ने 50 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है।


# अमेरिका : चार राष्ट्रपतियों की हत्या की गई, कई अन्य पर हुए थे हमले

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं इस प्रकार हैं।

### अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन

**अब्राहम** लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जॉन वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान वह अपनी पत्नी मेरी टॉड लिंकन के साथ वाशिंगटन के फोर्ड थियेटर में 'अवर अमेरिकन कजिन' नाटक देख रहे थे।




### अमेरिका के 20वें राष्ट्रपति एम्स गारफील्ड

**गारफील्ड** देश के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनकी कार्यभार संभालने के छह महीने बाद हत्या कर दी गई थी। वह दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी उन्हें गोली मार दी थी।

### अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैकिनले

**मैकिनले** को छह सितंबर 1901 में न्यूयॉर्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी। मैकिनले की 14 सितंबर 1901 में मौत हो गई थी।



### अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट

**रूजवेल्ट** ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। फरवरी 1933 में हुई इस घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन इसमें शिकागो के मेयर एंटन कर्माक की जान चली गई।

### अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी

**केनेडी** नवंबर 1963 में जब प्रथम महिला जैकलीन केनेडी के साथ डलास गए थे तो एक बंदूकधारी ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया था। केनेडी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई थी।



### अमेरिका के 33वें राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन

**ट्रूमैन** नवंबर 1950 में वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में थे तभी दो बंदूकधारी उसमें घुस गए थे। बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में ट्रूमैन तो बच गए थे लेकिन व्हाइट हाउस का एक पुलिसकर्मी और एक हमलावर मारा गया था।

### कुछ जानलेवा हमले में हुए थे घायल

अमेरिका के 38वें राष्ट्रपति गेराल्ड फोर्ड पर 1975 में कुछ ही हफ्तों के भीतर दो जानलेवा हमले किए गए थे और वह दोनों घटना में बच गए। अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन मार्च 1981 में वाशिंगटन में भाषण देकर निकल रहे थे तभी भीड़ में शामिल जॉन हिंकले जूनियर ने उन्हें गोली मार दी। वह उपचार के बाद स्वस्थ हो गए थे। अमेरिका के 43वें राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश 2005 में जॉर्जिया के राष्ट्रपति मिखाइल साकाश्विली के साथ एक रैली में भाग ले रहे थे तभी उनकी ओर एक हथगोला फेंका गया। हथगोला फटा नहीं था । राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी थियोडोर रूजवेल्ट रूजवेल्ट को 1912 में मिलवाकी में प्रचार के दौरान गोली मारी गई थी। उन्हें इस हमले में कोई गंभीर चोट नहीं आई थी।

## अकाल तख्त के जत्थेदार का आह्वान

# सिख अलगाववादियों की तस्वीरें संग्रहालय में लगाएं

एजेंसी, अमृतसर

अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) से स्वर्ण मंदिर परिसर के केंद्रीय सिख संग्रहालय में तीन खालिस्तानी अलगाववादियों की तस्वीरें लगाने का आह्वान किया है।

हरदीप सिंह निज्जर, परमजीत सिंह पंजवार और गजिंदर सिंह को सिख समुदाय का 'शहीद' करार देते हुए अकाल तख्त के जत्थेदार ने एसजीपीसी से इन तीनों की तस्वीरें संग्रहालय में लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी को 'सिख समुदाय के प्रति तीनों के बलिदान एवं योगदान को ध्यान में रखते हुए' उनकी तस्वीरें लगानी चाहिए।

'दल खालसा' का संस्थापक गजिंदर सिंह 1981 में लाहौर में भारतीय विमानन कंपनी के विमान का अपहरण करने के पांच आरोपियों में एक था। पाकिस्तान में हाल में 74 साल की उम्र में कथित रूप से दिल का दौरा पड़ने से उसकी मृत्यु हो गई।

भारत ने 2002 में 20 अतिवांछित आतंकवादियों की सूची में गजिंदर का नाम भी शामिल किया था। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के बाहर हत्या कर दी गयी। भारत में जन्मा निज्जर 1990 के दशक के मध्य में कनाडा चला गया था।

पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की 'संभावित' संलिप्तता का आरोप लगाया था और तब भारत और कनाडा के बीच रिश्ते में खटास आ गयी थी।

भारत ने ट्रूडो के आरोप को 'बकवास' करार दिया था। परमजीत सिंह पंजवार (63) पिछले साल पाकिस्तान में मारा गया। पंजवार प्रतिबंधित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स- पंजावर समूह' का प्रमुख था। भारत ने जुलाई, 2020 में जब उसे अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आतंकवादी करार दिया था।

## एयर शो में सुखोई और राफेल की जोड़ी ने दिखाए आसमानी करतब

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर सहारनपुर के सरसावा स्टेशन में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' समारोह शुरू किया है, जो 26 जुलाई तक चलेगा। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सैनिक एक चॉपर से रस्सी के सहारे लटक कर हवा में उड़े, जिसे देखने के बाद दर्शकों का जोश हाई हो गया।

एयर शो में फाइटर जेट सुखोई, राफेल, जगुआर, एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर, एएन-32 और डोर्नियर विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। एक तरफ वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने साथ उड़ान भरी तो दूसरी तरफ फाइटर जेट आसमान को चीरते हुए ऊपर निकल गए।

भारतीय वायु सेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है, जिन्होंने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी। पाकिस्तान पर भारत की यह तीसरी जीत वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था।

कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायु सेना ने 16 हजार फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने में अपनी सैन्य क्षमता का प्रमाण दिया है। इस युद्ध के दौरान दुश्मन को निशाना बनाने में अद्वितीय परिचालन बाधाएं थीं। इसके बावजूद दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में लड़े गए इस युद्ध को जीतने के लिए ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग में भारतीय वायु सेना का स्थान श्रेष्ठ रहा।

## इमरान खान एवं उनकी पत्नी को 8 दिन की हिरासत में भेजा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित भ्रष्टाचार के एक नए मामले की जांच के वास्ते रविवार को आठ दिनों की हिरासत के लिए भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को सौंप दिया। जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को गैर इस्लामी शादी मामले में दोनों की दोषसिद्धि खारिज कर दी थी जिसके शीघ्र बाद उन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने गिरफ्तार कर लिया था। खान दंपती के विरूद्ध नया तोशखाना मामला दर्ज करने वाली एनएबी ने रविवार को दोनों को जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अली वारिच के सामने पेश किया था।

# बीएमडब्ल्यू को खराब कार के लिए देना होगा 50 लाख का मुआवजा

एजेंसी, नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 2009 में विनिर्माण संबंधी गड़बड़ी वाली कार की आपूर्ति करने पर, एक ग्राहक को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें प्रमुख कार निर्माता कंपनी के खिलाफ अभियोजन को रद्द कर दिया गया था और कंपनी को दोषपूर्ण वाहन के स्थान पर शिकायतकर्ता को नया वाहन देने को कहा गया था।



पीठ ने 10 जुलाई के अपने आदेश में कहा, ''इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, हमारा विचार है कि निर्माता 'बीएमडब्ल्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' को विवादित सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटान में 50 लाख रुपए की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। निर्माता को यह राशि 10 अगस्त 2024 या उससे पहले शिकायतकर्ता को देनी होगी।''

पीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि जून-जुलाई 2012 में ही कार निर्माता ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुराने वाहन को एक नए वाहन से बदलने की पेशकश की थी। हालांकि, शिकायतकर्ता ने इस पर सहमति नहीं जताई। अगर शिकायतकर्ता ने वाहन का इस्तेमाल किया होता, तो आज की तारीख तक उसका मूल्य कम हो गया होता।''

## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अप्रैल-जून में भारत का निर्यात सकारात्मक : पीयूष

एजेंसी, नई दिल्ली

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मई में भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई है और जून तथा पहली तिमाही में यह सकारात्मक रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र की वृद्धि की वजह से देश के निर्यात को सकारात्मक दायरे में रखने में मदद मिल रही है। गोयल ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि मई में निर्यात सकारात्मक रहा है, जून का और पहली तिमाही का आंकड़ा भी सकारात्मक दायरे में है। मई में भारत का वस्तुओं का निर्यात 9.1 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान निर्यात 5.1 प्रतिशत बढ़कर 73.12 अरब डॉलर रहा है।



वाणिज्य मंत्रालय आधिकारिक रूप से जून के निर्यात के आंकड़े 15 जुलाई को जारी करेगा। रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के मुद्दों के बावजूद हमारा निर्यात सकारात्मक दायरे में है। हमारे साथ एक और लाभ की स्थिति सेवा निर्यात की तेज वृद्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन से सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिला है।

### 4जी और 5जी की पेशकश से भी सेवा निर्यात में मिल रही मदद

गोयल ने कहा कि देश में 4जी और 5जी की पेशकश से भी सेवा निर्यात में मदद मिल रही है। पिछले महीने गोयल ने कहा था कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का माल और सेवा निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मंदी की स्थिति में सुधार होने लगेगा और अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें कम होने लगेंगी, तो विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ेगा।

### सोमालिया में कैदियों और सुरक्षाबलों में गोलीबारी आठ लोगों की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में सुरक्षाबलों और भागने का प्रयास कर रहे कैदियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में पांच कैदियों और तीन सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य कैदी घायल हुए हैं। कस्टोडियल कोर कमांड के प्रवक्ता अब्दिकानी मोहम्मद खलफ ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान तीन सैनिक भी घायल हुए हैं। सेंट्रल जेल से भागने का प्रयास कर रहे हथियारों से लैस कैदी अल-शबाब आतंकवादी समूह के सदस्य थे। जेस से भागने के प्रयास के दौरान जेल अधिकारियों और कैदियों के बीच गोलीबारी हुई। जेल अधिकारियों ने कहा कि जांच कर रहे हैं कि कैदियों ने भागने के लिए हथियार और हथगोले कैसे हासिल किए।

## एनआरए की निष्क्रियता पर सरकार दे स्पष्टीकरण : खड़गे

एजेंसी, नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार साल पहले जिस एजेंसी को देश के करोड़ों युवाओं के लिए वरदान बता रहे थे, वह आज किस वजह से निष्क्रिय हुई है, इस बारे में सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए।



खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी शनिवार को मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की घोषणा करते हुए आपने क्या कहा था। अगस्त 2020 में कहा था कि एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा और कीमती समय के साथ-साथ संसाधनों की बचत करेगा व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। एनआरए ने पिछले चार साल से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। क्यों एनआरए को 1,57.57 करोड़ का फंड मुहैया कराने के बावजूद चार साल में सिर्फ 58 करोड़ रुपए ही खर्च हुए। क्या जानबूझकर इसको निष्क्रिय रखा गया, ताकि एससी/एसटी, ओबीसी युवाओं से उनके आरक्षण का हक छीना जा सके।

## आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार : एआईएफटीपी

एजेंसी, कोलकाता

प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है।

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपए करना चाहिए। उन्होंने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जैन ने कहा कि पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपए के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख से 20 लाख के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए।

## परमाणु हथियार का इस्तेमाल किया तो प्योंगयांग को कर देंगे तबाह

एजेंसी, सोल

**दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को दी चेतावनी**

दक्षिण कोरिया ने रविवार को चेतावनी दी कि यदि उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो वह पड़ोसी देश के शासन को तबाह कर देगा।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम कड़ी चेतावनी देते हैं कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के बाद उत्तर कोरिया के शासन के बचने की कोई सूरत ही नहीं होगी। सोल की तरफ से यह बयान उत्तर कोरिया के शनिवार को जारी एक बयान की प्रतिक्रिया में दिया गया है। प्योंगयांग ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु ऑपरेशन और परमाणु निषेध के बारे में दिशा-निर्देश जारी करने की आलोचना करते हुए इसे उकसावे की कार्रवाई बताया था। उत्तर कोरिया ने कहा था कि सोल और वाशिंगटन को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। दिशा-निर्देशों पर हस्ताक्षर की तारीफ करते हुए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चेतावनी दी थी कि उत्तर कोरिया की तरफ से दक्षिण कोरिया के खिलाफ किसी भी परमाणु हमले के खिलाफ त्वरित, कठोर और निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि अव्वल तो, उत्तर कोरिया की तरफ से परमाणु खतरा नहीं होता तो इस संयुक्त दिशा-निर्देश की जरूरत ही नहीं होती। उत्तर कोरिया की बढ़ती परमाणु क्षमता और परमाणु धमकियों के मद्देनजर दक्षिण कोरिया-अमेरिका संगठन की ओर से उठाया गया यह कदम उचित है।

**आंकड़े** तिपहिया वाहनों को छोड़कर 11,92,577 इकाई रहा निर्यात, पिछले वर्ष की तुलना में इजाफा

# देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में 15.5 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

**देश** से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,52,156 इकाई था। समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मारुति ने 62,857 वाहनों का निर्यात किया था। अप्रैल-जून में हुंदै मोटर का निर्यात 42,600 इकाई रहा। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी ने 35,100 इकाइयों का निर्यात किया था।



तिमाही के दौरान देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 17 प्रतिशत बढ़कर 9,23,148 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,91,316 इकाई रहा था।

### वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात आठ फीसदी बढ़ा

वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 15,741 इकाई हो गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 14,625 इकाई था। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में तिपहिया वाहनों का निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 71,281 इकाई रह गया। एक साल पहले समान तिमाही में 73,360 तिपहिया का निर्यात हुआ था। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह उद्योग के लिए अच्छा संकेत है कि निर्यात का आंकड़ा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा संकेत है कि निर्यात अपने निचले स्तर से उबर आया है, खासकर वाणिज्यिक वाहन खंड। इस साल पहली तिमाही से वृद्धि दिखनी शुरू हो गई है।

# 15 दिन में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

एजेंसी, जम्मू

**29** जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से पिछले 15 दिनों में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि पिछले 15 दिन के दौरान लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। वहीं, रविवार को अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 4,889 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रविवार तड़के जम्मू से रवाना हुआ। सभी तीर्थयात्री कश्मीर के बालटाल और पहलगाम आधार शिविर पहुंचने के बाद, 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए रवाना होंगे।



500 महिलाओं और 11 बच्चों सहित 2,993 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है, जबकि 1,896 तीर्थयात्री अपेक्षाकृत छोटे (14 किलोमीटर लंबे) बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे।